# GORAKHPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-06-2022

# सीसी कैमरे, ड्रोन से संवेदनशील स्थलों की निगरानी

- जुमे की नमाज को लेकर सतर्कता, अप्रिय स्थिति होने पर कड़ाई से निपटने के निर्देश
- अपर मुख्य सचिव गृह व डीजीपी ने की जिलों की समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : 10 जून को जुमे की नमाज के बाद प्रयागराज, सहारनपुर, हाथरस सहित कई जिलों में हुई हिंसा के बाद सरकार इस बार और भी अधिक सतर्क हो गई है। सरकार ने 17 जून को जुमे की नमाज को लेकर प्रदेश भर में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। जिला व पुलिस प्रशासन को हर हाल में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कहा गया है। संवेदनशील स्थलों पर वरिष्ठ अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। सीसीटीवी कैमरे, वीडियो कैमरे व ड्रोन से निगरानी की जाएगी। अप्रिय स्थिति होने पर पुलिस को कड़ाई से निपटने के निर्देश दिए गए हैं।

पिछले जुमे की नमाज के बाद एकत्रित भीड़ ने कई जगह पत्थरबाजी की थी। पिछले अनुभवों से सीख लेते हुए सरकार इस बार ज्यादा सतर्क है। गुरुवार को गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अवनीश कुमार अवस्थी एवं पुलिस महानिदेशक डीएस चौहान ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए मंडलों, जोन, रेंज एवं जनपदों की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की शिथिलता पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसमें बताया गया कि प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने सभी प्रमुख धर्म गुरुओं से संवाद कर शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग मांगा है। थाना स्तर पर पीस कमेटी की बैठकों का आयोजन किया गया है तथा सिविल डिफेंस के कर्मियों को भी शांति व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

अपर मुख्य सचिव व डीजीपी ने कड़ी सतर्कता बरतने तथा अप्रिय स्थिति से कड़ाई से निपटने के निर्देश दिए हैं। सभी जिलों में पुलिस द्वारा फुट पेट्रोलिंग व अर्द्ध सैनिक बलों का फ्लैग मार्च करवाने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों से यह भी अपेक्षा की गई है कि वह पिछले अनुभवों से सीख लेते हुए समुचित पुलिस प्रबंधन की व्यवस्था करें। सभी अधिकारी संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर शांति व्यवस्था बनाए रखने के प्रबंध सुनिश्चित करें।

प्रयागराज में पोस्टर लगते ही घर से भागे उपद्रवी >> 11

## 130 कंपनी पीएसी, 10 कंपनी आरएएफ

एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया संवेदनशील जिलों के लिए 130 कंपनी पीएसी व 10 कंपनी रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) का बंदोबस्त किया गया है। रणनीति के तहत पुलिस की तैनाती की गई है। पुलिस अधिकारी शांति और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए मौलवियों और अन्य समूह के नेताओं के संपर्क में हैं।

## महिलाएं हेल्पलाइन पर बिना डरे बताएं अपनी समस्या

बासगांव : बांसगांव थाने पर तैनात महिला कांस्टेबल स्नेहा व सोनम ने कहा की महिलाएं अपनी समस्याएं बिना संकोट एवं झिझक के हेल्प लाइन पर बताएं। वे गुरुवार को महाविद्यालय भटवली बाजार में मिशन शक्ति के तहत महिला सुरक्षा और जागरुकता विषय छात्राओं को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपनी भावनाओं पर भी काबू रखने से बहुत सारी समस्याओं का समाधान हो सकता है। इंटरनेट मीडिया का उपयोग बहुत ही सावधानी से किया जाना चाहिए। ताकि इसका कोई गलत लाभ न उठा सके। इसके साथ ही उन्होंने कालेज की छात्राओं को थाने में महिला हेल्प डेस्क के बारे में भी अवगत कराया। कहा कि अगर कोई छात्रा अपनी समस्या बताती है तो उसकी पहचान को गोपनीय रखा जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डा.धनंजय सिंह ने तथा संचालन मुख्य नियंता डा.अनूप कुमार श्रीवास्तव ने किया। (जासं)

## साइबर सेल ने 87 हजार रुपये वापस कराए

गोरखपुर। साइबर सेल की टीम ने बृहस्पतिवार को ऑनलाइन ठगी के शिकार तीन लोगों के 87,437 रुपये वापस कराए।

टीम के इंस्पेक्टर सुनील कुमार पटेल ने बताया कि ऑनलाइन फीस डिपॉजिट करने की प्रक्रिया जानने व ऑनलाइन पेमेंट करने के नाम पर खोराबार के आत्मदीप स्कूल के विजय कुमार पांडेय के खाते से 11,500 रुपये निकाले गए थे।

वहीं जालसाजों ने ओ लेबल-कंप्यूटर कोर्स में एडमिशन कराने के लिए रुपये भेजने के लिए खोराबार के सुधीर सिंह के खाते से 35,000 रुपये निकाल लिए थे।

इसके अलावा क्रेडिट कार्ड से 40,937 रुपये किसी अज्ञात ने कोतवाली के बीनू सिंह के खाते से निकाले थे। साइबर टीम ने तीनों के पूरे रुपये वापस करा दिए। ब्यूरो

## अपहरण व छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

**गोरखपुर।** बड़हलगंज पुलिस ने अपहरण व छेड़खानी करने के आरोपी को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान सुनील यादव के रूप में हुई। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया। ब्यूरो

## 25 हजार का इनामी पकड़ा गया

**बड़हलगंज।** पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनामी गैंगस्टर आरोपी दुर्गेश यादव को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी भैंसवली गांव का निवासी है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया। ब्यूरो

## कच्ची शराब के दो धंधेबाज पकड़े गए

**गोरखपुर।** बेलघाट पुलिस ने कच्ची शराब बनाने के धंधेबाज संतकबीरनगर के घघनघटा निवासी दिवान चंद और बेलघाट के रापतपुर निवासी लक्ष्मीना को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से 40 लीटर शराब, यूरिया और नौसादर बरामद किया। ब्यूरो

# चोरी की तीन बाइक के साथ दो युवक गिरफ्तार

गोरखपुर। कैंपियरगंज पुलिस ने चोरी की तीन बाइक के साथ दो युवकों को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान बताया कि पहले आर्केस्ट्रा में गाना गाते थे। जिस गांव में शादी विवाह में वे आर्केस्ट्रा में गाना गाने जाते वहीं से रात के समय सबके सोने के बाद बाइक चोरी कर लेते थे। बाइक को नेपाल में बेच दिया जाता था। पकड़े गए आरोपियों की पहचान कैंपियरगंज के अडरिया गांव निवासी शरीफ और शुभम मद्धेशिया के रूप में हुई। एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी ने प्रेस कांफ्रेंस कर पकड़े गए बदमाशों के बारे में जानकारी दी। बताया कि कैंपियरगंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रेलवे क्रॉसिंग के पास से चोरों को गिरफ्तार किया। दोनों के पास से चोरी हुई तीन बाइक बरामद की गई। ब्यूरो

# युवती को लेकर फरार, केस दर्ज

गुलरिहा। इलाके के एक मुहल्ले से युवती को लेकर शनिवार रात युवक फरार हो गया। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन पता नहीं चला। आरोप है कि युवक के घरवालों से पूछने पर परिजनों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने बहला फुसला कर भगाने और धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ब्यूरो





घंटाघर, बड़ी मस्जिद शाहमारुफ, रेती सहित विभिन्न क्षेत्रों की पैदल गस्त कर निरीक्षण करते डीएम कृष्णा करुणेश, एसएसपी डॉ विपिन ताडा व अन्य। संवाद

# सतर्कता : जिले में सड़क से लेकर आसमान तक से होगी निगरानी

## दंगा नियंत्रण का किया अभ्यास, एसएसपी समेत सभी अफसरों ने किया रूट मार्च

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर पुलिस-प्रशासन ने विशेष सतर्कता बरती है। ड्रोन की मदद से आसमान से तो सड़कों पर पुलिस फोर्स की तैनाती की जाएगी। बृहस्पतिवार को पीस कमेटी की बैठक के बाद सड़कों पर निकले एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने लोगों से बातचीत कर सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

डीएम कृष्णा करुणेश, एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने फ्लैग मार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया। उधर, ड्रोन की मदद से गोरखनाथ इलाके में भी एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने सुरक्षा परखी है। शहर में जिनके भी छत पर ईंट-पत्थर मिले हैं, सभी को पुलिस पाबंद करने के साथ ही चेतावनी दी है।

जानकारी के मुताबिक, पुलिस लाइंस परेड ग्राउंड में शांति-व्यवस्था के मद्देनजर मॉक, बलवा ड्रिल का अभ्यास किया गया। बलवा ड्रिल में एंटी राइट गन, अश्रु गैस गन आदि दंगा नियंत्रण उपकरणों को चलाकर अभ्यास किया गया। एसएसपी ने बताया कि कानून के दायरे में विधि अनुसार ही इस प्रक्रिया को प्रयोग में लाया जाए। कहा, जितने भी दंगा नियंत्रण के उपकरण हैं, उन्हें चेक करके तैयार रखें, ताकि जब इसकी आवश्यकता हो तो बिना दंगा नियंत्रण उपकरण के कोई भी भीड़ में ना जाए। एनेक्सी भवन में पीस कमेटी के साथ डीएम और एसएसपी ने बैठक की। इस दौरान प्रतिभाग करने वाले संभ्रांत व्यक्तियों से मिले सुझाव पर भी कार्रवाई करने का अफसरों ने आश्वासन दिया।





एसपी सिटी ने ड्रोन कैमरे की मदद से गोरखनाथ मंदिर पुलिस चौकी से क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों की निगरानी की। संवाद



गोरखनाथ क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों की जांच ड्रोन कैमरे से की गई। संवाद

### मस्जिद और संवेदनशील स्थानों पर रहेगी फोर्स

*सभी थाना प्रभारियों को स्वविवेक से नमाज शांतिपूर्ण अदा कराने का निर्देश दिया गया। एसएसपी ने बताया कि सभी संवेदनशील स्थानों पर भारी संख्या में पुलिस बल, एलआईयू, ट्रैफिक पुलिस व पीएसी के जवानों की तैनाती की जाएगी। साथ ही सोशल मीडिया पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है, जो भी व्यक्ति आपत्तिजनक पोस्ट, भ्रामक व अफवाह पोस्ट करेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।*

# युवक की हत्या के चार आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

**गोरखपुर।** गीडा पुलिस ने बेलीपार के चनउर निवासी हेमंत निषाद (22) की हत्या के चार आरोपियों को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया। मंगलवार रात फावड़े और रॉड से मारकर हत्या कर दी गई थी। पकड़े गए आरोपी की पहचान राहुल, बासमती, कुसुम और मीनाक्षी के रूप में हुई। जानकारी के मुताबिक, पड़ोही निषाद का बेटा हेमंत उर्फ शेरू के भाई चंदन की ससुराल गीडा इलाके के बरहुआं में है। मंगलवार रात हेमंत अपने भाई के ससुराल में आयोजित बहूभोज कार्यक्रम में शामिल होने आया था। रात करीब 12 बजे हेमंत बाइक से घर के लिए निकला। इस दौरान उसे छह लोगों ने घेर लिया और रॉड व फावड़े से हमला बोल कर हत्या कर दी थी। ब्यूरो

## दंगा नियंत्रण की तैयारी : पुलिस-प्रशासन की टीम ने परेड ग्राउंड में किया अभ्यास





पुलिस लाइंस स्थित परेड ग्राउंड में बृहस्पतिवार को पुलिस ने दंगा नियंत्रण का अभ्यास किया। अभ्यास के दौरान जिले के सभी थानों की पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिस अधिकारी व कर्मियों को दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ अभ्यास कराया गया। दंगा नियंत्रण उपकरणों के बारे में जानकारी के साथ-साथ उपस्थित पुलिसकर्मियों को बलवाइयों/अराजकतत्वों से निपटने के लिए शस्त्राभ्यास कराया गया।







दंगा नियंत्रण के लिए पुलिस परेड ग्राउंड में चल रहे अभ्यास को देखने पहुंचे जिलाधिकारी एवं एसएसपी। अमर

# माहौल बिगाड़ने वाले की खैर नहीं : एसडीएम

फुटहवा ईनार (एसएनबी)। उपजिलाधिकारी चौरी चौरा रजत वर्मा ने गुरुवार को चौरी चौरा थाना प्रांगण में आगामी जुमा की नमाज को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से विभिन्न संप्रदायों के धर्मगुरुओं के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश देते हुए शांति पूर्ण ढंग से जुमा की नमाज को अदा करने की अपील किए। सीओ चौरी चौरा डाक्टर अखिलानंद उपाध्याय ने कहा कि आप लोगों को किसी प्रकार की कोई समस्या हो तत्काल पुलिस को सूचना दे। प्रशासन के आदेशों का उल्लघंन करने वालो के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। एसडीएम ने गोष्ठी के दौरान उपस्थित सभी सम्प्रदाय के धर्मगगुरूओ से अपील करते हुए कहा कि आप लोग जुमा की नमाज को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए। माहौल को विगाड़ने तथा अराजक तत्वों के लोगो के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की सख्त हिदायत भी दिया गया। बैठक में उपस्थित थाना क्षेत्र में संचालित मदरसों के संचालकों को भी आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि आप लोग नियमानुसार शांति पूर्ण ढंग से जुमे की नमाज को अदा कराए। एसडीएम, सीओ, थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाण्डेय मय फोर्स के साथ बैठक के भ्रमण करते हुए क्षेत्र के ग्राम चौरी, भोपा चौराहा, मुंडेरा वाजार में स्थित मदरसा, साथरी सहित अन्य स्थानों की गहन जांच पड़ताल भी किया गया।

# मोबाइल छीनकर भागने वाला धराया

गोरखपुर (एसएनबी)। घर पर चढ़कर गालीगलौज व जानमाल की धमकी देने वाला मोवाइल छीनकर भाग गया। इधर घटना की जानकारी पाकर पहुंची असुरन चौकी की पुलिस ने उसे दवोच लिया। पीड़ित ने तहरीर दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

धर्मपुर थाना शाहपुर निवासी नवीन कुमार श्रीवास्तव पुत्र नवल किशोर श्रीवास्तव के दरवाजे पर गुरूवार की शाम राजा भारती पुत्र रामचंद्र भारती जो धर्मपुर का ही रहने वाला है पहुंचा। वहां उसने अकारण गालीगलौज की और जानमाल की धमकी दी। विरोध करने दौरान ही उसने नवीन का मोवाइल छीन लिया और भाग निकला। इधर पीड़ित ने इसकी जानकारी असुरन चौकी प्रभारी पप्पू राय को दी। जानकारी पाकर चौकीप्रभारी अपनी टीम संग मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की। इस दौरान पुलिस टीम उसने घर पहुंची तो राजा भारती पकड़ा गया। पुलिस ने मोवाइल वरामद कर लिया और उसको लेकर थाने चली गई। पीड़ित नवीन ने तहरीर दे दी है जिसकी शाहपुर पुलिस जांच कर रही है।

# साइबर सेल ने पीड़ितों को लौटाए 87437 रुपए

गोरखपुर (एसएनबी)। साइबर अपराधियों द्वारा विभिन्न तरीकों से झांसा देकर लोगों के खाते से ऑनलाइन लाखों की ठगी की जा रही है। इस संबंध में एसएसपी ने जिले की साइबर सेल शाखा को घटनाओं का राजफाश करने और लोगों का पैसा वापस खाते में दिलाने के लिए लगाया गया है।

**अपराधियों ने ऑनलाइन की थी धोखाधड़ी**

एसएसपी के निर्देश पर साइबर सेल की टीम में शामिल प्रभारी साइबर क्राइम सेल निरीक्षक सुनील कुमार पटेल, आरक्षी शशि शंकर राय, आरक्षी शशिकांत जायसवाल, आरक्षी पंकज कुमार गुप्ता, म0आ0 नीतू नाविक व म0आ0 दिव्या अग्निहोत्री साइबर क्राइम सेल ने अपने प्रयास से तीन लोगों का पैसा उनके खातों में वापस पहुंचाया। आत्मदीप स्कूल थाना खोरावार के विजय कुमार पाण्डेय से ऑन लाइन फीस डिपॉजिट करने की प्रक्रिया जानने और आनलाइन पेमेंट करने के नाम पर खाते से 11500 रुपए, खोरावार के सुधीर सिंह के खाते से कंप्यूटर कोर्स मे एडमिशन कराने के लिए पैसे भेजने के वजाए खाते से 35000 रुपए निकाले जाने और कोतवाली की वीनू सिंह के क्रेडिट कार्ड से 40937 रुपए निकाले जाने की साइबर सेल को शिकायती प्रार्थनाप्पत्र मिला था। तीनों पीड़ितों का पैसा उनके खाते में वापस कराया गया। तीनों पीड़ित गुरुवार को साइबर सेल, अपराध शाखा गोरखपुर कार्यालय पर पहुंचकर मौजूद पुलिस उच्चाधिकारी व साइबर सेल गोरखपुर पुलिस टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद पत्र दिया।

# देवी देवताओं का अपमान करने वालों पर लगे रासुका

गोरखपुर (एसएनबी)। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने देशव्यापी प्रदर्शन क्रम में गुरुवार को गोरखपुर में भी प्रदर्शन किया। उन्होंने इस्लामिक कट्टरता और हिंसा करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने तथा देवी देवताओं का अपमान करने वालों पर रासुका लगाने की मांग की। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को संबोधित सात सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी को सौंपा।

महानगर में विहिप प्रांत कार्यालय पर बजरंग दल के प्रांत संयोजक पूर्णेन्दु शाही एवं सह संयोजक दुर्गेश त्रिपाठी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी व प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि वर्ष प्रतिपदा एवं भगवान श्रीराम के प्रकटोत्सव श्रीराम नवमी पर देश भर में शोभा यात्राओं पर पथराव और हमले किए गए जिसके कारण अनेक स्थानों पर कर्फ्यू लगाना पड़ा। कुछ स्थानों पर श्री हनुमान जयंती की शोभायात्राओं पर भी पथराव हुआ। हिजाब विवाद के समय भी कर्नाटक में बजरंग दल कार्यकर्ता हर्षा की निर्मम हत्या की गई। नुपुर शर्मा एवं नवीन जिन्दल के बयान को लेकर मस्जिदों से हमले कर हिन्दुओं को निशाना बनाया गया। प्रदर्शन में प्रांत संगठन मंत्री परमेश्वर कुमार, अश्वनी ओझा, मनोज गौड़, अभय शाही, ज्योति नारायण, सत्यव्रत सिंह, आलोक, नवीन चंद्र पांडेय, सूर्यनाथ सिंह, प्रमोद शुक्ला, शुभम पांडेय, अभिषेक पांडेय, प्रणव, राहुल गुप्ता, रोहित, रितु सिंह, अभिलाषा त्रिपाठी, रमेश दुबे, रोहित कुमार पांडेय, प्रभाकर शाही एवं देवेश वैश्य आदि शामिल थे।

# नयी पीढ़ी को बनाना होगा नशामुक्त

गोरखपुर (एसएनबी)। स्टेपिंग स्टोन कालेज के प्रांगण में यातायात पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता अभियान तथा नशीले एवं मादक पदार्थों से मुक्ति हेतु जागरूकता के लिए वृहस्पतिवार को सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक यातायात डा. एमपी सिंह, स्टेपिंग स्टोन कालेज के प्रिंसिपल तथा यातायात निरीक्षक मनोज राय व शिक्षक तथा छात्र उपस्थित रहे।

इस कार्यशाला का उद्देश्य स्कूली वच्चों को मादक पदार्थों के चंगुल से बचाना है जिससे नयी पीढ़ी को नशा मुक्त वनाकर एक स्वस्थ समाज की स्थापना की जा सके। एसपी ट्रैफिक ने शिक्षकगण व वच्चों को संवोधित करते हुए यह वताया कि मादक पदार्थ का सेवन करने से शारीरिक स्वास्थ्य के साथ के साथ-साथ मानसिक विकास एवं सही निर्णय लेने की क्षमता को भी प्रभावित करता है। नशे की हालत में वाहन चलाते समय दुर्घटना की संभावना वनी रहती है। मादक पदार्थ का सेवन करने वाले व्यक्ति नशे को प्राप्त करने के लिए अपराध भी करने लगते हैं तथा दोस्तों ,परिवार तथा समाज से दूरी वनाने लगते हैं। उन्होंने वताया गया कि स्कूल के 100 मीटर के दायरे में कोई भी मादक पदार्थ के दुकान नहीं होनी चाहिए और यदि आपको कहीं दिखाई देता है तो इसकी सूचना यातायात पुलिस के हेल्पलाइन नंवर 8081208567 पर तुरंत दें जिससे कार्यवाही की जा सके। यदि आप किसी व्यक्ति को नशे के कारोवार में लिप्त हुए या नशीले पदार्थ या कोई प्रलोभन वच्चों को देते हुए देखते हैं तो वीडियो वनाकर अथवा फोटो खींचकर इस नंवर पर भेज सकते हैं। मादक पदार्थों का सेवन करने वाले वच्चे अपने माता पिता भाई वहन और जितने भी करीवी होते हैं उनको शारीरिक एवं मानसिक रूप से चोट पहुंचाते हैं। किसी भी प्रकार का नशा करने से दिमाग कमजोर हो जाता है तथा विभिन्न प्रकार के वीमारियां उत्पन्न होती हैं। जिससे व्यक्ति की मृत्यु की संभावना वढ़ जाती है इसलिए किसी भी प्रलोभन में ना आकार युवकों को पहले वार में ही ना कह देना चाहिए ।

**एसपी ट्रैफिक ने स्कूली बच्चो को ट्रैफिक नियमों के बारे में किया जागरुक**

**वच्चों ने भी किए सवाल**

वच्चों के पूँछने पर एसपी ट्रैफिक ने वताया कि 16 वर्ष पूर्ण होने पर विना गियर के वाइक अथवा स्कूटी चला सकते हैं जिसके लिए लाइसेंस की आवश्यकता होती है। वच्चों द्वारा यह पूछा गया कि क्या हम अपने वाइक में वदलाव कर सकते हैं उसके जवाव में पुलिस अधीक्षक यातायात ने वताया की किसी भी वाहन में वदलाव करना दंडनीय अपराध है। भारत में मादक पदार्थ का सेवन करने पर कैंसर तथा हार्ट अटैक होने से अधिक मृत्यु हो रही है।

**21 चौराहों पर आईटीएमएस के जरिए हो रही निगरानी** : यातायात निरीक्षक मनोज राय द्वारा वताया गया कि गोरखपुर शहर के 21 चौराहों पर आईटीएमएस द्वारा कैमरा के जरिए यातायात को कंट्रोल किया जा रहा है। जिससे यातायात का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों को दंडित किया जाता है। यदि आप विना हेलमेट विना सीट वेल्ट चलते हैं तो आईटीएमएस द्वारा आपका चालान किया जाता है आप वच कर नहीं जा सकते है। कम उम्र के लड़कों द्वारा वाइक स्टंट अधिक किया जाता है जिससे ज्यादातर दुर्घटना होती है इससे आप लोग वचे। स्टंट करने पर 5000 रुपए का चालान किया जाता है। यह भी वताया कि आप लोग अच्छे लोगों के साथ रहे क्योंकि संगत का असर पड़ता है। चार पहिया वाहन में ड्राइवर के साथ साथ वगल में वैठे व्यक्ति द्वारा भी सीट वेल्ट का प्रयोग किया जाना चाहिए क्योंकि दुर्घटना होने पर वाहन में वैठे सभी व्यक्तियों की हानि होती है।

# डीएम-एसएसपी की अगुवाई में कोतवाली क्षेत्र में गश्त

गोरखपुर (एसएनबी)। डीएम कृष्णा करुणेश और एसएसपी डा. विपिन



टाडा की अगुवाई में फोर्स ने कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले संवेदनशील स्थलों पर गश्त किया। जिन स्थानों पर जुमे की नमाज होनी है वहां के धर्मगुरुओं और विशिष्टजनों से मुलाकात कर शहर में अमन चैन बनाए रखने की अपील की। पैदल गश्त के दौरान जामा मस्जिद के धार्मिक गुरु से वार्तालाप कर सुझाव का आदान प्रदान किया गया एवं आम जनता से संवाद स्थापित कर सामाजिक शांति, सद्भाव बनाए रखने हेतु अपील की गई। साथ ही चौराहों, बाजार तथा भीड़भाड़ वाली जगहों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों, वस्तुओं की गहनता से चेकिंग करते हुए आमजनता में सुरक्षा एवं वि ास का वातावरण बनाया गया। अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई। दौरान पैदल गस्त अपर जिलाधिकारी नगर, एडीएम सिटी, सिटी मजिस्ट्रेट, एसीएम द्वितीय, क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ, क्षेत्राधिकारी कोतवाली एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

**जामा मस्जिद के पेशइमाम से वार्तालाप कर मांगा सुझाव**

# अग्निवीर' योजना के विरोध में सड़क पर उतरे युवा, हाईवे पर धरना

सहजनवांपिपरौली (एसएनबी)। सरकार अग्निपथ योजना का विरोध युवाओं ने शुरू कर दिया है। बड़ी संख्या में युवाओं सड़क पर आ गए और प्रदर्शन कर जैतपुर तिराहे जाम कर दिया। खानिमपुर होते हुए टोलप्लाजा होते हुए युवाओं का हुजूम गीडा के कालेसर जीरो प्वाइंट पर पहुंच गया, जहां हाइवे जाम करने का प्रयास किया लेकिन अधिकारियों ने समझा बुझाकर कर शांत करा दिया। युवाओं ने राष्ट्रपति सम्बोधित 4 सूत्रीय मांगों के सम्बद्ध में सहजनवां एसडीएम सुरेश राय को ज्ञापन दिया।

गुरुवार को सहजनवां तथा खजनी क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में युवा गुरुवार को सेना में भर्ती के नए कानून का विरोध में रोड पर आ गए। केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना के विरोध में युवाओं ने जैतपुर चौराहे पर में धरनाप्रदर्शन किया। इसके बाद कालेसर जीरो प्वाइंट पहुंच गए लेकिन एसडीएम सुरेश राय के नेतृत्व में पहुंची पुलिस फोर्स ने समझा बुझाकर कर शांत कराया। प्रदर्शन कर रहे युवाओं ने सेना भर्ती की अग्निपथ योजना के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और योजना को वापस लेने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि केंद्र सरकार ने अग्निपथ योजना से युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। सालों से सेना भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं के साथ धोखा हुआ है। इस योजना से न सिर्फ युवाओं को नुकसान होगा बल्कि सेना की गोपनीयता और विश्वसनीयता भी भंग हो सकती है। ऐसे में केंद्र सरकार को इस योजना को बंद कर पहले की तरह भर्ती प्रक्रिया को शुरू करना चाहिए। इस दौरान सीओ अजय सिंह, अनिल कुमार सिंह, इंस्पेक्टर राहुल सिंह, अंजुल कुमार चतुर्वेदी, इकरार अहमद सहित कई पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



# 25 हजार के इनामी बदमाश दुर्गेश यादव को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बड़हलगंज, हिन्दुस्तान संवाद। गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे 25 हजार के इनामी बदमाश दुर्गेश यादव को बड़हलगंज पुलिस ने गुरुवार दोपहर में गिरफ्तार कर उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

बड़हलगंज पुलिस टीम ने गगहा थाने में 35 वर्षीय दुर्गेश यादव पुत्र रामनरायन यादव निवासी भैसवली थाना बड़हलगंज के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में केस दर्ज करया था। करीब पांच महीने से फरार चल रहे दुर्गेश पर एसएसपी ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। गुरुवार दोपहर में थाना क्षेत्र के सेमरापुल के पास से बड़हलगं पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल मधूपनाथ मिश्र ने बताया कि गिरफ्तार दुर्गेश यादव गैंगस्टर एक्ट मे 25 हजार का इनामिया अपराधी है।

गिरफ्तार करने वाली टीम मे प्रभारी मधूपनाथ मिश्र, दरोगा जुगेश कुमार आंनद, धीरेन्द्र राय, (सर्विलांश सेल), कांस्टेबल निलेश कन्नौजिया, सतेन्द्र भास्कर , हरेन्द्र यादव, अरुण राय (सर्विलांश सेल), अशोक चौधरी (सर्विलांश सेल) शामिल रहे।

# तीन बाइक के साथ दो चोरों को दबोचा

कैम्पियरगंज। कैम्पियरगंज रेलवे गेट के पास पुलिस ने रेंज ऑफिस के सामने से दो बाइक चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की तीन बाइक बरामद कर न्यायालय भेज दिया। जहां से दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया।

पिछले रविवार को कस्बे के एक मैरिज हॉल से शादी समारोह के दौरान बाइक गायब हो गई थी। बाइक मालिक ने रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रभारी निरीक्षक रंजीत सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को रेलवे क्रॉसिंग के पास रेंज ऑफिस के सामने से राकेश सिंह, अतुल तिवारी मय सहयोगी पुलिस कर्मियों के सहयोग से बसंतपुर गांव निवासी सरीफ व शुभम मद्धेशिया को गिरफ्तार कर लिया।

# युवक की हत्या के 4 आरोपियों को जेल

गोरखपुर। गीडा पुलिस ने बेलीपार के चनउ निवासी 22 वर्षीय हेमंत निषाद की हत्या में शामिल चार आरोपियों राहुल पुत्र पुन्ने, बासमती पत्नी पुन्ने, कुसुम पुत्री पुन्ने और मीनाक्षी पुत्री पुन्ने को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चारों को जीरो प्वाइंट कालेसर से पकड़ कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयोग किया गया फावड़ा भी बरामद कर लिया। चनउ गांव के रहने वाले चंदन की ससुराल बरहुआ गांव में है। मंगलवार की रात हेमंत अपने भाई चंदन की ससुराल में बहूभोज कार्यक्रम में आया था। रास्ते में हेमंत की हत्या कर दी गई थी।

# चार हत्यारोपितों को पुलिस ने भेजा जेल

**जासं, पिपरौली :** गीडा थाना पुलिस ने गुरुवार को चार हत्यारोपितों को जेल भेज दिया। मंगलवार की रात आरोपितों ने बेलीपार के बेटउवा उर्फ चनउर निवासी 22 वर्षीय हेमंत निषाद की फावड़ा व राड से हमला करके हत्या कर दी थी। आरोपितों की पहचान राहुल, बासमती, कुसुम और मीनाक्षी के रूप में हुई है।

चनउर निवासी पड़ोही निषाद का बेटा हेमंत उर्फ शेरू के भाई चंदन की गीडा थाना क्षेत्र के बरहुआं में ससुराल है। मंगलवार की रात हेमंत अपने भाई के ससुराल में आयोजित बहुभोज कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। वहां रात में शराब की पार्टी भी चली। रात करीब 12 बजे पार्टी के बाद खाना खाकर हेमंत स्वजन के साथ घर के लिए निकला। इस दौरान उसे ससुराल के ही छह लोगों नें घेर लिया और राड व फावड़े से उस पर हमला बोल दिया। जानलेवा हमले से हेमंत की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार की सुबह हेमंत के भाई चंदन की तहरीर पर उसके रिश्तेदार अमरेश, श्रवण और राहुल समेत छह के विरुद्ध हत्या, मारपीट, बलवा का मुकदमा दर्ज किया था। गुरुवार को पुलिस ने चार आरोपितों को जेल भेज दिया।

# जालसाज ने सेवानिवृत्त दारोगा से की 20 लाख की ठगी

## 31 मई को सेवानिवृत्त हुए हैं फूलबदन, कप्तान से फफक पड़े दारोगा, बोले जीवनभर की पूंजी गई


**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** सेवानिवृत्त दारोगा से साइबर ठगों ने 20.23 लाख रुपये की ठग लिए हैं। सीओ ट्रेजरी बनकर जालसाज ने उनसे पहले ओटीपी पूछा और फिर उनके खाता खंगाल लिया। पीड़ित दारोगा फूलबदन द्विवेदी खोराबार थाना क्षेत्र में सूबाबाजार के रहने वाले हैं। वह बीते 31 मई को संतकबीरनगर जिले से सेवानिवृत्त हुए हैं। उन्होंने जिले के साइबर थाने में केस दर्ज कराया है।

फूलबदन द्विवेदी सेवानिवृत्ति से पहले संतकबीरनगर के धनघटा थाने में तैनात थे। उनके खाते में उनके पीएफ के रुपये आए थे। गुरुवार को एसएसपी डा. विपिन ताडा से मिलकर दारोगा फफक कर रोने लगे। उन्होंने बताया कि 13 जून को उनके मोबाइल नंबर 9695286801 पर 7864073605 नंबर से काल आई। काल करने वाले ने अपना नाम अभिषेक श्रीवास्तव बताया। कहा कि वह सीओ ट्रेजरी आफिस बोल रहा है। कालर उनकी जन्म तिथि, पुलिस भर्ती तिथि से लेकर तमाम विवरण बताकर उन्हें भरोसे में लिया। जालसाज ने उनसे कहा कि उनका पेंशन जल्द शुरू करना है, इस लिए उनके मोबाइल पर अभी एक ओटीपी जाएगी। ओटीपी नंबर बताने के बाद जालसाज ने 13 व 14 को उनके खाते से कई बार में 20.23 लाख रुपये निकाल लिए। दारोगा की तहरीर पर साइबर थाना पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। एसएसपी ने साइबर सेल की टीम को भी मामले की जांच करने के लिए कहा है।

**आधा दर्जन से अधिक पुलिस कर्मियों से हो चुकी है ठगी:** जिले में सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी से यह कोई पहली ठगी नहीं है। वर्ष भीतर साइबर ठग जिले के आधा दर्जन से अधिक पुलिस कर्मियों से कुल 70 लाख रुपये से अधिक की ठगी कर चुके हैं।

## ठग भेज रहे बिल जमा करने का मैसेज, दें सूचना

**जासं, गोरखपुर:** आटो मोबाइल्स की दुकान चलाने वाले प्रवीण सिंह के मोबाइल पर मैसेज आया। अंग्रेजी में आए इस मैसेज में लिखा था कि यदि रात में 9:30 बजे तक बिजली का बिल नहीं जमा किया तो कनेक्शन काट दिया जाएगा। इसके साथ एक मोबाइल नंबर पर आया था। प्रवीण को शक हुआ तो उन्होंने बिजली निगम के हेल्पलाइन नंबर पर फोन कर मैसेज के बारे में बताया। आपरेटर ने कहा कि ऐसे मैसेज लोगों को भेजे जा रहे हैं, आप फोन न करें और यदि बिल के संबंध में कोई जानकारी चाहिए तो अपने उपकेंद्र पर जाएं।




उपभोक्ताओं के पास इस तरह से आ रहे मैसेज● सौ. इंटरनेट मीडिया

- **मुख्य अभियंता ने उपभोक्ताओं से की अपील**
- **मैसेज में आए मोबाइल नंबर पर न करें फोन**

बिल जमा करने को लेकर शासन की सख्ती का साइबर ठग फायदा उठाने में जुट गए हैं। ठग लोगों को मोबाइल नंबर पर मैसेज भेज रहे हैं। मैसेज के साथ मोबाइल नंबर भी भेज रहे हैं। मोबाइल नंबर पर फोन करने पर ठग कनेक्शन नंबर पूछ रहे हैं और फिर बिल जमा करने के नाम पर ओटीपी हासिल कर ले रहे हैं। इसके बाद वह एकाउंट से रुपये उड़ा रहे हैं।

मुख्य अभियंता अशोक कुमार सिंह ने कहा कि बिजली निगम से बकाया जमा करने के लिए कोई मैसेज आएगा तो उसके साथ मोबाइल नंबर नहीं रहेगा। उपभोक्ता सीधे अपने अवर अभियंता या एसडीओ से संपर्क कर बिल के संबंध में जानकारी लें।

बिजली निगम के पोर्टल या सीधे काउंटर पर बिल का भुगतान करें। किसी अनजान स्रोत के संपर्क में आकर रुपये का भुगतान करने पर ठगी का भी शिकार हो सकते हैं।

### टूरिस्ट वीजा दे 1.60 लाख रुपये की ठगी

**जासं, हरपुर-बुदहट :** टूरिस्ट वीजा देकर जालसाज ने एक महिला से 1.60 लाख रुपये की ठगी की है। मामला हरपुर-बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम मझौरा का है। गांव की नाजरीन पत्नी मुहम्मद नसीर ने गुरुवार को थाने में तहरीर देकर बताया कि एक युवक ने उससे 1.60 लाख रुपये लेकर उसे टूरिस्ट वीजा दे दिया। उसका पुत्र जब उस वीजा पर विदेश गया तो उसे इसकी जानकारी हुई। वह वहां मुसीबत में फंस गया। महिला ने बताया कि किसी तरह से उसका पुत्र वहां से वापस आया। अब रुपये मांगने पर जालसाज धमकी दे रहा है। थानाध्यक्ष नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर मिली है। एजेंट को बुलाया गया है। पीड़िता को न्याय मिलेगा।

# सड़क से आसमान तक रहेगी नजर

## डीएम-एसएसपी ने पैदल गश्त कर लिया सुरक्षा का जायजा, ड्रोन से हो रही निगरानी

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** जुमे की नमाज को लेकर पुलिस ने शहर में चौकसी बढ़ा दी है। गुरुवार को ड्रोन की मदद से गोरखनाथ क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। कोतवाली क्षेत्र में डीएम व एसएसपी ने पैदल गश्त कर लोगों को यह संदेश दिया कि उनकी एक-एक गतिविधि पर नजर है।

पिछले कई दिनों से पुलिस ड्रोन से शहर की निगरानी कर रही है। गुरुवार की शाम को एसपी सिटी ने ड्रोन के जरिये गोरखनाथ क्षेत्र के सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जवानों को स्पष्ट हिदायत दी गई कि वह पूरी तरह से मुस्तैद रहें। शाम करीब छह बजे से जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश व एसएसपी डा. विपिन कुमार ताडा ने फोर्स के साथ गश्त किया।

दुकानदारों के साथ ही स्थानीय लोगों से बातचीत कर उपद्रवियों के बारे में पुलिस को सूचना देने को कहा। दोनों अधिकारियों ने इस दौरान घंटाघर, रेती, नखास, घोषीपुर, शाहमारुफ में पैदल गश्त कर लोगों को संदेश दिया कि पुलिस पूरी मुस्तैद है। किसी ने अशांति फैलाने की कोशिश की तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

बीते 10 जून को जुमे की नमाज के बाद प्रदेश के आठ शहरों में बवाल हुए थे। इसके बाद से प्रदेश में अलर्ट जारी किया गया है। ऐसे में शुक्रवार की नमाज शांतिपूर्ण ढंग कराने को लेकर पुलिस पूरी तरह से तैयार है।

**दंगा नियंत्रण रिहर्सल कर आकी तैयारी:** गुरुवार सुबह पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों ने दंगा नियंत्रण रिहर्सल कर तैयारियों का आकलन किया। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने एंटी राइट गन, अश्रु गैस गन आदि दंगा नियंत्रण उपकरणों को चलाकर अभ्यास किया गया। प्रतिसार निरीक्षक व उनकी टीम द्वारा बलवाइयों व दंगाइयों पर नियंत्रण के लिए माक ड्रिल का प्रदर्शन किया गया। एसएसपी ने कहा कि जितने भी दंगा नियंत्रण के उपकरण हैं उन्हें तैयार रखा गया है। जरूरत पड़ने पर कानून के दायरे में उसका प्रयोग होगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर, पुलिस अधीक्षक नगर, पुलिस अधीक्षक उत्तरी, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सहित तमाम पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।



जामा मस्जिद से निकलते एसएसपी विपिन ताडा ● जागरण



दंगा नियंत्रण अभ्यास के दौरान प्रशासनिक अधिकारी। ● जागरण

### संवेदनशील स्थानों पर बड़े पैमाने पर रहेगी फोर्स

जुमे की नमान से पूर्व डीएम-एसएसपी ने गुरुवार को एनेक्सी भवन में धर्मगुरुओं के साथ शांति कमेटी की बैठक की। उनके सुझाव जाने। साथ अपनी तैयारियों की जानकारी दी। बताया गया कि उपद्रव करने वाले असामाजिक तत्वों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध कठोरतम कार्यवाई की जाएगी। सभी थाना प्रभारी शांतिपूर्वक नमाज अदा कराएंगे। सभी संवेदनशील स्थानों पर भारी संख्या मे पुलिस बल, एलआईयू, ट्रैफिक पुलिस व पीएसी के जवान मौजूद रहेंगे। इंटरनेट मीडिया पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। जो भी व्यक्ति इंटरनेट मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट, भ्रामक व अफवाह पोस्ट करेगा उसके विरुद्ध कठोरतम विधिक कार्यवाई की जाएगी। जिले के सभी थानों पर भी शांति कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 17-06-2022

राष्ट्रीय सहारा दि. 15/04/22

# आपसी प्रेम व सद्भाव बनाए रखें जनपदवासी : जिलाधिकारी

देवरिया/भाटपाररानी (एसएनबी)। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा की उपस्थिति में कोतवाली थाना में सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जनपद में आपसी सौहार्द एवं समरसता पूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए विभिन्न धर्म गुरुओं के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि सोशल मीडिया पर कई शरारती तत्व घृणित व कुत्सित विचार को बढ़ावा देते हैं। ऐसे लोगों पर लगाम कसने के लिए विशेष निगरानी की जा रही है। यदि कोई भी शख्स धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाली पोस्ट सोशल मीडिया पर शेयर करेगा तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने विश्वास जताया कि जनपद अपने शांतिपूर्ण इतिहास को कायम रखेगा और किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं होगी। जिलाधिकारी ने सभी जनपदवासियों से आपसी प्रेम व सद्भाव के साथ मिलजुलकर रहने और नियमों का पालन करने की अपील की। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को जुम्मे की नमाज को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिले के संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। विशेष सतर्कता बरती जा रही है। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग भी की जा रही है। जो भी अराजक तत्व माहौल खराब करने की कोशिश करेंगे उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जुम्मे की नमाज के दृष्टिगत शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए जनपद को 5 जोन व 20 सेक्टर में बांटा गया है। जनपद में संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल द्वारा गश्त



बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी।

की जा रही है। बैठक में उपस्थित सभी धर्म गुरुओं ने एक स्वर में आपसी प्रेम व सद्भाव बनाए रखने के लिए प्रशासन को हर संभव सहयोग देने के लिए आश्वासत किया। इस दौरान एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. राजेश सोनकर, एसडीएम सौरभ सिंह सहित विभिन्न अधिकारी एवं धर्म गुरु मौजूद थे।

**भाटपाररानी** कार्यालय के अनुसार भाटपाररानी सर्किल के सभी थानों में आगामी जुम्मे की नमाज के दौरान शांति बनाये रखने के उद्देश्य से क्षेत्र के सम्मानित पुजारियों, मौलवियों सहित सम्भ्रान्त लोगों की मौजूदगी में अमन चैन बनाये रखने के लिए पीस कमेटी की बैठक के उपरान्त नगर मे फ्लैग मार्च कर पुलिस ने सुरक्षा व शांति का भरोसा दिलाया। थाना खामपार में हुई पीस कमेटी की बैठक थानाध्यक्ष बृजेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस दौरान क्षेत्र के सम्भ्रान्त मौलवी व अन्य पुजारियों के अलावा प्रधान आदि मौजूद रहे।

**बनकटा** कार्यालय के अनुसार वृहस्पतिवार को स्थानीय थाना बनकटा में शान्ति पूर्ण माहौल व सौहार्द बनाए रखने के लिए पीस कमेटी की बैठक क्षेत्राधिकारी पंचमलाल लाल और नायब तहसीलदार करन सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। शान्ति व्यवस्था बना रहे एवं सौहार्द कायम रहे इसके लिए सहयोग करने की अपील की गई।इस दौरान थानाध्यक्ष बनकटा दिलीप सिंह, उपनिरीक्षक लवकुश कुमार समेत क्षेत्र गणमान्य लोग उपस्थित रहे।बनकटा थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत पुलिस ने सोहनपुर, रामपुर बुजुर्ग आदि जगहों पर बड़ी संख्या में रुट मार्च निकाला तथा लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।इस दौरान थानाध्यक्ष बनकटा दिलीप सिंह, उपनिरीक्षक लवकुश कुमार, कांस्टेबल सुनील यादव, श्रवण यादव आदि बड़ी संख्या में बंद मौजूद रहे।

राष्ट्रीय सहारा दि. 17/06/22

# ट्रक चोरी कर भाग रहे चालक व खलासी गिरफ्तार

मेहरौना (एसएनबी)। बुधवार की देर शाम मेहरौना बर्डर चेक पोस्ट पर लार पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान ट्रक चोरी कर भाग रहे एक ट्रक सहित चालक व खलासी को पकड़ लिया। पकड़े गए ट्रक चालक व खलासी के विरुद्ध अभियोग पंजीत करते हुए दोनों को लार पुलिस ने गुरुवार को जेल भेज दिया है।

बुधवार की देर शाम रामजानकी मार्ग पर मेहरौना चेक पोस्ट पर लार पुलिस टीम वाहनों की सघन चेकिंग कर रही थी। उसी दौरान रामजानकी मार्ग के रास्ते लार रोड की तरफ से एक ट्रक नंबर डी एन 09 एम 9886 तेज रफ्तार आते हुए दिखाई दिया। जिसको पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखते ही ट्रक चालक गाड़ी की रफ्तार तेज कर भागने लगा। लेकिन चेक पोस्ट पर तैनात चौकी प्रभारी रामगिरीश चौहान व पुलिस टीम ने उसका पीछा कर मेहरौना पुल के समीप से उसे पकड़ लिया। पकड़े गए ट्रक चालक से पूछताछ में उसने अपना नाम गयासुद्दीन पुत्र बहाजूदीन निवासी आज़ाद नगर थाना कोतवाली प्रतापगढ़ व खलासी अशोक कुमार पटेल पुत्र हरि प्रसाद पटेल निवासी कटरा गुलाब सिंह पूरे वैष्णव थाना जेठवारा प्रतापगढ़ बताया।

चालक गयासुद्दीन ने बताया कि हम लोग यह ट्रक मियां के पुरा थाना सरायममरेज जनपद प्रयागराज से चोरी करके भाग रहे थे कि यहां बर्डर पर पकड़ लिए गए। पकड़े गए चालक गयासुद्दीन के विरुद्ध प्रयागराज व प्रतापगढ़ सहित कई थानों में गैंगस्टर सहित गंभीर धाराओं में केस दर्ज है। उक्त संबंध में प्रभारी निरीक्षक लार नवीन कुमार सिंह ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान मेहरौना बर्डर चेक पोस्ट पर एक ट्रक चोरी कर भाग रहे चालक व खलासी को ट्रक सहित पकड़ा गया है। चालक व खलासी के विरुद्ध अभियोग पंजीत करते हुए दोनों को जेल भेज दिया गया है। वह पकड़े गए ट्रक को सीज कर दिया गया है।

# अपहरण कर जबरन बैनामा कराये जाने का आरोप लगाते हुए दिया थाने मे तहरीर

**भटनी (देवरिया )**। भटनी थाना क्षेत्र के ग्राम बीरसिंहपुर निवासी श्रीराम कुशवाहा पुत्र रामलाल कुशवाहा ने आधे दर्जन लोगो पर अपने भाई के अपहरण का आरोप लगाते हुए जबरन उनके हिस्से की जमीन बिना धन दिये बैनामा करा लिए जाने का आरोप लगाते हुए भटनी थाने में तहरीर दिये जाने के अलावे जनसुनवाई ऐप पर भी आवेदन देकर कार्यवाही किये जाने का आग्रह किया है । थाने व जनसुनवाई ऐप पर दिये गये तहरीर मे श्री राम कुशवाहा ने लिखा है कि मेरे भाई राजन कुशवाहा जो मन्दबुद्धि का है जिसे 2जून को श्रीराम पुत्र रामदास सचिन पुत्र श्रीराम सिरजावती पत्नी श्रीराम ग्राम बेलवाबाबु थाना भटनी दिलीप प्रसाद पुत्र गुलाब प्रसाद ग्राम बरडीहा परशुराम थाना लार विनोद यादव पुत्र गया यादव ग्राम मिश्रौली कोईलाड थाना भटनी अपहरण कर ले गये मारेपीटे और 3जून को सलेमपुर उपनिबन्धक कार्यालय ले जाकर उनके हिस्से की भूमि को बिना धनराशि दिये बैनामा करा लिए ।बैनामा सिरजावती श्रीराम व सचिन के नाम करवाया गया जबकि बैनामे मे दिलीप व विनोद कुमार गवाह हैं ।दस्तावेज मे सात लाख रुपया लिखा गया है मेरे भाई का किसी भी बैंक मे पैसा नही है ।तो बैनामे के दस्तावेज मे लिखी गयी धनराशि कहाँ गयी । पुलिस से प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही किये जाने का आग्रह किया गया है ।

राष्ट्रीय सहारा दि० 17/6/22

# सरकारी भूमि पर अनाधित रुप मे कब्जा करने के आरोप मे नौ लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**भटनी (देवरिया )।** भटनी थाना क्षेत्र के ग्राम सिसवाँ मे सरकारी भूमि पर अनाधित कब्जा कर नाद खुँटा गाड कर कब्जा करने के आरोप मे गाँव के ही नौ लोगो के खिलाफ भटनी थाने मे मुकदमा दर्ज हुआ है । इस सम्बन्ध मे हल्का लेखपाल द्वारा भटनी थाने में एक तहरीर दिया गया था ।जिसमे लिखा था कि सिसवाँ गाँव के मनोज कुमार यादव पुत्र नरसिंह यादव अजीत कुमार यादव विक्की अंकित यादव पुत्रगण राजेन्द्र यादव अरविंद यादव पुत्र चन्द्रभान यादव गुलाब पाण्डेय योगेन्द्र पाण्डेय पुत्रगण स्व बाबुनन्दन पाण्डेय सूर्यप्रकाश पाण्डेय (सचिन ) पुत्रगण योगेन्द्र पाण्डेय वेदप्रकाश पाण्डेय पुत्र गुलाब पाण्डेय द्वारा सरकारी भूमि पर अनाधित कब्जा कर नाद खुँटा टीनशेड डालकर कब्जा करने के अलावे स्कूल के भवन व शौचालय व स्कूल के विद्युत कनेक्शन का जबरन निजी उपयोग करना स्कूल मे पढने वाले बच्चों को स्कूल तक आने व जाने मे अवरोध उत्पन्न कर धमकाने का आरोप लगाते हुए सरकारी सम्पत्ति कर कब्जा कर सरकारी सम्पत्ति को क्षति पहुँचाने का आरोप लगाया था ।तहरीर के आधार पर नौ लोगों के खिलाफ धार -341447,506सहित सार्वजनिक सम्पत्ति क्षति निवारण की धारा-03के अन्तर्गत पुलिस मुकदमा दर्ज कर छानबीन कर रही है ।

# लार में अर्धसैनिक बल व पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

लार। लार कस्बा की सड़कों पर गुरुवार की देर शाम अर्ध सैनिक बल व पुलिस टीम ने फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के दौरान प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह सहित अर्ध सैनिक बल व पुलिस टीम की भीड़ जब कस्बा की सड़कों पर उतरी तो मार्केट में दुकानदारों को आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। वैसे पुलिस टीम व अर्धसैनिक बल का कस्बा में पैदल मार्च करने का उद्देश्य शांति व्यवस्था बनाए रखने की थी। प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र में व कस्बा में अमनचौन, शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए फ्लैग मार्च किया गया है। यह फ्लैग मार्च पुलिस चौकी से निकलकर कस्बा होते हुए चनुकी मोड़, गांधी मार्केट, मेन मार्केट होते हुए फिर वापस पुलिस चौकी पर आकर समाप्त हो गया।

राष्ट्रीय सहारा दि. 17/06/22

# जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन सतर्क

**देवरिया(एसएनबी)।** शुक्रवार को जिले में होने वाली नमाज को लेकर प्रशासन सतर्क है। संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल की तैनाती की गयी है। शुक्रवार को जुमा की नमाज के दृष्टिगत शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिए जनपद को पांच जोन व 20 सेक्टर में बांटा गया है। जनपद के संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गयी है। इसी क्रम में जनपद में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने बृहस्पतिवार को थाना कोतवाली में धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की बैठक की। इस दौरान अधिकारीद्वय ने सभी लोगों से आपस में भाईचारे के साथ मिलजुलकर रहने व नियमों का पालन करने की अपील की। शुक्रवार को होने वाली जुमे की नमाज के संबंध में पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने बताया है कि किसी भी चुनौती से निपटने के लिए दंगा नियंत्रण योजना का पूर्वाभ्यास किया गया है। जिसमें सभी कर्मचारी दंगा नियंत्रण उपकरण (डंडा,हेल्मेट, केनसिल्ड, बाडी प्रोटेक्टर) से लैस थे। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को जुमे की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिले के संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गयी है। साथ ही संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग की जा रही है। जो भी अराजक तत्व माहौल खराब करने की कोशिश करेगा उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

**बरहज प्रतिनिधि** के अनुसार कानपुर, प्रयागराज, सहारनपुर, लखनऊ, अलीगढ़ में जुमे की नमाज के बाद उपद्रवियों द्वारा की गयी पत्थरबाजी की घटना को लेकर शुक्रवार को होने वाले जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन नगर की सड़कों पर फ्लैग मार्च किया। सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। पोस्ट डालने वालों के फाइलों को साइबर सेल खंगाल रही है। अमन और शान्ति का माहौल कायम रखने के लिए एसडीएम डा. गजेन्द्र सिंह, सीओ देव आनन्द ने देर शाम भारी पुलिस बल के साथ नगर की सड़कों पर फ्लैग मार्च निकालकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने दोनों समुदाय के लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी प्रकार की कोई हिंसा, दंगा और पत्थरबाजी नहीं होनी चाहिए। अगर कोई अराजकतत्व अमन चैन में खलल डालने की कोशिश करता है तो प्रशासन उसके साथ सख्ती से पेश आयेगा। जुमे की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए मस्जिदों तथा आस पास के इलाकों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है। नमाज अता करने के बाद किसी तरह के जुलूस व धार्मिक कार्यक्रम नहीं करने की चेतावनी दी गयी। जनपद में धारा 144 लागू है। लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की बात कहते हुए शान्ति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की।

रुद्रपुर प्रतिनिधि के अनुसार पिछले दो शुक्रवार से नमाज के बाद प्रदेश के विभिन्न शहरों में हो रही हिंसा को लेकर स्थानीय प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जिसके लिये पैदल मार्च भी किया जा रहा है। गुरुवार को स्थानीय कोतवाली में पीस कमेटी के बैठक का आयोजन किया गया। पीस कमेटी की बैठक कोतवाल विजय सिंह की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें उन्होंने कहा कि शुक्रवार को जुमा की नमाज को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। लोग आपसी भाईचारा को कायम रखते हुए शांति व्यवस्था बनाये रखें। शांति व्यवस्था तोड़ने वालों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने पीस कमेटी की बैठक में आये दोनों समुदाय के लोगों से सौहार्द बनाये रखने की अपील करते हुए कहा कि किसी के बहकावे में न आयें। किसी भी अराजक तत्व की सूचना मिलने पर पुलिस को करायें। ताकि समय पर ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जा सके। बैठक को विनय गुप्ता, कैसर अंसारी, जितेन्द्र तिवारी, नन्दकिशोर गांधी, हाफिज शहादत हुसैन, मनोज भाटिया आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर उपनिरीक्षक जितेन्द्र बहादुर सिंह, अरविन्द कुमार, अजय कुमार तिवारी, उमेश चौहान, अभय सिंह, विजय सिंह यादव, अजय खरवार, आफताब आलम, जावेद, मनोज रुंगटा, मुकेश रुंगटा, आशीष मोदनवाल, सुनील श्रीवास्तव, अंकित मणि त्रिपाठी, मजीद अली आदि लोग उपस्थित थे। मदनपुर प्रतिनिधि के अनुसार गुरुवार को मदनपुर थाने में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर जिलाजीत ने किया। उन्होंने कहा कि सभी लोग आपसी भाईचारा बनाये रखें। परिवार पर ध्यान दें, बच्चों को उचित शिक्षा देने की कोशिश करें। शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों से शक्ति से निपटा जायेगा।



कोतवाली में बैठक करते डीएम व एसपी ।

## चालक पर लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का केस

**तरकुलवा (एसएनबी )।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भेली पट्टी गांव के समीप लापरवाही से वाहन चलाकर वाहन को पलट कर एक व्यक्ति को घायल कर देने के आरोप में पीड़ित दुर्गेश मद्धेशिया पुत्र रमाशंकर निवासी रामपुर कारखाना वार्ड 4 की तहरीर पर पुलिस ने पिकअप नंबर यूपी 052 एटी 5574 के अज्ञात चालक के विरूद्ध धारा 279, 337, 338 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## खाते से उड़ाया गया पैसा साइबर सेल ने कराया वापस

**देवरिया(एसएनबी)।** जिले की साइबर क्राइम सेल ने आनलाइन फ्राड करके जालसाजों द्वारा चार व्यक्तियों के खाते से उड़ाये गये 3.43 लाख रूपये पीड़ित व्यक्यिों के खाते में वापस कराया है। साइबर अपराध से पीड़ित व्यक्तियों ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर अपनी फरियाद पुलिस अधीक्षक से की थी। पुलिस अधीक्षक ने साइबर सेल को प्राथमिकता के आधार पर सर्वप्रथम धनराशि को यथासंभव उनके खाते में वापस कराने का निर्देश दिया था। इस संबंध में साइबर सेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार व्यक्तियों का रूपये 3,43,560 खाते में वापस कराया है। साइबर सेल ने जिन पीड़ित व्यक्तियों के खाते में वापस कराया है उनमें लार के ग्राम पंचायत अधिकारी दीनानाथ प्रजापति, देवरिया जनपद निवासी अखिलेश कुमार शर्मा, गौरीबाजार थाना अन्तर्गत सिरजमदेई निवासिनी श्रीमती अनिता विश्वकर्मा पत्नी हरेराम विश्वकर्मा तथा थाना सलेमपुर अंन्तर्गत मझवलिया निवासी गोविन्द गुप्ता पुत्र राधेश्याम गुप्ता शामिल हैं।

सुनिश्चित करें।

राष्ट्रीय सहारा दि. 17/08/22

## सात राशि गोवंशीय पशु बरामद, तीन गिरफ्तार

**देवरिया(एसएनबी)।** मईल पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान सात राशि गोवंशीय पशुओं को बरामद किया। साथ ही तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। मईल के थानाध्यक्ष अनिल कुमार अपने हमराहियों वरिष्ठ उपनिरीक्षक महेन्द्र प्रकाश सिंह, हेड कां. हरिशंकर यादव व कां. धर्मेन्द्र यादव के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि वाहन चेकिंग के दौरान मईल तिराहे के पास से एक अदद पिकप नं. यूपी 52 एटी-3460 से सात राशि गोवंशीय पशु लदे हुए पकड़े गये। साथ ही पुलिस टीम द्वारा तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपना नाम व पता अजहर अली पुत्र हकीम उर्फ मटर अली निवासी डुमरी थाना भलुअनी जनपद देवरिया, अलाउद्दीन अली पुत्र हबीब अली एवं शहाबुद्दीन अली पुत्र स्व. हमीद अली निवासीगण लहसनी मठिया थाना नगरा जनपद बलिया बताया। इस संबंध में मईल पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

राष्ट्रीय सहारा दि. 17/08/22

## कच्ची बनाने वाले टाप टेन अभियुक्त सहित दो गिरफ्तार

**देवरिया(एसएनबी)।** रामपुर कारखाना पुलिस ने ग्राम नौतन हथियागढ़ में छापेमारी कर दो अभियुक्तों को उनके घर से कच्ची शराब बनाते हुए गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस टीम ने मौके से 37 लीटर कच्ची शराब, कच्ची शराब बनाने के उपकरण बरामद किया। साथ ही मौके से पांच कुन्तल लहन व धधक रही दो भट्ठियों को नष्ट किया। रामपुर कारखाना थाने के थानाध्यक्ष महेन्द्र कुमार चतुर्वेदी मय हमराही उपनिरीक्षक सजनू यादव, कां. जितेन्द्र कुमार, कां. सुरजीत यादव एवं महिला कां. शालिनी सिंह के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम नौतन हथियागढ़ से अभियुक्त सुनील राजभर पुत्र रामचन्द्र राजभर एवं मुन्नी राजभर पत्नी सुनील राजभर को उनके घर से कच्ची शराब बनाते हुए गिरफ्तार किया। पुलिस टीम द्वारा मौके से 37 लीटर कच्ची शराब, कच्ची शराब बनाने के उपकरण, यूरिया नौसादर व पतीला बरामद किया। इसके अलावा मौके से पांच कुन्तल लहन व धधक रही दो भट्ठियों को नष्ट किया। गिरफ्तार अभियुक्त सुनील राजभर चिह्नित टाप टेन अभियुक्त है।

हिन्दुस्तान दि॰ 17/6/22

# टॉप टेन अपराधी घर से चला रहा था अवैध शराब की भट्ठी

रामपुर कारखाना, हिसं। थाने का टॉप टेन अपराधी घर से अवैध शराब की फैक्ट्री संचालित कर रहा था। छापेमारी के दौरान पुलिस ने पति पत्नी को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घर में चल रहे अवैध फैक्ट्री के उपकरण और लहन को नष्ट कर दिया। पुलिस ने दोनों को न्यायालय भेजा। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के नौतन हथियागढ़ निवासी सुनील राजभर और उसकी पत्नी मुन्नी राजभर घर से ही अवैध शराब की फैक्ट्री संचालित करते रहे हैं। दोनों पर कुछ दिन पहले ही गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने सुनील राजभर पर इनाम भी घोषित किया था। बावजूद इसके पति पत्नी घर से ही अवैध शराब की फैक्ट्री संचालित कर रहे थे। इसकी बानगी बुधवार रात को हुई छापेमारी के दौरान मिल गई। थाने का टॉप टेन घोषित अपराधी पत्नी मुन्नी राजभर के साथ मिलकर अवैध शराब बनाकर बेच रहा था। पुलिस ने दोनों को गिरफ़्तार कर लिया। घर से 35 लीटर अवैध शराब बरामद हुआ। जबकि पुलिस ने भारी मात्रा में लहन और शराब बनाने का उपकरण नष्ट कर दिया। थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि टॉप टेन आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है। उन्हें जेल भेज दिया गया है।

हिन्दुस्तान 17/06/22

# ट्रक चुरा भाग रहे चालक और खलासी गिरफ्तार

लार। मेहरौना बॉर्डर चेक पोस्ट पर लार पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान ट्रक चुरा कर भाग रहे चालक व खलासी को गाड़ी समेत गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए ट्रक चालक व खलासी के विरुद्ध केस दर्ज करते हुए दोनों को लार पुलिस ने गुरुवार को जेल भेज दिया।

मेहरौना चेक पोस्ट पर बुधवार शाम वाहनों की चेकिंग के दौरान रामजानकी मार्ग के रास्ते एक ट्रक आते हुए दिखाई दिया। चेक पोस्ट पर तैनात चौकी प्रभारी रामगिरीश चौहान व पुलिस टीम ने उसका पीछा कर मेहरौना पुल के समीप से उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम गयासुद्दीन पुत्र बहाजूदीन निवासी आजाद नगर थाना कोतवाली प्रतापगढ़ व खलासी अशोक कुमार पटेल पुत्र हरि प्रसाद पटेल निवासी कटरा गुलाब सिंह पूरे वैष्णव थाना जेठवारा प्रतापगढ़ बताया।

हिन्दुस्तान दि. 11/6/22

# दहेज हत्या के मामले में पति और जेठानी गिरफ्तार

रुद्रपुर। क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव में एक महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई थी। मामले में पुलिस ने मृतका के पति और जेठानी को गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। लक्ष्मीपुर गांव के विधायक टोला निवासी अरविन्द निषाद पुत्र कैलाश निषाद की शादी कुशीनगर जनपद के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मथौली बाजार की रहने वाली सविता (22) के साथ 10 फरवरी 2018 को हुई थी।

हिन्दुस्तान दि. 11/6/22

जुमे की नमाज को लेकर डीएम-एसपी ने धर्मगुरुओं के साथ की बैठक, पुलिस ने थानों में पीस कमेटी की बैठक में की शांति की अपील

# 5 जोन व 20 सेक्टर में बांट कर होगी निगरानी

**जुमे की नमाज**

देवरिया, निज संवाददाता। जुमे की नमाज को शांति पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन ने विशेष तैयारी की है। पिछले शुक्रवार को प्रदेश के कुछ जिलों में हिंसा हुई थी जिसे लेकर प्रशासनिक अमला विशेष सतर्क है। जिले में गुरुवार को डीएम-एसपी ने सदर कोतवाली में धर्मगुरुओं के साथ बैठक की। सभी थानों में भी पीस कमेटी की बैठक कर धर्मगुरुओं से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की गई। इसके अलावा पुलिस ने फ्लैग मार्च भी किया। शांतिपूर्ण नमाज संपन्न कराने के लिए जिले को पांच जोन और 20 सेक्टर में बांटा गया है।

सदर कोतवाली में बैठक के दौरान डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि पिछले दो शुक्रवार से प्रदेश के कुछ जिलों में नमाज के बाद हिंसा हुई है। देवरिया के लोग हमेशा शांति पूर्वक मिल रहते हैं। शुक्रवार को भी सभी लोग शांतिपूर्वक नमाज अदा करें। किसी के बहकावे में न आएं। एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि जिले का माहौल को किसी को बिगाड़ने नहीं दिया जाएगा। शासन की मंशा के अनुरूप जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखा जाएगा। जुमे की नमाज को देखते हुए जिले में पर्याप्त पुलिस और पीएसी को तैनात किया गया है। शांति व्यवस्था में खलल डालने वाले लोगों पर सख्ती की जाएगी। सोशल मीडिया पर फर्जी सूचना और पोस्ट करने वालों पर भी पुलिस निगरानी कर रही है। इस दौरान एडीएम पंकज कुमार, सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी, एसडीएम सौरभ सिंह, कोतवाल अनुज कुमार सिंह, हियुवा के मुन्ना राय समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है। सभी सेक्टर की निगरानी के लिए मजिस्ट्रेट को लगाया गया। नमाज के दौरान पुलिस व पीएसी बल हर जगह मुस्तैद रहेगा।

**मौलाना ने की शांति से नमाज पढ़ने की अपील :** शहर के अबूबकर नगर स्थित जामा मस्जिद के मौलाना अहमद ने कहा कि जिले में अमन चैन का माहौल है। जुमे की नमाज के वक्त भी इसे बनाए रखें। उन्होंने कहा कि कोरोना के बाद से शहर की जामा मस्जिद में कम लोग नमाज पढ़ने आ रहे हैं। अब गांवों और कस्बों में मस्जिद हो गई है। इसलिए लोग स्थानीय मस्जिदों में ही नमाज अदा कर ले रहे हैं। रामपुर कारखाना के मदीना मस्जिद पेश इमाम मोहम्मद आदिल ने कहा कि नमाज सौहार्द का प्रतीक होता है। नमाज के बाद देश में अमन-चैन के लिए दुआ मांगी जाएगी। हाफिज मोहम्मद इरफान खान ने कहा कि जुमे की नमाज छोटी ईद मानी जाती है। इस दिन अल्लाह ताला से की गई हर दुआ कबूल होती है। उन्होंने लोगों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। अंजुमन इस्लामिया के नाजिम आफताब आलम ने कहा कि मुसलमान शुक्रवार को जुमे की नमाज अपने आस-पास की मस्जिदों में पहले की तरह पढ़ें। नमाज के बाद किसी तरह का धरना, प्रदर्शन न करें। जिले में सालों से चली आ रही अमन को कायम रखने की आपसी, प्रेम, भाईचारा की भावना को मजबूत करने की पहल करें। जरूरत पड़ने पर पुलिस, प्रशासन का सहयोग करें।



जुमे की नमाज को लेकर सदर कोतवाली में गुरुवार को धर्मगुरुओं के साथ बैठक करते हुए डीएम व एसपी। • हिन्दुस्तान



गुरुवार को शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा संबंधी रिहर्सल करते हुए पुलिसकर्मी। • हिन्दुस्तान

## पुलिस लाइन में हुई मॉकड्रिल

पुलिस लाइन में पुलिस ने दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ बल्वा ड्रिल का डिमॉस्ट्रेशन किया गया। पुलिस बल द्वारा दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ बल्वा ड्रिल कराया। पुलिसकर्मियों को दंगा नियंत्रण उपकरण बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट और डंडा से लैस होकर दंगा नियंत्रण का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही पुलिस कर्मियों ने रबर बुलेट गन, लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले, एंटी राइट गन, टीयर गैस गन, हैंड ग्रेनेड आदि शस्त्रों के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

## दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ हुआ फ्लैग मार्च

पुलिस अधीक्षक देवरिया के निर्देश पर जिले के सभी क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ अपने अपने थाना क्षेत्र में शुक्रवार की जुमे की नमाज के को लेकर दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च किया गया। किसी भी विषम परिस्थिति से निपटने हेतु पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान आमजन से संवाद स्थापित कर शासन द्वारा जारी आदेश से अवगत कराया गया एवं आपसी भाईचारे के साथ रहने की अपील की गयी। साथ ही आम-जन को आश्वस्त कराया गया की जनपद पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

## संवेदनशील मोहल्लों में ड्रोन से हुई निगरानी

पुलिस ने शहर के संदिग्ध मोहल्लों में ड्रोन से निगरानी की। क्षेत्राधिकारी सदर श्रीयश त्रिपाठी के नेतृत्व में जुमे की नमाज की पूर्व संध्या पर देवरिया नगर के संवेदनशील क्षेत्रों में स्थित मकानों की छतों का ड्रोन कैमरे के द्वारा निगरानी किया गया। सर्चिंग के दौरान कुछ मकानों की छत पर निर्माण सामग्री के अवशेष पाए गए उन्हें पुलिस ने हटवाया। पुलिस कोई भी रिस्क नहीं लेना चाह रही है।

## बोतल में नहीं दिया जा रहा है पेट्रोल

जुमे की नमाज के बाद पत्थरबाजी और पेट्रोल बम की घटनाओं को देखते हुए जिले के पेट्रोल पंपों पर बोतल में डीजल और पेट्रोल नहीं दिया गया। शहर के कुछ पेट्रोल पंप पर पेट्रोल के लिए गए युवकों को पुलिस ने बैरंग वापस भेज दिया।

हिन्दुस्तान दि. 11/6/22

हिन्दुस्तान 17/6/22

# शांति व्यवस्था कायम रखने को फ्लैग मार्च

बरहज। क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए जिला व पुलिस प्रशासन काफी सजग है।

गुरुवार शाम मयफोर्स उप जिलाधिकारी डॉ. गजेंद्र कुमार, सीओ देव आंनंद व थानाध्यक्ष जय शंकर मिश्र ने बरहज कस्बा समेत ग्रामीण अंचलों के चौक चौराहों पर फ्लैग मार्च किया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने शांति और सौहार्द कायम रखने की अपील की। इस दौरान एसआई शेषनाथ कन्नौजिया, राहुल, अमरनाथ सोनकर, विजय मिश्र समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान दि० 10/6/22

# फ्लैग मार्च निकाल शांति बनाए रखने की अपील

## चौकसी

भाटपाररानी, हिन्दुस्तान संवाद। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर गुरुवार को सर्किल क्षेत्र के सभी थानों में पुलिस प्रशासन ने सभ्रांत लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठक की।

बैठक के बाद एसडीएम अरूण कुमार वर्मा, व क्षेत्राधिकारी पंचमलाल के नेत्तव में पुलिस प्रशासन ने भाटपाररानी नगर सहित खामपार, भिगारी बाजार, बनकटा सोहनपुर, रामपुर बुजुर्ग आदि जगहां पर फलैग मार्च निकाल कर लोगों से आपसी भाईचारा व शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उपजिलाधिकारी अरूण कुमार वर्मा, सीओ पंचमलाल ने भाटपाररानी, खामपार व बनकटा थानें पहुच कर सभ्रांत लोगां के साथ बैठक की। बैठक में जुमे की नमाज शांति पूर्वक अदा करने की अपील की गई। इस दौरान अधिकारियों ने आपसी भाईचारा बनाए रखने एवं क्षेत्र में कहीं भी छोटी मोटी विवाद की सूचना तुरंत पुलिस को देने की बात कही। क्षेत्राधिकारी ने कहा कि आमजनमानस के सेवा के लिए पुलिस तंत्पर है। कहीं कोई समस्या आए तो पब्लिक तुरंत पुलिस को सूचित करें। थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने कहा कि लोगां के सुरक्षा के लिए पुलिस चौबिस घंटा मौजूद है। इस दौरान नायब तहसीलदार करन सिंह, थानाध्यक्ष भाटपारानी जितेन्द्र सिंह, खामपार के थानेदार बृजेश कुमार मिश्र, बनकटा दिलीप सिंह आदि पुलिस बल मौजूद रही।



गुरुवार को फ्लैग मार्च निकाल कर शांति बनाए रखने की अपील करती पुलिस।

दै० जागरण दि० 17/06/22

# दंगा नियंत्रण का किया गया पूर्वाभ्यास



पुलिस लाइंस में दंगा नियंत्रण अभ्यास का निरीक्षण करते एएसपी डा. राजेश सोनकर (दाएं) • सौ.पुलिस

जागरण संवाददाता, देवरिया: पुलिस लाइन में गुरुवार को दंगा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान सभी पुलिसकर्मी दंगा नियंत्रण उपकरण डंडा, हेलमेट, केनशील्ड, बाडी प्रोटेक्टर से लैस थे। इस दौरान भीड़ को तितर बितर करना, फायर कैसे किया जाता है, भीड़ में लोगों को चिह्नित करना, गोपनीय रूप से पुलिस कैसे कार्य करती है, संदिग्धों को चिह्नित करना आदि का पूर्वाभ्यास किया गया। एएसपी डा. राजेश कुमार सोनकर, प्रतिसार निरीक्षक पंकज सिंह आदि मौजूद रहे।

दैनिक जागरण दि० 17/06/22

# सात गो-वंशीय पशु बरामद, तीन तस्करों को जेल

जासं, मईल: पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान पिकअप से सात गो-वंशीय पशु गुरुवार को बरामद कर तीन तस्करों को भी गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। तेज रफ्तार पिकअप नजर आई, जिसे पुलिस ने रोक लिया। उसमें से सात गो-वंशीय पशु बरामद किए गए। पुलिस ने डुमरी के रहने वाला अजहर अली, बलिया जनपद के नगरा थाना क्षेत्र के ग्राम लहसनी मठिया के शहाबुद्दीन अली व अल्लाउद्दीन को गिरफ्तार कर लिया।

# कच्ची का धंधेबाज पत्नी के साथ गिरफ्तार, भेजा जेल

रामपुर कारखाना : गुरुवार को पुलिस ने नौतन हथियागढ़ से कच्ची के धंधेबाज टापटेन को पत्नी के साथ गिरफ्तार कर लिया। साथ ही 35 लीटर कच्ची बरामद किया गया। पुलिस ने पांच क्विंटल लहन भी नष्ट किया है। रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के नौतन हथियागढ़ में टापटेन सुनील राजभर व उसकी पत्नी मुन्नी राजभर को पुलिस ने घर में दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से 35 लीटर कच्ची बरामद की गई। साथ ही कच्ची बनाने में प्रयोग होने वाले यूरिया, नौशादर समेत अन्य सामान भी बरामद किया गया।

# नौ लोगों के विरुद्ध मुकदमा

भटनी : सरकारी भूमि पर अनाधिकृत रूप से कब्जा करने के मामले में गुरुवार को पुलिस ने सिसवा गांव के नौ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। यह कार्रवाई पुलिस ने लेखपाल की तहरीर पर की है।

लेखपाल गौतम प्रसाद ने पुलिस को तहरीर दिया है, जिसमें आरोप लगाया है कि गांव के मनोज यादव, अजीत कुमार यादव, अंकित यादव, विक्की यादव, अरविंद यादव, गुलाब पांडेय, योगेंद्र पांडेय, सूर्यप्रकाश पांडेय, वेद प्रकाश पांडेय ने सरकारी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है।

दैनिक जागरण दि 17/06/22

# पैसे के लेनदेन के विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस

जासं, देवरिया: शहर के स्टेशन रोड में पैसे के लेनदेन के विवाद की सूचना पर गुरुवार की रात साढ़े आठ बजे कोतवाली पुलिस पहुंची और दो लोगों को हिरासत में ले लिया।

बताया जा रहा है कि बाहर के कुछ लोग आकर एक होटल में रुके थे। उनके साथ महिलाएं भी थी। एक किराना दुकानदार के यहां सामान लेने के बाद भी दो हजार रुपये नहीं दिए।

किराना दुकानदार की सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच की। कोतवाल अनुज सिंह ने बताया कि पैसे के लेनदेन का विवाद है। जांच की जा रही है।

# साइबर क्राइम सेल ने वापस कराया चार लोगों के रुपये

जागरण संवाददाता, देवरिया : पुलिस अधीक्षक को चार लोगों ने खाते से पैसा निकालने का शिकायती पत्र सौंपा। जिसे एसपी ने गंभीरता से लेते हुए साइबर सेल को कार्रवाई के लिए लगाया। साइबर सेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार व्यक्तियों का तीन लाख तैंतालिस हजार पांच सौ साठ रुपये खाते से अवैध तरीके से निकाले गए धनराशि को उनके खाते में वापस करा दिया। दीनानाथ प्रजापति, लार के खाते में छह हजार साठ रुपये, अखिलेश कुमार शर्मा, देवरिया के खाते में पांच हजार रुपये, अनिता विश्वकर्मा पत्नी हरेराम विश्वकर्मा, सिरजमदेई, थाना गौरीबाजार के खाते में एक लाख उन्यासी हजार रुपये, गोविंद गुप्ता पुत्र राधेश्याम गुप्ता मझवलिया नं. चार, सलेमपुर के खाते में एक लाख तिरपन हजार रुपये वापस कराया गया।

दैनिक जागरण दि० 17/06/22

# भड़काऊ पोस्ट डालने पर होगी सख्त कार्रवाई : डीएम



शहर के स्टेशन रोड पर पैदल मार्च करते जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, एसपी संकल्प शर्मा, सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी (दाएं), एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज, एसडीएम सौरभ सिंह (बाएं) • जागरण

जागरण संवाददाता, देवरिया: जुम्मे की नमाज के दृष्टिगत सेंट्रल पीस कमेटी की कोतवाली में गुरुवार की शाम बैठक आयोजित की गई। जिसमें विभन्न धर्म गुरुओं के साथ अधिकारियों ने बैठक की। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि इंटरनेट मीडिया पर कई शरारती तत्व घृणित व कुत्सित विचार को बढ़ावा देते हैं, ऐसे लोगों पर लगाम कसने के लिए विशेष निगरानी की जा रही है। यदि कोई भी व्यक्ति धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाली पोस्ट इंटरनेट मीडिया पर शेयर करेगा तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी।

पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने कहा कि शुक्रवार को जुम्मे की नमाज को सकुशल कराने के लिए जिले के संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात कर दी गई है। विशेष सतर्कता बरती जा रही है। साथ ही संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की जांच की जा रही है, जो भी अराजक तत्व माहौल खराब करने की कोशिश करेगा, उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि जुम्मे की नमाज के दृष्टिगत शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए जनपद को 5 जोन व 20 सेक्टर में बांटा गया है। जनपद में संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल द्वारा गश्त की जा रही है। एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज, पुलिस अधीक्षक डा.राजेश सोनकर, सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी, एसडीएम सौरभ सिंह, व धर्म गुरु तथा व्यापारमंडल अध्यक्ष अखिलेश जायसवाल,मुन्ना राय आदि मौजूद रहे।

**डीएम,एसपी के साथ अधिकारियों ने किया पैदल मार्च** : देवरिया: उधर देर शाम डीएम व पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने शहर के अबूबकरनगर, स्टेशन रोड, मालवीय रोड समेत अन्य मार्ग पर पैदल मार्च कर लोगों के अंदर सुरक्षा का भाग जागृत किया।

# महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक

तरकुलवा : मिशन शक्ति अभियान के तहत क्षेत्र के सोनहुला रामनगर स्थित पंचायत भवन में बालिकाओं व महिलाओं को चौपाल लगाकर जागरूक किया गया। प्रभारी निरीक्षक टीजे सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गांव पहुंची और लोगों को जागरूक किया।

अ० उजाला 17/6/22

## तीन पशु तस्कर गिरफ्तार

मईल। स्थानीय चौराहे पर पुलिस ने बुधवार देर शाम वाहन चेकिंग के दौरान पिकअप से सात पशुओं को मुक्त करा दिया और तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मईल थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि चौराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान पकड़े गए आरोपी की पहचान भलुअनी थाना क्षेत्र के डुमरी गांव निवासी अजहर अली, बलिया जनपद के नगरा थाना क्षेत्र के लहसनी मठिया के अलाउद्दीन व शहाबुद्दीन अली के रूप में हुई है।

## किशोरी को भगाने का मुकदमा दर्ज

तरकुलवा। थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को बहला-फुसला कर भगाने के मामले में अपहृता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पिता ने पुलिस को कहा है कि उनकी 16 वर्षीय बेटी को एक युवक कुछ लोगों के सहयोग से भगा लिया है। संवाद

# मारपीट में धारदार हथियार से युवक जख्मी

**बरहज।** नगर के थाना मार्ग स्थित पुलिस चौकी के निकट सहदेव गली के सामने सड़क पर बुधवार की शाम दो पक्षों में विवाद हो गया। लोग जब तक कुछ समझ पाते, मारपीट में पटेल नगर निवासी यूनुस हाशमी जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए ले जाया गया। चिकित्सक ने हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रात करीब आठ बजे यूनुस हाशमी और आजाद नगर उत्तरी निवासी वरिया पुत्र संतोष चौहान से विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों में मारपीट होने लगी। इससे अफरातफरी का माहौल हो गया। 13 जून को भी किसी बात पर दोनों में विवाद हुआ था। मारपीट में धारदार हथियार से हमले से यूनुस घायल हो गया। थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र ने बताया कि यूनुस की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है। मामले की तस्दीक की जा रही है। संवाद

अ. उजाला 11/8/22

# कच्ची शराब के साथ दंपती गिरफ्तार

रामपुर कारखाना। थाने के टॉप टेन बदमाश और उसकी पत्नी को बुधवार की रात को घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घर में चल रही शराब भट्ठी को नष्ट कर दिया। नौतन हथियागढ़ निवासी सुनील राजभर और उसकी पत्नी मुन्नी राजभर घर से ही अवैध शराब की फैक्ट्री संचालित करते थे। दोनों पर कुछ दिन पहले ही गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने सुनील राजभर पर इनाम भी घोषित किया था। पुलिस ने रात में घर पर छापा मारा। इस दौरान 35 लीटर अवैध शराब बरामद हुई। संवाद

अमर उजाला दि० 17/6/22

# चोरी के ट्रक के साथ दो गिरफ्तार

मेहरौनाघाट। पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान बुधवार देर शाम मेहरौना पुलिस चौकी के पास चोरी के ट्रक के साथ दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों ने ट्रक को प्रयागराज के फूलपुर से एक सप्ताह पूर्व चुराया था और बेचने छपरा लेकर जा रहे थे।

मेहरौना के चौकी प्रभारी रामग्रीस चौहान ने बताया कि लार के मेहरौना चेक पोस्ट पर दीवान इश्तेहार व सिपाही राजन सिंह, नीतीश यादव व सर्वेश कुमार यादव के साथ के साथ चेकिंग कर रहे थे कि लार रोड की तरफ से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक को रोक उसकी जांच की। आरोपी ट्रक के बार में कुछ जवाब नहीं दे पाए। सख्ती से पूछताछ की गई तो आरोपियों ने ट्रक चोरी का बताया। पुलिस ने चोरी के ट्रक को कब्जे में लेकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान ग्यासुद्दीन निवासी मुहम्मद आजाद नगर थाना प्रतापगढ़ व अशोक पटेल निवासी कटर गुलाब सिंह थाना जेठवारा प्रतापगढ़ के रूप में हुई है। एसओ नवीन सिंह ने बताया कि ट्रक प्रयागराज से चुराई गई थी। संवाद

अमर उजाला दि० 17/06/22

# सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डाली तो कार्रवाई

## जुमे की नमाज के मद्देनजर सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक में बोले डीएम, विभिन्न थानों में भी हुई शांति समिति की बैठक







सदर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक को जिलाधिकारी ने संबोधित किया। खामपार थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। बरहज में अधिकारियों के नेतृत्व में पैदल मार्च करती पुलिस। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा की उपस्थिति में बृहस्पतिवार को सदर कोतवाली में सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें आपस में प्रेम भाव का वातावरण बनाए रखने के लिए विभिन्न धर्म गुरुओं के साथ विचार-विमर्श किया गया।

डीएम ने कहा कि सोशल मीडिया पर कई पोस्ट गलत विचारधारा को बढ़ावा देते हैं। ऐसे लोगों पर लगाम लगाने के लिए विशेष निगरानी की जा रही है। यदि कोई भी व्यक्ति धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाली पोस्ट सोशल मीडिया पर शेयर करेगा तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी जनपदवासियों से आपसी प्रेम व सद्भाव के साथ मिलजुलकर



सदर रेलवे स्टेशन पर ड्रोन कैमरे से की गई निगरानी।

रहने और नियमों का पालन करने की अपील की।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शुक्रवार को जुमे की नमाज को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिले के संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग भी की जा रही है। इसमें उपस्थित सभी धर्म गुरुओं ने एक स्वर में आपसी प्रेम व सद्भाव बनाए रखने के लिए प्रशासन को हर संभव सहयोग देने के लिए आश्वासन दिया। इस दौरान एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. राजेश सोनकर, एसडीएम सौरभ सिंह सहित कई अधिकारी एवं धर्म गुरु मौजूद रहे।

### जुमे की पूर्व संध्या पर कड़ी निगरानी

देवरिया। जुमे की नमाज को देखते हुए बृहस्पतिवार की शाम को संवेदनशील क्षेत्रों के घरों और छतों का ड्रोन कैमरे द्वारा निरीक्षण किया गया। जिस मकान की छतों पर निर्माण सामग्री के अवशेष पाए गए उन्हें तत्काल हटाने का निर्देश दिया गया है। जुमे की नमाज को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई है। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर उससे संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जनपद को पांच जोन और 20 सेक्टरों में बांटा गया है। संवेदनशील जगहों पर पुलिस की टीम नमाज के समापन होने तक मौजूद रहेगी।

## नमाज के समय शांति व्यवस्था की अपील

भाटपाररानी। जुमे की नमाज को लेकर बृहस्पतिवार को सर्किल के भाटपाररानी, खामपार और बनकटा में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें मुस्लिम समुदाय के मौलाना एवं हिंदू समाज के लोग शामिल हुए। एसडीएम अरुण कुमार ने कहा कि शुक्रवार को होने वाली नमाज के दौरान शांति व्यवस्था को बनाए रखने और किसी के बहकावे में न आए। कहा कि शांति व्यवस्था और अमन चैन से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। क्षेत्राधिकारी पंचम लाल ने कहा कि हम सबको आपस में प्रेम भाव बना कर रहना चाहिए। कुछ असामाजिक तत्व हमारे प्रेम भाव को बिगाड़ने में लगे हैं, जिसे विफल करना होगा। थानाध्यक्ष बृजेश मिश्र ने कहा कि कानून को अपने हाथों में लेने वालों से पुलिस प्रशासन सख्ती से निपटेगी। हमें शांति व्यवस्था का पालन करना चाहिए और जरूरत पड़ने पर पुलिस से सीधे संवाद करना चाहिए। इस दौरान एसआई अम्बरीश मौर्य, एसआई विजय सिंह, एसआई अरविंद सिंह, राहुल कुमार, विपिन यादव, धर्मेंद्र यादव, बृजभान, मुर्तजा अंसारी, परवेज आलम, मो नसीम, नसीम, आलम, मुर्तजा, परवेज, नसीर हुसैन, सलाउद्दीन, बिस्मिल्लाह, महबूब अंसारी, नौशाद अंसारी, सिराज जावेद, जियाउल हक, सिराज अहमद आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने किया पैदल मार्च

बरहज। अधिकारियों और पुलिस ने शुक्रवार को होने वाले जुमे की नमाज को लेकर पैदल मार्च भी किया। एसडीएम राजेंद्र सिंह और सीओ देवआनंद के निर्देश पर पुलिस पूरे दिन सतर्क रही। थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र, मालुअनी में मुकेश मिश्र हालात पर नजर रखे हुए थे। बरहज में मुख्य चौक, नगरपालिका, रेलवे स्टेशन, पैना मार्ग आदि जगहों पर पुलिस गश्त कर रही थी। अधिकारियों के अनुसार सेना में अग्निपथ योजनांतर्गत अगले साल माह में 40 हजार अग्निवीरों की भर्ती की जानी है। इसके विरोध में कुछ जगहों पर व्यवस्था बदलने की मांग करते हुए युवाओं ने विरोध-प्रदर्शन किया गया। वहीं दूसरी ओर शुक्रवार को जुमे की नमाज के लिए शांति बनाए रखने के लिए नगर सहित कपरवार, पैना आदि जगहों पर पुलिस ने पैदल और वाहनों से रूट मार्च किया। वहीं दंगा से निपटने के लिए हेलमेट, प्रोटेक्टर आदि लगाकर पूर्वाभ्यास किया। इस दौरान एसएसआई सुभाष चंद्र पांडेय, अमरनाथ सोनकर, हवलदार राम, अखिलेश कुमार, आशीष कुमार, मिथिलेश कुमार, रामराज, मुन्ना खरवार, अजय कुमार यादव, सूरज आदि मौजूद रहे।

KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-06-2022

# 18 वाहन नीलाम

हाटा। बृहस्पतिवार को स्थानीय कोतवाली में लावारिस हालत में पड़े 18 वाहनों की नीलामी कराई गई। नीलामी से 2,61,000 रुपये की आय हुई, जिसे सरकारी खजाने में जमा करा दिया गया है। लावारिस माल निस्तारण अभियान के तहत थाना कोतवाली हाटा परिसर में कुल 18 वाहनों की नीलामी के लिए सभी कागजी कार्यवाही पहले ही पूरी कर ली गई थी। इसके लिए एसडीएम को रिपोर्ट प्रेषित की गई थी। संवाद

### जिले में 76 मजिस्ट्रेट करेंगे निगरानी, संबंधित एसडीएम होंगे नोडल अधिकारी

# कड़ी सुरक्षा के बीच होगी जुमे की नमाज

- अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई, बयान भी संभल कर देने के निर्देश
- कानपुर बवाल के बाद से पुलिस प्रशासन नमाज को लेकर है अलर्ट

## निगरानी

पडरौना, निज संवाददाता। कानपुर में हुए बवाल के बाद से ही प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही पुलिस जुमे की नमाज को लेकर काफी अलर्ट है। जिले में आज शुक्रवार को जुमे की नमाज कड़ी सुरक्षा के बीच होगी। चिह्नित किये गये संवेदनशील मस्जिदों में जुमे की नमाज के दौरान नामित मजिस्ट्रेट वहां शांति व्यवस्था को लेकर निगरानी करेंगे। संबंधित क्षेत्र के एसडीएम को निगरानी के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है साथ ही सभी थानों के एसओ को नमाज के दौरान वहां की वीडियो रिकॉर्डिंग कराने के भी निर्देश दिये गये हैं। इसकी ड्रोन कैमरे से निगरानी होगी।

जुमे के नमाज के दिन कानपुर एवं उसके बाद अन्य जिलों में हुए हिंसात्मक उपद्रव को देखते हुए कुशीनगर जिले में भी जुमे की नमाज को लेकर हाई अलर्ट जारी किया गया है। इसके पहले ही जिले में अमन और शांति बनाये रखने के लिए सभी थानों में धर्म गुरूओं के साथ गोष्ठी आयोजित की गयी। बीते मंगलवार को डीएम एस. राजलिंगम एवं एसपी धवल जायसवाल द्वारा समस्त प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी एवं सभी धर्मों धर्मगुरूओं के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में अमन और शांति बनाये रखने के उद्देश्य से गोष्ठी आयोजित की गयी थी। इसमें डीएम ने सभी धर्मगुरुओं से कहा था कि किसी भी प्रकार के कारणों से जनपद की शांति व्यवस्था खराब नहीं होनी चाहिये। जबकि एसपी ने कहा था कि जनपद की सोशल मीडिया सेल बारीकी से सोशल मीडिया की निगरानी कर रही है और आपत्तिजनक टिप्पणी करने वालों पर विधिक कार्रवाई की जा रही है। एसपी ने समस्त धर्म गुरुओं से जनपद के सभी आमजनों को शान्तिपूर्ण एवं भाईचारे से रहने के लिए जागरुक करने की अपील की थी। साथ ही अपील की थी कि किसी प्रकार के भ्रामक संदेश प्रसारित न करें तुरन्त नजदीकी पुलिस थाना और पुलिस चौकी को सूचित करें।



शाति व्यवस्था को लेकर जुमे के एक दिन पहले गुरुवार को खड्डा में पुलिस के साथ पैदल मार्च करती एसडीएम उपमा पांडेय। • हिन्दुस्तान

> हमारे भारतीय लोकतांत्रिक समाज में नफरत व हिंसा की कोई जगह नहीं है। मुसलमान बेहद अमनपसंद कौम है। जुमे की नमाज अमन व शांति के माहौल में ही होती है और तभी खुदा को कबूल होती है। इसलिए सभी से अपील है कि समाज में अमन व शांति का माहौल कायम रखने में प्रशासन की मदद करें।
>
> -मुफ्ती रजाउल मुस्तफा कादरी, इमाम, जामा मस्जिद पडरौना।

> मुस्लिम समाज के लोगों से अपील है कि किसी भी बहकावे में आकर हम अपने पैगंबर मोहम्मद हजरत सल्लाहु के बताए रास्ते से हटकर ऐसा कोई काम न करें, जिससे समाज व हमारी मिल्लत को कोई आंच आये। नबी ने ताजिदगी शांति व सब्र की नसीहत दी है ना कि धर्म के नाम पर खुराफात करने की।
>
> -मौलाना सरफ़राज़ अहमद क़ासमी, इमाम, जामा मस्जिद कतरौली बाजार

# विदेश भेजने वाले युवक को उठाया, तीन घंटे में बरामद

**जोकवा बाजार।** विदेश भेजने का कार्य करने वाले एक युवक को दस बारह की संख्या में आए लोगों ने उठा लिया। सूचना पर पुलिस सक्रिय सक्रिय हुई तो उसे छोड़ कर भाग गए। तीन घंटे के भीतर पुलिस ने उसे बरामद कर लिया। मामला पैसे के लेनदेन व वीजा विवाद से संबंधित निकला है। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के ग्राम लवकुश निवासी शफीक जोकवा बाजार में दुकान खोल कर युवकों को विदेश भेजने का कार्य करता है।

गुरुवार को 4 बजे के करीब दो चारपहिया वाहन से दस बारह की संख्या में आए लोगों ने दुकान में घुस कर युवक को गाड़ी में जबरन बैठा लिया और निकल गए। आस पास के दुकानदारों को जब तक समझ आता, तब तक गाड़ी में बाजार से निकल चुकी थी। अपहरण की सूचना पर पहुंची मधुरिया चौकी की पुलिस छानबीन में जुट गई। जगह बतायी कि कहां उन्हें पैसे पहुंचाने हैं। परिजनों की सूचना पर बदमाशों के बताए स्थान पर पुलिस पहुंच गयी तो युवक को बरामद कर लिया गया।

# गैंगस्टरों की अवैध संपत्तियों को जब्त करें

## समीक्षा बैठक

पडरौना, निज संवाददाता। गोरखपुर परिक्षेत्र के डीआईजी जे रविन्दर गौड़ मंगलवार को देर शाम पुलिस लाइन के सभागार में पुलिस अफसरों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि गैंगस्टरों की अधिक से अधिक अवैध संपत्तियों को जब्त किया जाय। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

डीआईजी ने कहा कि गोष्ठी आयोजित कर सभी धर्मगुरुओं को बताया जाय कि किसी भी प्रकार के कारणों से जनपद की शांति व्यवस्था खराब नहीं होनी चाहिये अन्यथा कड़ी वैधानिक कार्रवाई अमल में लायी



गुरुवार को देर शाम पुलिस लाइन में पुलिस अफसरों की बैठक लेते डीआईजी जे रविन्दर गौड़। • हिन्दुस्तान

जायेगी। डीआईजी जे रविन्दर गौड़ ने एसपी धवल जायसवाल की उपस्थिति में पुलिस लाइन स्थित सभागार में अपराध गोष्ठी कर कानून-व्यवस्था की समीक्षा की, जिसमें उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। गोष्ठी के प्रारम्भ में कानून व्यवस्था की स्थिति की जानकारी ली और जनपद के विभिन्न थानों से आये थाना प्रभारियों को अपने अधीनस्थों से प्रतिदिन वार्ता कर उनकी समस्याओं का निराकरण करने का निर्देश दिया। डीआईजी ने कहा कि टॉप-10 व10 साल में चिन्हित अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्रवाई की जाय। टाप-10 अपराधियों की सूची को निरन्तर अपडेट करते हुए नये अपराधियों को सूची में सम्मिलित किया जाय साथ ही उनके निवास स्थान पर नियमित चेकिंग व निगरानी की जाय। उन्होंने कहा कि आपराधिक घटना की सूचना पर तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे तथा आवश्यक कार्रवाई करें। गैंगेस्टर अधिनियम के अंतर्गत थानों द्वारा की गयी कार्रवाई की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक अवैध सम्पत्ति जब्तीकरण करने के लिए निर्देश दिया।

# पुलिस ने लोगों को किया जागरूक

नेबुआ नौरंगिया। नेबुआ नौरंगिया पुलिस ने थाना क्षेत्र के चौक चौराहों पर भ्रमण कर जन आवाम को यूपी कॉप एप्लीकेशन व साइबर अपराध से बचाव के प्रति जागरूक किया।

प्रशिक्षु सब इंस्पेक्टर विनायक यादव ने अपने टीम के साथ थाना क्षेत्र के नौरंगिया तिराहा व पकड़ियार बाजार में भ्रमण कर यूपी कॉप तथा साइबर अपराध से बचाव हेतु लोगों को जागरूक किया।एसआई विनायक यादव ने बताया कि यूपी कॉप एप्लिकेशन के माध्यम से आप बिना थाने गए कहीं से भी वाहन चोरी, वाहन लूट, नाबालिक बच्चों की गुमशुदगी, मोबाइल स्नेचिंग, साइबर अपराध आदि का मुकदमा पंजीकृत कर सकते हैं।



गुरुवार की शाम पडरौना नगर में एसपी और एएसपी के नेतृत्व में पैदल मार्च करते पुलिस के जवान। • हिन्दुस्तान

# पैदल मार्च निकाल शांति व सद्भाव का दिया संदेश

कुशीनगर, हिन्दुस्तान टीम। जुमे की नमाज के मद्देनजर गुरूवार को जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस अफसरों के नेतृत्व में पुलिस फोर्स ने पैदल मार्च किया। इस दौरान लोगों से अमन-चैन कायम रखने का संदेश दिया गया। साथ ही हिदायत दी गयी कि किसी भी व्यक्ति ने अशांति फैलाने की कोशिश को तो पुलिस उससे सख्ती से निपटेगी।

पडरौना में देर शाम को एसपी धवल जायसवाल, एएसपी रितेश कुमार सिंह, सीओ सदर कुंदन सिंह, एसडीएम महात्मा सिंह के नेतृत्व में पुलिस फोर्स ने पूरे नगर का पैदल भ्रमण किया।

हाटा संवाद के अनुसार नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में अमन-चैन कायम रखने के उद्देश्य से एसडीएम वरुण कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस ने हाटा नगर में पैदल मार्च निकाला और लोगों में शांति व्यवस्था बनाये रखने का संदेश दिया।

खड्डा संवाद के अनुसार एसडीएम उपमा पाण्डेय के नेतृत्व में इंस्पेक्टर धनवीर सिंह सहित मयफोर्स कस्बे में पैदल मार्च निकाल लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

सेवरही संवाद के अनुसार प्रभारी निरीक्षक सेवरही आशुतोष कुमार सिंह की अगुवाई में पैदल मार्च किया गया। इस दौरान भारी पुलिस बल के साथ पैदल मार्च करते हुए लोगों से किसी प्रकार के अफवाह से बचने तथा आपसी सौहार्द और भाईचारा को बढ़ावा देने की अपील की गई।

SIKSH

# वाहनों से जुटाए 2.61 लाख

हाटा। जनपद में चलाए जा रहे लावारिस माल निस्तारण अभियान के तहत गुरुवार को हाटा कोतवाली परिसर में एसडीएम वरुण कुमार पाण्डेय के अध्यक्षता में कुल 18 लावारिस वाहनों की नीलामी कर 2,61000 रुपये रकम जुटाई गयी, जिसे सरकारी खजाने में जमा करा दिया गया है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत उपजिलाधिकारी हाटा वरुण कुमार पाण्डेय के अध्यक्षता में कोतवाली परिसर में कोतवाल आरके सिंह के देखरेख में लावारिस दाखिल 18 बाइकों की नीलामी की प्रक्रिया शुरू हुई।

# असलहे के साथ एक गिरफ्तार

कुशीनगर। जिले की विशुनपुरा थाने की पुलिस ने अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में गुरूवार को मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान गगलवा पुल के पास से एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से कट्टा-कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गये व्यक्ति की पहचान घनश्याम गुप्ता पुत्र शंकर गुप्ता निवासी गोड़रिया मेला लाला टोला थाना विशुनपुरा के रूप में हुई। पुलिस ने उसे आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# पुलिस ने टप्पेबाज को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हाटा। हाटा कोतवाली पुलिस ने महिला को झांसा देकर कागज की गड्डी थमा 10 हजार रुपये उड़ा ले जाने वाले टप्पेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर जिले में अपराध व अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे। टप्पेबाज कलामुद्दीन पुत्र अंसारी मियां निवासी बेलवतिया थाना पिपरा कोठी जनपद मोतीहारी बिहार का रहने वाला है।

# कोटेदारों से एसएमआई ने ली कमीशन, केस दर्ज

**कलंक के खिलाफ**

**खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद।** खड्डा ब्लॉक के एसएमआई, कोटेदारों से माल ढुलाई की रकम में से कमीशन खा रहे थे। ढुलाई की रकम ऑनलाइन कोटेदारों खाते में भेजने से पहले उन्होंने सभी से चेक से कमीशन वसूले। शिकायत पर डीएम ने एसडीएम खड्डा से जांच करायी तो इसकी पुष्टि हो गयी। डीएम के निर्देश पर खड्डा पुलिस ने खड्डा के एसएमआई पवन पांडेय के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली में डोर स्टेप डिलेवरी सिस्टम (खाद्य विभाग विभाग के गोदाम से कोटेदार के गोदाम तक राशन पहुंचाने का सिस्टम) लागू होने से पहले कोटेदारों को ब्लॉक के एसएमआई गोदाम से अपने गांव के गोदाम तक खुद राशन की ढुलाई करनी पड़ती थी। सरकार बाद में यह रकम एसएमआई के माध्यम से कोटेदारों को मिलती थी। खड्डा क्षेत्र के कोटेदारों का सालों से माल ढुलाई के मद का पैसा बाकी था। सरकार ने इस बकाये धनराशि को देने का आदेश इस बीच जारी किया है। रकम सभी के खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर करने के आदेश थे। खड्डा के कोटेदारों से एसएमआई व उनके चहेतों ने ट्रांसफर करने के लिए कमीशन की मांग की।

# 50 वर्षीय व्यक्ति का सड़क के किनारे मिला शव

पनियहवा। खड्डा-पनियहवा रोड पर पनियहवा चौराहे के समीप सड़क किनारे गुरुवार की दोपहर एक 50 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला। इसकी सूचना पर पहुंचे परिजनों ने बीमारी से मौत बताकर शव को घर ले गए और उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

गुरुवार की दोपहर पनियहवा सड़क के किनारे एक वृद्ध का शव पड़ा मिला, जिसकी सूचना एक राहगीर ने स्थानीय दुकानदारों को दी। सूचना पर भारी भीड़ जुट गई। पॉकेट में मौजूद आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त थाना क्षेत्र के बोधीछपरा गांव निवासी रोगी निषाद उम्र 50 पुत्र रामगोपाल के रूप में हुई तो ग्रामीणों ने परिजनों को इसकी सूचना दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि वह कई दिनों से बीमार चल रहे थे। आज घर से निकले हैं। बीमारी से ही इनकी मौत हो गई है। शव को घर ले जाकर परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया।

# प्रशासन अलर्ट, लगाए गए 76 मजिस्ट्रेट

## संवेदनशील मस्जिदों की होगी वीडियोग्राफी, एसडीएम होंगे नोडल अधिकारी, रखेंगे निगरानी

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड में है। शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर छह तहसीलों में 76 मजिस्ट्रेट तैनात किए गए है, जिनकी अलग-अलग संवेदनशील मस्जिदें पर ड्यूटी लगाई गई है, जो पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहेंगे। यह जानकारी देते हुए गुरुवार को एडीएम देवी दयाल वर्मा ने बताया कि एसडीएम संबंधित तहसील क्षेत्र के नोडल होंगे, जो पूरी व्यवस्था पर निगरानी रखेंगे। संबंधित थानों के एसओ नमाज से संबंधित वीडियोग्राफी कराएंगे।

बताया कि कलेक्ट्रेट स्थित एक कक्ष में कंट्रोल रूम बनाया गया है, जहां दूरभाष नंबर 05564- 260590 पर संबंधित अधिकारी रिपोर्ट करेंगे। बताया कि मजिस्ट्रेट व अधिकारी क्षेत्र में भ्रमण कर वस्तु स्थिति पर निगरानी रखेंगे। वास्तविक स्थिति का आकलन पहले ही कर लिया जाय। निर्देश दिया गया है कि असामाजिक तत्वों व इंटरनेट मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों को चिह्नित कर सख्त कार्रवाई करें।



पडरौना नगर में पैदल मार्च में शामिल दाएं से सीओ सदर कुंदन कुमार सिंह, एएसपी रितेश कुमार सिंह, एसपी धवल जायसवाल व एसडीएम महात्मा सिंह ● जागरण

**पैदल मार्च कर पुलिस ने कराया सुरक्षा अहसास : पडरौना:** गुरुवार को नगर समेत प्रमुख कस्बों में पुलिस फोर्स ने भ्रमण कर आमजन में सुरक्षा का अहसास कराया। नगर में एसपी धवल जायसवाल, एएसपी रितेश कुमार सिंह, एसडीएम महात्मा सिंह, सीओ कुंदन सिंह, कोतवाल निर्भय कुमार सिंह समेत फोर्स के साथ पैदल गश्त के दौरान प्रमुख मार्गों, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों, वस्तुओं की जांच की गई। ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। इस दौरान भीड़भाड़ वाले स्थानों में भ्रमण करते हुए आमजन, दुकानदारों, धर्मगुरुओं, मस्जिदों के ईमाम व मौलाना से मुलाकात कर वार्ता करते हुए अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गयी।

तरयासुजान संवाददाता के अनुसार तमकुही कस्बे में एसडीएम व्यास नारायण उमराव के नेतृत्व में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। एसडीएम ने चेताया कि अगर कोई भी असामाजिक तत्व शांति व्यवस्था में खलल पैदा करने की कोशिश किया तो इसका अंजाम बुरा होगा। इस दौरान अधिकारियों ने अवैध ठेलों, सवारी गाड़ियों और अवैध अतिक्रमणकारियों को चेताया गया।

तहसीलदार दीपक गुप्ता, प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी, लेखपाल अश्विनी राय, लेखपाल अशोक वर्मा, शैलेन्द्र मिश्र आदि मौजूद रहे। जोकवा बाजार संवाददाता के अनुसार तुर्कपट्टी एसओ जेपी पाठक ने क्षेत्र के लाला गुरवालिया, जोकवा बाजार, रज्जब पिपरा, बैरागी पट्टी,शंकरपुर घोरठ, शेखवा टोला, तुर्कपट्टी बाजार, रुदवालिया, बसडीला पांडेय आदि में भ्रमण कर लोगों से सौहार्द बनाने की अपील की। इस दौरान चौकी प्रभारी अवधेश सिंह, एसआई रामकुमार आत्रेय ,दिनेश चंद यादव, अनुराग यादव, सोनू कुमार, स्वाति सिंह, अंजलि सिंह, विनोद यादव, शालू सिंह, सृष्टि सिंह आदि मौजूद रहे। अहिरौली बाजार संवाददाता के अनुसार प्रभारी निरीक्षक पंकज गुप्ता ने विभिन्न चौराहों पर भ्रमण कर लोगों में सुरक्षा का अहसास कराया। कसया कार्यालय के अनुसार बाजार में भ्रमण करते हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट पूर्ण बोरा व एसएचओ सुधीर कुमार सिंह ने शांति बनाए रखने की अपील की।

# लावारिस बाइक की नीलामी से मिला 2.61 लाख राजस्व

**जासं., हाटा:** पुलिस विभाग की ओर से जनपद में चलाए जा रहे लावारिस माल निस्तारण अभियान के तहत गुरुवार को हाटा कोतवाली से 18 बाइक की नीलामी की गई। इससे विभाग को दो लाख 61 हजार रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान में एसडीएम वरुण पांडेय की उपस्थिति में नीलामी कराई गई। प्रभारी निरीक्षक आरके सिंह, एसआइ भिक्खु राय, वीरेंद्र यादव, विजय कुमार मिश्र, मुन्ना सिंह आदि मौजूद रहे।

# अभियान चलाकर जब्त करें गैंगस्टरों की अवैध संपत्ति

- महिला अपराध से जुड़े मामलों में करें कठोर कार्रवाई : डीआइजी
- अधीनस्थों संग बैठक कर मुद्दों चर्चा करें थाना प्रभारी

**जागरण संवाददाता, पडरौना :** डीआइजी रेंज गोरखपुर जे रविन्दर गौड ने मंगलवार को देर शाम पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अफसरों संग बैठक की। कहा कि गैंगेस्टरों की अधिक से अधिक अवैध संपत्ति जब्त की जाए। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गोष्ठी आयोजित कर सभी धर्मगुरुओं को बताया जाए कि जनपद की शांति व्यवस्था बनाए रखने में पूरा सहयोग करें।

डीआइजी ने कानून-व्यवस्था की समीक्षा की, जिसमें उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विभिन्न थानों से आए थाना प्रभारियों को अपने अधीनस्थों से प्रतिदिन वार्ता कर उनकी समस्याओं का निराकरण करने का निर्देश दिया। महिला सशक्तीकरण के लिए चलाए जा रहे अभियान, महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए त्वरित कार्रवाई की बात कही। लंबित विवेचनाओं के निस्तारण, वांछित, वारंटियों एवं पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी और छह माह से अधिक समय से लंबित विवेचनाओं की समीक्षा कर त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। कहा कि शराब के अवैध धंधे तथा मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जाए। टाप 10 तथा 10 साल में चिन्हित अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्रवाई की करने का निर्देश दिया। शहर व ग्रामीण इलाकों में रात्रि गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया। कहा कि आपराधिक घटना की सूचना पर तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। आवश्यक कार्रवाई करें।

गैंगस्टर अधिनियम के अंतर्गत थानों द्वारा की गई कार्रवाई की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक अवैध संपत्ति जब्तीकरण का निर्देश दिया। शांति व्यवस्था को लेकर गोष्ठी आयोजित कर सभी धर्मगुरुओं को बताया जाए कि किसी भी प्रकार के कारणों से जनपद की शांति व्यवस्था खराब नहीं होनी चाहिए। बैठक में एएसपी रितेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# बाइक चुराकर भाग रहा युवक धराया

**भैसही बाजार :** अहिरौली बाजार थाने के भैसहीं गांव में पोखरा घाट का निर्माण चल रहा है। पकड़ी गांव के इंद्रेश बाइक से कार्य करने आए थे ।उनकी बाइक चुराकर एक युवक भाग रहा था, लेकिन लोगों ने पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस बाइक चोर को थाने ले गई। (जासं.)

# संदिग्ध वाहन चिह्नित, पुलिस ने तेज की जांच

## वाहन से रौंदकर कर हेड कांस्टेबल की हत्या के मामले का शीघ्र होगा पर्दाफाश : एसपी

**जासं, पडरौना:** तरयासुजान थाने पर तैनात हेड कांस्टेबल धर्मवीर यादव की अज्ञात चालक द्वारा तुर्कपट्टी में वाहन से कुचलकर हत्या के मामले में पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कुछ वाहनों को चिह्नित की है। नंबर के आधार पर इनकी जांच पड़ताल की जा रही है। पुलिस के लिए चुनौती बनी यह घटना क्षेत्र में भी चर्चा का विषय है कि आखिर किसने इतना बड़ा दुस्साहस किया है।

अपराधियों की धरपकड़ को लेकर बुधवार की देर रात दो बजे तीन थानों की पुलिस व स्वाट टीम द्वारा संयुक्त रूप से की जा रही चेकिंग के दौरान अज्ञात वाहन चालक ने हेड कांस्टेबल की कुचलकर हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया है। वाहन चालक को पकड़ने के लिए हाईवे व बाजार किनारे लगे सीसी कैमरों की मदद ली जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने कुछ संदिग्ध वाहनों को चिह्नित भी किया है। इनके नंबर के आधार पर इनकी व इनके चालकों की जांच पड़ताल की जा रही है। इसकी पुष्टि करते हुए एसपी धवल जायसवाल न बताया कि शीघ्र ही घटना को अंजाम देने वाला पुलिस की पकड़ में होगा। पशु तस्करों के होने की बात पर कहा कि अभी तक ऐसा कुछ सामने नहीं आया है। वाहन पकड़ में आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि वाहन किसका था और पर उस पर क्या लादा गया था।

### तीन थानों की पुलिस व स्वाट टीम नहीं पकड़ सकी वाहन

**जागरण संवाददाता, पटहेरवा :** तुर्कपट्टी क्षेत्र के जोकवा बाजार में बुधवार को वाहन चेकिंग के दौरान अज्ञात वाहन के रौंदने से हेड कांस्टेबल धर्मवीर यादव की मौत के बाद लोगों के मन में यह प्रश्न है कि तीन थानों की पुलिस व स्वाट टीम की मौजूदगी में ठोकर मारने वाला चालक कैसे वाहन लेकर फरार हो गया। लोग पुलिस टीम की कार्यप्रणाली पर संदेह व्यक्त कर रहे हैं है। पुलिस के अनुसार तुर्कपट्टी, पटहेरवा, तरयासुजान थाने की पुलिस व स्वाट टीम पशु तस्करों के विरुद्ध अभियान के तहत वाहनों की जांच कर रही थी। पुलिस के पास अत्याधुनिक असलहे भी थे लेकिन टीम के सदस्य वाहन चालक व वाहन पकड़ नहीं पाए। अगर एक टीम दुर्घटना में घायल हेड कांस्टेबल को चिकित्सा सेवा मुहैया कराने में लगी थी तो शेष तीन टीमें वहां क्या कर रही थीं। उन्होंने तस्करों के वाहन का पीछा क्यों नही किया। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने बताया कि घटना के हर पहलू पर पुलिस विचार कर रही हो। जल्द ही परिणाम समने आएगा। दोषी पाए जाने पर कार्रवाई तय है।


बहुराष्ट्रीय कंपनी में सुरक्षा अधिकारी की नियुक्ति
OFFICER CADRE – GTO

- SIS Limited - एशिया महादेश की सबसे बड़ी भारतीय सुरक्षा कंपनी
- 2.40+ लाख कर्मचारी, 10,000 करोड़ से अधिक का वार्षिक कारोबार, देश के सभी बड़े शहरों में शाखाएं।

# एसएमआइ खड्डा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश

जागरण संवाददाता, खड्डाः वरिष्ठ विपणन निरीक्षक (एसएमआइ) खड्डा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का एसडीएम उपमा पांडेय ने निर्देश दिया है। एसएमआइ पर कोटेदारों के खाद्यान्न ढुलाई भाड़ा का बकाया दिलाने के नाम पर कमीशन लेने का आरोप है। एसडीएम ने प्रकरण की जांच की तो आरोप की पुष्टि होने पर गुरुवार को मुकदमा दर्ज करने के लिए थाने में तहरीर भेजी गई।

खड्डा विकास खंड के कोटेदारों के खाद्यान्न ढुलाई के मद में वर्ष 2001 से 2014 तक की धनराशि शासन से कुछ माह पहले निर्गत की गई थी। आरोप है कि खाते में पैसा भेजने के नाम पर कोटेदारों से एसएमआइ व उनके सहयोगियों ने कमीशन देने को मजबूर किया। कोटेदारों से हस्ताक्षर कराकर सादा चेक ले लिया गया। जब खाते में पैसा आया तो किसी का आधा और कुछ का पूरा पैसा निकाल लिया गया। इसकी शिकायत कोटेदारों ने डीएम एस राजलिंगम से की तो उन्होंने एसडीएम को जांच सौंप दी। बैंक स्टेटमेंट लेने व पीड़ित कोटेदारों से पूछताछ में शिकायत की पुष्टि हो गई। एसडीएम ने बताया कि एसएमआइ पवन पांडेय व उसके सहयोगियों के विरुद्ध शिकायत की सभी बिंदुओं पर जांच की गई है। प्रथमदृष्टया एसएमआइ व उनके सहयोगी दोषी पाए गए हैं। एसएचओ धनवीर सिंह ने कहा कि एसएमआइ के विरुद्ध तहरीर मिली है, मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# संवेदनशील स्थलों की होगी वीडियोग्राफी

## जुमे की नमाज को ध्यान में रखते हुए एडीएम ने दिए निर्देश, मार्च कर पुलिस और प्रशासन ने कराया सुरक्षा का एहसास

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** शुक्रवार को जनपद में शांति व्यवस्था के दृष्टिगत संवेदनशील स्थलों, मस्जिदों के आसपास गतिविधियों की निगरानी के लिए 76 मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। संबंधित थाना क्षेत्रों के थानाध्यक्षों को वीडियोग्राफी कराने के निर्देश दिए गए हैं।

एडीएम देवी दयाल वर्मा ने बताया कि किसी तरह की गतिविधियों से निपटने के लिए पुलिस-प्रशासन तैयार है। किसी तरह की सूचना देने के लिए कंट्रोल रूम बनाकर हेल्प लाइन नंबर 05564-260590 जारी किया गया है।

खड्डा प्रतिनिधि के अनुसार, शुक्रवार को जुमे की नमाज शांति पूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए बृहस्पतिवार को एसडीएम की अगुवाई में खड्डा पुलिस ने कस्बे में रूट मार्च निकाला। इसमें लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील करते हुए सुरक्षा का एहसास दिलाया।

इस दौरान एसडीएम उपमा पांडेय की अगुवाई में खड्डा एसओ धनवीर सिंह ने पुलिस कर्मियों के साथ रेलवे रोड, फलमंडी चौराहा, आजाद चौक, जटाशंकर पोखरा रोड, महाराणा प्रताप चौक, स्टेट बैंक चौक, मदरसा रोड, सुभाष चौक आदि स्थानों का भ्रमण किया। इस दौरान एसडीएम ने लोगों से संवाद कर समाज में भाईचारा बनाए रखने की अपील की। एसडीएम ने कहा कि शुक्रवार को जुमे की नमाज है। इसमें किसी प्रकार का खलल न पड़े। इसके लिए पूरे तहसील क्षेत्र में सुरक्षा के चाक चौबंद उपाय किए गए हैं। उन्होंने चेताया कि शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**तमकुहीरोड प्रतिनिधि** के अनुसार, सेवरही क्षेत्र के मस्जिदों में शुक्रवार को होने वाले जुमे की नमाज को शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन सतर्क है। बृहस्पतिवार को तहसीलदार की अगुवाई में पुलिस-प्रशासन ने सेवरही सहित आस-पास के गांव में रूट मार्च किया और लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया।

मार्च के दौरान प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों ने मौलानाओं से मुलाकात कर उनसे शांतिपूर्ण माहौल में जुम्मे की नमाज अदा करने की अपील की। इसके पूर्व तहसीलदार दीपक कुमार गुप्ता की अगुवाई में पुलिस कर्मियों ने सेवरही के तुलसी नगर के रजा जामा मस्जिद, पुरानी बाजार, तुर्कवलिया, सेराज नगर, जानकी नगर, अवदान टोला, वेलवारीपट्टी स्थित मस्जिद का भ्रमण किया। इस दौरान सेवरही के एसओ आशुतोष कुमार सिंह, लेखपाल मुकेश कुमार, चौकी इंचार्ज राजेश कुमार मिश्र, एसआई संदीप यादव आदि मौजूद रहे।





सेवरही में मौलाना से बातचीत करते तहसीलदार दीपक कुमार व पुलिसकर्मी। खड्डा में रूट मार्च में शामिल एसडीएम उपमा पांडेय। संवाद

### मस्जिदों के बाहर तैनात रहेगी पुलिस

**पडरौना।** शुक्रवार को जुमे पर जिला प्रशासन की ओर से शहर और ग्रामीणों क्षेत्र के मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, डीएम, एसपी, एसडीएम सहित अन्य अधिकारी शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में गश्त करेंगे। शहर में जामा मस्जिद, छावनी, हथीसार मोहल्ला, दालमंडी, नौका टोला सहित अन्य मस्जिदों पर ड्रोन कैमरे से भी निगरानी की जा रही है। बृहस्पतिवार को एसपी धवल जायसवाल ने जुमे की नमाज को ध्यान में रखते हुए सभी थानेदारों को निर्देश दिए। कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के साथ नमाज अदा की जाएगी।



शहर में मातहतों के साथ रूट मार्च करते एसपी धवल। संवाद

# गैंगस्टर की तीन गाड़ियां जब्त

**पटहेरवा।** पटहेरवा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध पिपरा कनक गांव निवासी बदमाश की तीन गाड़ियों को पुलिस ने जब्त कर लिया है।

थानाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने बताया कि बुधवार की शाम कार्रवाई की गई। पटहेरवा थाना क्षेत्र के पिपरा कनक गांव निवासी शमसुल हुदा पुत्र हदीस के नाम से तीनों गाड़ियां थीं। उन्होंने बताया कि अभियुक्त पर पुलिस ने धारा 14 (1) के प्रावधान 1986 के तहत गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया था। इस लिए पुलिस ने उसकी दो बोलेरो और एक पिकप को जब्त करके थाने पहुंचा दिया। कार्रवाई में एसएसआई रामसहाय चौहान सहित टीम के अन्य सदस्य मौजूद रहे। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-06-2022

# अभियुक्त को 14 माह की सजा, 5000 अर्थदंड

**जासं, महराजगंज:** अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय कमलेश्वर पांडेय की कोर्ट ने अक्टूबर 2021 में सोनौली बस स्टैंड से 118 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार नेपाल के रुपनदेही थाना व कस्बा सूर्यपुरा निवासी भेष बहादुर को 14 माह के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा पांच हजार रुपये के अर्थदंड की भी सजा सुनाई गई है। अर्थदंड न जमा करने पर दोषी को 15 दिनों का अतिरिक्त सजा भोगनी होगी।

27 अक्टूबर 2021 को सोनौली बस स्टैंड के पास से भेष बहादुर को एसएसबी और सोनौली की पुलिस टीम ने पकड़ा था। उसके पास से 118 ग्राम हेरोइन बरामद होने के बाद उसके विरुद्ध पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा दर्ज किया था। अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार ने बताया कि आरोपित को कोर्ट ने मामले में दोषी ठहराते सजा सुनाई है।

# यातायात नियमों के उल्लंघन में 337 वाहनों का चालान

**जासं, महराजगंज :** जिले की पुलिस ने गुरुवार को यातायात नियमों के उल्लंघन के मामले में 337 वाहनों का चालान किया। वहीं 13 वाहन चालकों से 3260 रुपये का जुर्माना भी वसूला गया।

**शांतिभंग में 15 लोग किए गए पाबंद:** गुरुवार को विभिन्न मामलों में पुलिस ने 13 लोगों को शांतिभंग में पाबंद किया है। इसमें मारपीट और सार्वजनिक स्थलों पर विवाद के मामले में कार्रवाई की गई है।

# पुलिस व अधिकारियों ने किया दंगा नियंत्रण अभ्यास

## फ्लैग मार्च में मौजूद रहे जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी, कराया गया सुरक्षा का अहसास



नौतनवा चौराहा पर दंगा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास करती पुलिस● जागरण



नगर में पैदल गश्त करते डीएम सत्येन्द्र कुमार व एसपी डा.कौस्तुभ● जागरण

**जागरण संवाददाता, महराजगंज:** विगत दिनों जुमे के नमाज के बाद कुछ जिलों में हुई हिंसा के मद्देनजर गुरुवार को डीएम सत्येन्द्र कुमार व एसपी डा. कौस्तुभ के नेतृत्व में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। इस दौरान जहां लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया गया, वहीं अफवाहों से सचेत रहने का सुझाव दिया गया।

डीएम, एसपी ने मुख्य चौराहा से बस स्टेशन, मदरसा जामा मस्जिद, महराजगंज इंटर कालेज, मऊपाकड़ चौराहा से होते हुए चौक रोड पर नहर तक फ्लैग मार्च किया। डीएम ने कहा कि किसी तरह के अफवाह या बहकावे में न आएं। जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखें। कोई व्यक्ति अराजकता पैदा करने का दोषी पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई होगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इंटरनेट मीडिया पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

- किसी तरह के अफवाह व बहकावे में न आएं, शांति व्यवस्था बनाए रखें
- न करें कोई आपत्तिजनक पोस्ट इंटरनेट मीडिया पर है नजर

नौतनवा संवाददाता के अनुसार क्षेत्राधिकारी धीरेंद्र कुमार उपाध्याय व इंस्पेक्टर राजेश कुमार पांडेय की देखरेख में शाम पुरानी नौतनवा चौराहे पर दंगा नियंत्रित पूर्वाभ्यास कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। सीओ ने कहा कि शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों व इंटरनेट मीडिया पर भ्रामक टिप्पणी कर अराजकता फैलाने वालों पर पुलिस तथा साइबर सेल की नजर है। इस दौरान चौकी प्रभारी राजेंद्र कुमार, बृजेश, मृत्युंजय शुक्ला उपस्थित रहे।

मंगलपुर संवाददाता के अनुसार सीओ सूर्यबली के नेतृत्व में श्यामदेउरवां पुलिस ने बड़हरा बरईपार, परतावल, बैजौली, बुधिरामपुर, हरपुर तिवारी,लक्ष्मीपुर जरलहिया गांवों में पैदल मार्च किया। थानाध्यक्ष आनंद कुमार गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार को सुबह नौ बजे से जुमे की नमाज होने तक धार्मिक स्थलों के बाहर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। निचलौल संवाददाता के अनुसार शहर में निकले फ्लैग मार्च का नेतृत्व क्षेत्राधिकारी सुनील दत्त पांडेय ने की। पुलिस ने लोगों को चेताया कि अगर किसी ने माहौल खराब करने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अशांति फैलाने वालों के बारे में जानकारी भी दी जाए।

### सकुशल संपन्न कराएं नमाज

जासं, महराजगंज : कलेक्ट्रेट सभागार में शांति समिति की बैठक में जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने विभिन्न समुदायों के धर्मगुरुओं, संभ्रांत लोगों से कहा कि आपसी भाईचारे, सौहार्द व शांति व्यवस्था बनाए रखें। शुक्रवार की नमाज को सकुशल संपन्न कराएं। बैठक में पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# 13 शीशी नेपाली शराब के साथ एक गिरफ्तार

**महराजगंज:** निचलौल थाने की पुलिस ने गुरुवार को नेपाल निवासी विजयी के पास से 13 शीशी नेपाली शराब बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के विरुद्ध पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। (जासं.)

# अपहरण मामले में वांछित आरोपित गिरफ्तार

**महराजगंज:** गुरुवार को पनियरा पुलिस ने नाबालिग के अपहरण मामले में वांछित तेंदुअहिया निवासी संदीप कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को पुलिस ने न्यायालय चालान किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। (जासं.)

# खाद तस्करी में लक्ष्मीपुर खुर्द पुलिस चौकी लाइन हाजिर

- भारतीय क्षेत्र से नेपाल में खाद भेजने की थी शिकायत
- चौकी प्रभारी समेत नौ पुलिस कर्मियों पर हुई कार्रवाई
- सीओ निचलौल करेंगे जांच, शैलेश प्रताप नए चौकी प्रभारी

**जागरण संवाददाता, महराजगंज :** भारतीय सीमा क्षेत्र से नेपाल में खाद की तस्करी कराने के आरोप में पुलिस अधीक्षक डा.कौस्तुभ ने गुरुवार को ठूठीबारी थाने के लक्ष्मीपुर खुर्द चौकी प्रभारी विजय द्विवेदी समेत पूरी चौकी को लाइन हाजिर कर दिया है। साथ ही पूरे मामले में जांच के लिए निचलौल सीओ को निर्देशित करते हुए सदर कोतवाली में रहे उपनिरीक्षक शैलेश प्रताप को नया चौकी प्रभारी नियुक्त किया है।

पिछले कई दिनों से निचलौल और ठूठीबारी क्षेत्र से नेपाल को यूरिया खाद की तस्करी को लेकर काफी शिकायतें प्राप्त हो रही थी। जिला कृषि अधिकारी ने कई दुकानों पर छापेमारी भी की थी। इस दौरान नेपाल को खाद की तस्करी करते हुए दो ट्रैक्टर ट्राली और एक पिकअप भी पकड़ी गई थी, साथ ही कृषि विभाग की ओर से तीन तस्करों के विरुद्ध मुकदमा भी दर्ज कराया गया था। कृषि विभाग और राजस्व प्रशासन निचलौल की टीम ने उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट प्रेषित की थी। रिपोर्ट में लक्ष्मीपुर खुर्द के रास्ते भी नेपाल को यूरिया की तस्करी के साक्ष्य मिले थे, जिसके आधार पर पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई की है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उपनिरीक्षक व चौकी प्रभारी विजय द्विवेदी, मुख्य आरक्षी धीरेंद्र कुमार राव, दिनेश कुशवाहा, राजेश चौहान, अमन सिंह, देवेंद्र कुमार खरवार, दिलीप कुमार गौड़, रामबाबू शाह और अश्विनी कुमार यादव को लाइन हाजिर किया गया है।

# फर्जी वीजा के साथ अमेरिकी नागरिक गिरफ्तार

## नेपाल के रास्ते अमेरिका जाने का कर रहा था प्रयास, वर्ष 2016 से भारत में रुका था

**जागरण संवाददाता, सोनौली:** सोनौली सीमा पर तैनात आव्रजन विभाग के अधिकारियों ने बुधवार की शाम अमेरिका के नागरिक को फर्जी वीजा व पासपोर्ट की आशंका पर नेपाल जाने से रोक दिया। देर रात तक चली जांच में उसके पास मिले चार पासपोर्ट छेड़छाड़ युक्त व कूटरचित पाए गए। कामगार वीजा भी फर्जी मिला। आव्रजन विभाग ने अमेरिकी नागरिक को पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अदालत में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

आव्रजन कार्यालय सोनौली के मुताबिक स्कोट बायड नाक्स निवासी अमेरिका 27 जून वर्ष 2015 में पहली बार कामगार वीजा पर भारत आया था। कुछ माह बाद वापस चला गया, फिर 15 जुलाई 2016 में भारत आया। उसके वीजा की अवधि 15 जुलाई 2016 तक थी, लेकिन वह भारत में ही रह रहा था। इधर फिर वह अमेरिका जाने के लिए नेपाल जाना चाह रहा था। । तीन जून को उसने रक्सौल बार्डर से नेपाल जाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद छह जून को उसने पासपोर्ट पर मुंबई एयरपोर्ट से फर्जी आगमन मुहर लगवाया व वीजा में भी कूटरचित बदलाव किया और सोनौली बार्डर पर पहुंचा, जहां उसे पकड़ लिया गया। उसने बताया कि मां की तबीयत खराब है, मिलने जा रहा था। इंस्पेक्टर सोनौली मनोज कुमार राय ने बताया कि अमेरिकी नागरिक पर धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज के सहारे जांच एजेंसियों को गुमराह करने का प्रयास व विदेशी विषयक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।



सोनौली में गिरफ्तार अमेरिकी नागरिक के साथ पुलिस टीम● सौ. पुलिस विभाग

# सरहद पर पकड़ी जा रही विदेशियों की जालसाजी



सोनौली सीमा का मुख्यद्वार● जागरण

अरविंद त्रिपाठी● नौतनवा

भारत-नेपाल की सरहद पर फर्जी वीजा व कूटरचित कागज के आधार पर विदेशियों की घुसपैठ पर पहरा लग गया है। आव्रजन विभाग की चुस्ती व पुलिस व एसएसबी की हाईटेक जांच व्यवस्था ने जालसाज विदेशियों के मंसूबों पर नकेल कस दिया है। बुधवार की देर शाम अमेरिका के नागरिक स्कोट बायड नाक्स द्वारा फर्जी कागज के आधार पर नेपाल जाने के मंसूबों पर आव्रजन विभाग ने पानी फेर दिया है। इसके पूर्व भी कई विदेशी पकड़े जा चुके हैं।

महराजगंज पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने कहा कि सीमा पर तैनात सुरक्षा एजेंसियों द्वारा आने जाने वालों से पूछताछ व उनके जरूरी कागज की जांच की जाती है।

फर्जी वीजा व कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर भारत में प्रवेश करने वालों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाता है।

### सोनौली क्षेत्र से विदेशियों की घुसपैठ के प्रमुख मामले

- 20 फरवरी 2022 को फर्जी वीजा के साथ रूसी दंपती स्वेटलाना फिडेरोवा व रूसाना सुल्तानोवा को नेपाल प्रवेश करने से पहले पकड़ लिया गया, जो कि गोवा में एनडीपीएस एक्ट के आरोपित भी थे।
- 11 दिसंबर 2021 को भारत में प्रवेश कर रहे चीनी नागरिक जी यांग शी निवासी हुबेई चीन को आव्रजन अधिकारियों ने बिना वीजा भारत प्रवेश करने से रोका और नेपाल वापस कर दिया गया।
- 22 अगस्त 2020 को चीनी नागरिक शेन ली हुबेई चीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।
- 18 अक्टूबर 2020 को फिलिस्तीन के नागरिक अवनी मोहम्मद हसन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।
- 19 जुलाई 2020 को रोमानिया के नागरिक को सोनौली कोतवाली क्षेत्र के तिलहवा गांव के पास मुटीनू आयोनट डाइवोस को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।
- 17 जनवरी 2020 को आस्ट्रेलिया के नागरिक गरनोट केटजर को फर्जी कागजात के आधार पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# लक्ष्मीपुर खुर्द पुलिस चौकी इंचार्ज समेत आठ पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

## जन सुनवाई में लापरवाही बरतने पर कार्रवाई, नए चौकी इंचार्ज बने शैलेश कुमार

संवाद न्यूज एजेंसी

**दूठीबारी।** भारत-नेपाल सीमा के रास्ते हो रही तस्करी का वीडियो वायरल होने के बाद एसपी ने बृहस्पतिवार को लक्ष्मीपुर खुर्द पुलिस चौकी इंचार्ज समेत आठ पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया।

जानकारी के अनुसार, दूठीबारी कोतवाली क्षेत्र का लक्ष्मीपुर खुर्द भारत-नेपाल सीमा से सटा है। सीमा खुली होने की वजह से तस्कर इसका फायदा उठाते हैं। तस्करी का वीडियो वायरल होने और जन सुनवाई में लापरवाही बरतने पर लक्ष्मीपुर खुर्द पुलिस चौकी के इंचार्ज विजय कुमार द्विवेदी और चौकी में तैनात हेड कांस्टेबल दिनेश कुशवाहा, धीरेंद्र राव, कांस्टेबल दिलीप गोंड, राजेश चौहान, रामबाबू शाह, अश्वनी यादव, अमन सिंह, देवेंद्र खरवार को लाइन हाजिर कर दिया। वहीं, लक्ष्मीपुर खुर्द पुलिस चौकी के नए इंचार्ज शैलेष कुमार ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि लापरवाही बरतने पर चौकी इंचार्ज एवं आठ पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर किया गया है।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**चौक बाजार।** फरार चल रहे दुष्कर्म तथा चोरी के मुख्य आरोपी को पुलिस ने बुधवार की रात झुंगवा चौराहे से गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया।

जानकारी के मुताबिक, स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने करीब दो सप्ताह पहले तहरीर देकर आरोप लगाया था कि कोतवाली थाना क्षेत्र का एक युवक ने घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म किया। दो दोस्तों के साथ घर में रखा सामान तथा कुछ गहने चुराकर फरार हो गया। थानाध्यक्ष श्यामसुंदर तिवारी ने बताया कि दुष्कर्म तथा चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया है। संवाद

## किशोरी बरामद, युवक का चालान

**पनियरा।** पुलिस ने युवक के पास से किशोरी को बरामद किया है। आरोपी पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार, पनियरा थाना क्षेत्र के एक गांव के युवक ने किशोरी का अपहरण कर उसे शादी के लिए विवश किया। थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। संवाद

# नेपाली नागरिक को एक साल का सश्रम कारावास

संवाद न्यूज एजेंसी

## एनडीपीएस एक्ट मामले में कोर्ट ने सुनाई सजा

**महराजगंज।** अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय कमलेश्वर पांडेय ने एनडीपीएस एक्ट मामले की सुनवाई करते हुए नेपाली नागरिक को एक साल दो माह की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही पांच हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड न जमा करने की दशा में 15-15 दिन की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

जानकारी के अनुसार, नेपाल के रूपनदेही जिले के सूर्यपुरा निवासी भेष बहादुर को 27 अक्तूबर 2021 को सोनौली कस्बे के सुकरौली काली मंदिर के पास से हेरोइन के साथ पकड़ा गया था।

पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद मामले की विवेचना पूरी करके आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया।

दोनों पक्षों के तर्कों एवं साक्ष्यों के परीक्षण के उपरांत न्यायालय ने यह सजा सुनाई है।

# इलाज में लापरवाही के मामले में मुकदमा दर्ज

**कोल्हुई।** एक क्लिनिक में बच्चे के इलाज में लापरवाही के आरोप में डॉ. एमए खान निवासी परसौना के खिलाफ केस दर्ज हुआ है।

जानकारी के अनुसार, बढ़िहारी निवासी अमरेंद्र 26 मार्च को अपने बेटे अभिजीत के इलाज के लिए क्लिनिक पहुंचे। डॉक्टर द्वारा हाथ पर प्लास्टर चढ़ा दिया गया। करीब 10 दिन बीतने के बाद बच्चे के हाथ में दर्द शुरू हुआ तो प्लास्टर हटाया गया। इसके बाद पता चला कि हाथ में सड़न हो गई है। परिजन तत्काल उसे लखनऊ ले गए। परिजनों ने कोल्हुई पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर करवाई की मांग की। संवाद

# BASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-06-2022

# व्हाट्सएप ग्रुप में भड़काऊ पोस्ट डालने पर केस

बस्ती। वाल्टरगंज थाने के सिपाही सौरभ सिंह ने थाने पर तहरीर देकर बताया है कि अपने बीट क्षेत्र की सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए मोबाइल पर एक व्हाट्सअप ग्रुप बनाया है। इसमें बीट क्षेत्र के संभ्रांत लोग जुड़े हैं। आरोप है कि इसी थाने के चन्दोखा निवासी अभिषेक राजभर ने 14 जून को एक भड़काऊ व आपत्तिजनक पोस्ट डाला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# सड़क हादसे में मौत, मुकदमा

बस्ती। कोतवाली के बसिया निवासी कान्ती देवी ने तहरीर देकर बताया है कि बसिया पेट्रोल पंप के पास उनके पति सीताराम को 12 जून को अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाकर ठोकर मार दी। गंभीर चोट से इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात चालक पर केस दर्ज किया।

# आपत्तिजनक टिप्पणी पर भेजा जेल

दुबौलिया। दुबौलिया पुलिस ने सोशल मीडिया पर धर्म विशेष पर टिप्पणी करने के मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के एक युवक पर आरोप है कि उसने फेसबुक पर आपत्तिजनक व अभद्र टिप्पणी की। पुलिस ने प्रकरण को खुद संज्ञान लेते हुए आरोपी प्रतीक सिंह निवासी तिनहा राजा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गुरुवार को जेल भेजा।

# लाइसेंसी रिवॉल्वर लेकर कोर्ट में प्रवेश करते गिरफ्तार

बस्ती, हिन्दुस्तान संवाद। कोतवाली पुलिस ने जनपद न्यायालय में लाइसेंसी रिवाल्वर लेकर प्रवेश करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि थाना कोतवाली पुलिस एवं न्यायालय सुरक्षा में लगे कर्मचारी न्यायालय में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की चेकिंग कर रहे थे। बुधवार की शाम करीब चार बजे न्यायालय के गेट संख्या दो से प्रवेश करते हुए एक व्यक्ति की चेकिंग में उसके पास से लाइसेंसी रिवाल्वर व चार कारतूस मिला।

आरोपी सुभाष चौधरी निवासी असनहरा थाना पैकोलिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। धारा 151, 107, 116 में चालान कर न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी चौकी सिविल लाइन सर्वेश कुमार, प्रभारी चौकी जेल गेट चंद्र प्रकाश यादव, हेड कांस्टेबल चंद्रभूषण शाही शामिल रहे।

# बस्ती में सड़क हादसे में पति-पत्नी समेत चार की मौत

कप्तानगंज (बस्ती), हिसं। कप्तानगंज थाना क्षेत्र में फोरलेन पर खजुआ के पास बुधवार रात करीब साढ़े बारह एक कार की आगे जा रहे वाहन में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार पति-पत्नी समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दंपति के बेटी-बेटा समेत तीन बुरी तरह घायल हो गए। चालक को छोड़कर सभी मृतक गोरखपुर के रहनेवाले थे।

ब्योरा P 05

# धमकी दी

बस्ती। लालगंज थाना क्षेत्र के पिपरपाती एहतमाली निवासी श्यामसुंदर का आरोप है कि आपसी कहासुनी को लेकर बुद्धिराम, जानकी, मनीष समेत चार लोगों ने मारपीट की। उनकी पत्नी व भाई को भी धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज किया है।

# अभियान चलाकर हटाया जाएगा अतिक्रमण

**बस्ती:** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जाएगा। डिवाइडर के बीच में पौधारोपण कराया जाएगा। उन्होंने उद्यमियों एवं व्यापारियों से अपील किया है कि वे नाले को सीमा मानकर अपनी दुकान, प्रतिष्ठान उसके पीछे रखें। सामने डिवाइडर खाली रखें। गुरुवार को वह कलेक्ट्रेट सभागार में उद्योग बन्धु एवं व्यापार बन्धु की संयुक्त बैठक रही थी। उन्होंने सीएफसी स्थापना पर जोर देते हुए उद्यमियों एवं व्यापरियों से इसके गठन के लिए आगे आने को कहा। गठन में कम से कम 20 सदस्य जिसमें 12 लोग सीधे उद्योग से जुड़े होने चाहिए। जनपद में फर्नीचर उद्योग में संभावना है, इसलिए इसका गठन किया जा सकता है। (जासं.)

# पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, मुकदमा

**बस्ती :** कोतवाली के मनहनडीह निवासी विष्णु निषाद उर्फ सन्नी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि तकियंवा निवासी साहिल और अनीस ने पुरानी रंजिश को लेकर जिगिना चौराहे पर उन्हें अपशब्द कहा। मना करने पर मारापीटा और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

# संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन कैमरों से हो रही निगरानी

## पुलिस ने किया पैदल मार्च, सुरक्षा की दृष्टि से 16 जोन व 89 सेक्टर में बांटा गया जिला,जुमे की नमाज को लेकर पुलिस अलर्ट

जागरण संवाददाता, बस्ती: शुक्रवार को जुमा की नमाज को देखते हुए बस्ती पुलिस अलर्ट मोड में है। जिले को कुल 16 जोन व 89 सेक्टर में बांटा गया है। जोन में जोनल मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। जबकि हर सेक्टर में सेक्टर पुलिस अधिकारी अपनी टीम के साथ निरंतर भ्रमणशील रहेंगे।

जुमा की नमाज को देखते हुए पुलिस की ओर से सुरक्षा के लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। संवेदनशील स्थानों पर अग्निशमन दल को भी तैनात किया गया है। दंगा नियंत्रण उपकरण को चेक करके तैयार रखा गया है। गुरुवार को भी सभी थाना क्षेत्र के दंगा नियंत्रण का रिहर्सल कर पुलिस की टीमों ने पैदल मार्च किया। छतों की निगरानी के लिए ड्रोन कैमरे का प्रयोग किया गया। धर्मगुरुओं से पुलिस लगातार बातचीत कर रहे हैं।

इंटरनेट मीडिया पर नजर रखी जा रही है। जो भी व्यक्ति आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहा है उसे गिरफ्तार किया जा रहा है। गुरुवार की शाम को आईजी राजेश मोडक, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, एसपी अभिनंदन की अगुवाई में पुलिस टीम ने कोतवाली क्षेत्र में पैदल मार्च कर लोगों से शुक्रवार को शांति व सद्भाव बनाए रखने की अपील की। एसपी ने बताया कि लोगों से अनुरोध किया गया है कि वे कानून व्यवस्था को हाथ में न लें। विरोध प्रदर्शन के दौरान यदि बच्चों का दुरुपयोग किया गया तो 82(2) जेजे एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।

**कलवारी व दुबौलिया पुलिस ने किया पैदल मार्च:** कलवारी व दुबौलिया थाने की पुलिस ने अपने अपने क्षेत्रों में पैदल मार्च कर शुक्रवार को शांति व सद्भाव बनाए रखने की अपील की। सीओ कलवारी विनय सिंह चौहान, थानाध्यक्ष कलवारी प्रदीप कुमार सिंह और पुलिस टीम ने कुसौरा बाजार,मखघाट, कम्हरिया, सैरिया खुर्द आदि स्थानों पर पैदल मार्च किया। संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन कैमरे की मदद से निगरानी भी किया गया।


गांधीनगर में पैदल मार्च करते आईजी राजेश मोडक, डीएम प्रियंका निरंजन, एसपी अभिनंदन व अन्य • जागरण

### पैदल मार्च कर उपद्रवियों को चेताया

विक्रमजोत, बस्ती : छावनी थाने के संवेदनशील क्षेत्र खान कला, सीकरा लाल व अमोढ़ा कस्बे में गुरुवार को नायब तहसीलदार हर्रैया निखिलेश चौधरी की अगुवाई में थानाध्यक्ष छावनी उमाशंकर तिवारी ने पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया। जगह जगह पर अलग- अलग समुदाय के लोगों के साथ बैठक कर साम्प्रदायिक सौहार्द कायम रखने के लिए अपील की। साथ ही चेताया कि सांप्रदायिक माहौल को बिगाड़ने में संलिप्त व्यक्तियों की खैर नहीं। उन्हें किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।


रुधौली में गश्त करती पुलिस • जागरण

### शांति व्यवस्था के लिए धर्मगुरुओं के साथ हुई बैठक

**बस्ती:** प्रभारी निरीक्षक रुधौली रामकृष्ण मिश्र ने जुमे की नमाज को देखते हुए थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सभी धर्मों के धर्मगुरुओं के साथ बैठक की। उन्हें उच्चाधिकारियों की ओर से दिए गए आदेशों व निर्देशों से अवगत कराया गया। किसी भी तरह का अफवाह से बचने और शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। बाद में पुलिस ने संवेदनशील स्थानों पर पैदल मार्च भी किया।

वहीं दुबौलिया की पुलिस चौकी उमरिया व पुलिस चौकी देईडीहा द्वारा संयुक्त रूप से कस्बा घुसवा बाजार, कोली बाजार,कप्ताईं मुस्तहकम, सेमर मुस्तहकम चिल्मा बाजार, देईडीहा आदि जगहों पर पैदल मार्च किया गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों से संवाद स्थापित कर जुमा की नमाज को सकुशल संपन्न कराए जाने के संबंध में वार्ता की गई। इस मौके पर उमरिया चौकी प्रभारी ओमप्रकाश मिश्र, देईडीहा चौकी प्रभारी रविप्रकाश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# भड़काऊ पोस्ट डालने वाले पर मुकदमा

**बस्ती** : वाल्टरगंज थाने के सिपाही सौरभ सिंह ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उन्होंने अपने बीट क्षेत्र की सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए मोबाइल पर एक वाट्सएप ग्रुप बनाया है। इसमें क्षेत्र के संभ्रांत लोग जुड़े हैं। आरोप लगाया कि चंदोखा निवासी अभिषेक राजभर ने 14 जून को एक भड़काऊ व आपत्तिजनक पोस्ट डाला। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। (जासं.)

# संप्रदाय विशेष पर टिप्पणी का आरोपित गिरफ्तार

**बस्ती:** दुबौलिया पुलिस ने इंटरनेट मीडिया (फेसबुक अकाउंट) के माध्यम से संप्रदाय विशेष के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित प्रतीक सिंह, ग्राम तिनहा राजा थाना दुबौलिया पर संप्रदाय विशेष को लेकर अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने का आरोप है।

# न्यायालय में रिवाल्वर के साथ प्रवेश करने पर गिरफ्तार

**बस्ती:** कोतवाली पुलिस ने जनपद न्यायालय में लाइसेंसी रिवाल्वर लेकर प्रवेश करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली पुलिस एवं न्यायालय सुरक्षा में लगे कर्मचारियों के साथ सुभाष चौधरी असनहरा थाना पैकोलिया न्यायालय में गेट संख्या-दो से प्रवेश कर रहा था, चेकिंग में रिवाल्वर व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।

# चोरों ने खंगाल लिया डाक्टर का घर, छानबीन में जुटी पुलिस



तोड़ा गया लाकर व बिखरा सामान दिखाते आदर्श श्रीवास्तव ● जागरण

**जासं,बस्ती:** कोतवाली थाना क्षेत्र में पुलिस चौकसी को चोरी की एक घटना ने पोल खोल दी है। गांधीनगर से सटे माली टोला जैसी घनी आबादी के बीच चोरों ने डाक्टर के सूने घर को निशाना बनाया। घर में रखे ढाई लाख नकदी के साथ ही आठ लाख रुपये के जेवर उड़ा दिए। डाग स्क्वायड और फिंगर प्रिंट विशेषज्ञों की मदद लेने के तीन दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। कोतवाल संजय गुप्ता ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही कई पहलुओं पर छानबीन कर रही है।

डा.अमृतेश श्रीवास्तव लखनऊ के डा.राम मनोहर लोहिया हास्पिटल में कार्यरत हैं। इनके पिता आदर्श कुमार श्रीवास्तव कांग्रेस के पदाधिकारी रहे हैं। गत आठ जून को परिवार के लोग लखनऊ गए थे। चार महीने बाद बेटी की शादी है,उसी तैयारी चल रही थी। गत 13 जून को पड़ोसी ने आदर्श को फोन पर सूचना दी कि उनके घर के दरवाजे की कुंडी टूटी हुई है। वो लौटकर बस्ती आए और घर पहुंचे तो देखा कि दरवाजा खुला हुआ है, बरामदे की खिड़की भी टूटी हुई थी। चार कमरों के ताले टूटे हुए थे और सारा सामान बिखरा हुआ था। लोहे व लकड़ी की आलमारी भी टूटी हुई थी। उसमें रखा 2.50 लाख रुपये नकदी व आठ लाख के जेवर जिसमें दो सोने के हार, आठ सोने की अंगूठी, सोने का दो सीकड़, आठ जोड़ी सोने का कंगन, पांच जोड़ी झुमका, डायमंड का हार, सात जोड़ी पायल, दो जोड़ा चांदी का करधन सब गायब था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चोरी की इस घटना की प्राथमिकी दर्ज करने के साथ ही मौके पर डाग स्क्वायड और फिंगर विशेषज्ञों की टीम बुलाई। मौके से साक्ष्य संकलित करने के बाद चोरों की तलाश में जुट गई। हालांकि अब तक कोई सफलता नहीं मिली है।



जुमे की नमाज में चाक चौबन्द सुरक्षा व्यवस्था बनाने के लिए जमदाशाही में लोगों से संवाद करते वाल्टरगंज थानाध्यक्ष योगेश सिंह ● सौ. विभाग

# वाल्टरगंज पुलिस ने ड्रोन कैमरे से की निगरानी

बस्ती : वाल्टरगंज थानाध्यक्ष योगेश सिंह की अगुवाई में गुरुवार को पुलिसकर्मियों ने दंगा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास किया। जुमे की नमाज के मद्देनजर क्षेत्र के मझौवामीर, जमदाशाही, पड़िया, तेलियाडीह, सिहवरा, गनेशपुर सहित अन्य जगहों पर पैदल मार्च कर लोगों से शांति सदभाव बनाएं रखने की अपील की गई। ड्रोन कैमरे से निगरानी भी की गई।

# राहगीरों को जल पिलाना पुनीत कार्य : एसपी



मालवीय मार्ग पर प्याऊ का उद्घाटन करते पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ● जागरण

**जासं,बस्ती:** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल और उमंग फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से मालवीय रोड स्थित स्वराज के शोरूम पर सर्वहित प्याऊ की व्यवस्था की गई है। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने इसका शुभारंभ किया। कहा कि राहगीरों को जल पिलाना पुनीत कार्य है। इस मौके पर गर्मी को देखते हुए पुलिस कर्मियों की प्यास बुझाने के लिए जिले के सभी पुलिस थानों के लिए प्राकृतिक प्याऊ उपहार स्वरूप दिए गए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आमजन के लिए शीतल पेय जल तथा प्राकृतिक रूप से मटके के जल की व्यवस्था करना एक पुनीत कार्य है।अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा उठाए गए इस कदम से समाज को जनहित का कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। इससे पहले उमंग फाउंडेशन के शिवांश मिश्रा सहित अन्य ने एसपी का स्वागत किया।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुभाष चंद्र शुक्ला ने कहा कि निजहित,परहित से ऊपर उठकर जनहित के लिए किया जा रहा है यह कार्य आमजन को राहगीरों को तथा पुलिस थानों पर आने वाले फरियादी, आगंतुकों व पुलिस जनों को शीतल व प्राकृतिक जल उपलब्ध कराने का प्रयास सराहनीय है।

अतिथियों का स्वागत करते हुए व्यवसायी सुनील कुमार मिश्र ने कहा कि वरिष्ठ जनों के उत्साहवर्धन से सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा मिलती रहती है। कार्यक्रम के संचालक जगदीश शुक्ल ने कार्यक्रम की महत्ता और उपयोगिता पर प्रकाश डाला। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री राम विनय पांडे व बृजेश सिंह मुन्ना ने भी अपने विचार रखे। बस्ती कोआपरेटिव बैंक के चेयरमैन राजेंद्र तिवारी ने आयोजकों के इस प्रयास की प्रशंसा की। रमेश सिंह, सुनील गिरी, सुनील सिंह, गिरधारी साहू, डाक्टर शैलेंद्र, राधेश्याम कमलापुरी,डा वीरेंद्र, राम कमल सिंह, जयेश सिंह मुन्ना, पंकज त्रिपाठी, महेंद्र पांडे, लालजी शुक्ला, राजू पांडे, आलोक दुबे, सुरेश गुप्ता भानपुर इंद्र भुजा, हरि ओम प्रकाश, राकेश त्रिपाठी, गोविंद शुक्ला, शशांक, आशीष, मुबारक,कुलविंदर सिंह जेम्स, सीके अग्रहरि, ग्राम प्रधान अभय शंकर, अर्जुन उपाध्याय, विकी उपस्थित रहे।

# देश में नफरत फैलाने वालों पर हो सख्त कार्रवाई

**बस्ती :** इंकलाबी नौजवान सभा जनपद बस्ती इकाई ने गुरुवार को जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित पांच सूत्री मांग पत्र भेजा है। पत्र में कहा है कि देश में नफरत फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। शांति का माहौल बना रहे। जिला सचिव राम लौट ने कहा है कि ऐसे लोगों को जेल भेजा जाए तो नफरत फैला रहे। लोगों पर पुलिस की बर्बरता रोकी जाए। उन्माद को बढ़ावा दिया जाना बंद हो। शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार पर सख्ती ठीक नहीं है। प्रयागराज, कानपुर, सहारनपुर में चलाए गए बुल्डोजर कार्रवाई पर सवाल किया है। इस दौरान रेनू बाला, गोविंद साहू, सुरेंद्र प्रसाद यादव, अजय कुमार, जगदीश, विनय कुमार आदि मौजूद रहे। (जासं.)

# किन्नर पर प्राणघातक हमले की घटना में खाली हाथ गौर पुलिस

**जासं, टिनिच, बस्ती:** गौर थाना क्षेत्र के अजगैवा जंगल गांव में किन्नर सुमन यादव सहित दो लोगों पर प्राणघातक हमले के आरोपितों को पुलिस अभी तक गिरफ्तार नही कर पाई है। आरोपित अब पीड़ित पर केस वापस लेने का दबाव बना रहे है। केस वापस नही लेने पर जान से मारने की धमकी दे रहे है। किन्नर सुमन यादव थाना क्षेत्र के आमा चौराहे पर किराए का मकान लेकर रहती है। इसी थाना क्षेत्र के अजगैवा जंगल ग्राम पंचायत के टोला बजहिया निवासी अमित यादव से आपसी संबंधों और पैसों की लेन देन को लेकर उनका विवाद चल रहा था। बीते 13 मई की रात को अमित ने फोन कर सुमन यादव को अपने घर बुलाया। सुमन अपने ड्राइवर के साथ उसके घर पहुंची। बातचीत के दौरान विवाद हो गया। अमित अपने भाई संजय, मां वंदना और पिता पतिराम के साथ मिलकर सुमन और ड्राइवर पर लाठी, डंडे और ईंट से हमला कर घायल कर दिया। लाठी की चोट से ड्राइवर का बायां हाथ टूट गया।

पीड़िता की तहरीर पर गौर पुलिस ने अमित, संजय, वंदना और पतिराम पर मुकदमा दर्ज किया। लेकिन अभी तक किसी भी आरोपित को गिरफ्तार नही कर पाई है। प्रभारी निरीक्षक गौर बृजेंद्र ने बताया कि आरोपितों की तलाश में दबिश दी जा रही है। जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



# आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर गिरफ्तार

दुबौलिया। थाना दुबौलिया पुलिस ने थाना क्षेत्र के तहत सोशल मीडिया के माध्यम से संप्रदाय विशेष के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि प्रतीक सिंह निवासी तिनहा राजा थाना दुबौलिया के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया। संवाद

# जुमे की नमाज को लेकर जिले भर में हाई अलर्ट

**कलेक्ट्रेट सभागार में बृहस्पतिवार को डीएम ने बैठक कर सभी धर्मगुरुओं से की अपील, शांति बनाए रखने में मांगा सभी का सहयोग**




कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम और एसपी ने धर्म गुरुओं के साथ की बैठक। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। प्रदेश के कई जिलों में शुक्रवार को स्थिति बिगड़ने की आशंका के कारण शासन की सख्ती से दंगाइयों के होश उड़ गए हैं। प्रशासन भी इन स्थितियों की संवेदनशीलता भांप अलर्ट हो कर स्थिति पर नजर जमाए हुए है। इन स्थितियों को लेकर डीएम प्रियंका निरंजन ने सभी धर्मगुरुओं से अपील की है कि जिले में शांति बनाए रखने में सहयोग करें। किसी प्रकार की अफवाह फैलाने वाले लोगों की जानकारी डीएम या एसपी के सीयूजी नंबर पर दें।

इसी लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बृहस्पतिवार को बैठक आयोजित हुई। कहा कि जिले में हर मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखकर गंगा-यमुनी तहजीब का उदाहरण पेश किया जाए। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि सभी नागरिकों को एक साथ मिलजुल कर रहना है। जिले से बाहर किए गये किसी कार्य के लिए जिले के अंदर कार्रवाई किया जाना संभव नहीं है। कहा कि अराजक तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा तथा निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई होगी।

हर्रैया, सिकन्दरपुर, छावनी, विक्रमजोत, हैदराबाद विभिन्न स्थानों से आए धर्मगुरु मेराज आलाम, मो. हयात, मो. इजराइल, हाफिज इसहाक, साईद अहमद खाँ, इकबाल अहमद, मो. नसीम, मो. वसीम, मो. मसरूर रजा फैजी ने भाग लिया।

## संवेदनशील स्थिति के चलते जनपद में सतर्कता

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। जुमे की नमाज के दौरान शांति-व्यवस्था कायम रखने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। पूरे जिले को जोन और सेक्टर में बांटा गया है। जिसके जोनल मजिस्ट्रेट और सेक्टर प्रभारी बनाए गए हैं। जो अपने-अपने वाहनों से भ्रमणशील रहेंगे। अग्निशमन विभाग को अलर्ट किया गया है। समस्त जिले में पहले से ही फुट पेट्रोलिंग की जा रही है। ड्रोन का इस्तेमाल करके छतों की निगरानी की जा रही है। बाइक टीमें भी लगातार भ्रमणशील हैं। सभी धर्मगुरुओं से अपील की गई है। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणियां लिखने वालों पर कार्रवाई की जा रही है।

एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि अशांति फैलाने के लिए यदि किशोरों, बच्चों का इस्तेमाल किया गया तो पुलिस सीआरपीसी के तहत कार्रवाई करेगी। लोगों ने अपील की है कि शांतिपूर्वक नमाज अदा करके अपने घर जाएंगे। उधर, पैकोलिया प्रतिनिधि के अनुसार थाना परिसर में क्षेत्राधिकारी हर्रैया शेषमणि

**जोन और सेक्टर में बांटकर की जा रही निगरानी**

**संवेदनशील स्थान पर ड्रोन के जरिए की जा रही छतों की रिकार्डिंग**

उपाध्याय ने बृहस्पतिवार दोपहर बाद क्षेत्र के ग्राम प्रहरियों के साथ बैठक किया। कहा कि जुमे की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो इसके लिए सतर्क रहकर अपने अपने गांव की ड्यूटी पूरी जिम्मेदारी से करना है। अपने अपने गांवों में सतर्क नजर रखते हुए असामाजिक तत्वों के गतिविधियों की जानकारी तुरंत देने की बात कही है। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय , ओम प्रकाश भारती ,संदीप यादव , जितेन्द्र कुमार द्विवेदी थाने के कर्मचारी व ग्राम प्रहरी मौजूद रहे। दुबौलिया प्रतिनिधि के अनुसार पुलिस चौकी उमरिया व पुलिस चौकी देईडीहा में पड़ने वाले धुसवा बाजार, ऊंजी बाजार, केवाड़ी मुस्तकहम, सैमरा मुस्तहकम, चिलमा बाजार देईडीहा आदि जगहों पर मार्च किया गया। मुस्लिम



मुंडेरवा पुलिस ड्रोन कैमरे से निगरानी करती। संवाद

समुदाय के लोगों से बात कर शांति पूर्वक नमाज अदा करने की बात की गई। इस मौके पर उमरिया चौकी इंचार्ज ओम प्रकाश मिश्र व देईडीहा चौकी इंचार्ज रविंद्र शर्मा सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। मुंडेरवा प्रतिनिधि के मुताबिक थाना प्रभारी राधेश्याम राय पुलिस टीम और ड्रोन कैमरे से लैस होकर थाना क्षेत्र के कस्बों एवं ग्रामीण क्षेत्र में मार्च किया। मुंडेरवा, ओड़वारा, कुसैचार,हल्लौर नगरा,रामपुर रेवली,पककचा बाजार सहित थाना क्षेत्र के अन्य गांवों में ड्रोन कैमरे से लोगों के छतों की निगरानी किया। मार्च में मुंडेरवा थाने के उपनिरीक्षक दिवाकर यादव,अखंड प्रताप सिंह हेडकांस्टेबल शिवकुमार, अमरनाथ यादव, कांस्टेबल दयाराम यादव, नितेश कुमार, राहुल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। बनकटी प्रतिनिधि के मुताबिक लालगंज थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्यूआरटी व पुलिस बल के साथ कस्बा बनकटी, देईसांड, महादेवा, पाकरडाड, मारवों बाजार व राजा मैदान आदि स्थानों पर फ्लैग मार्च किया गया। हॉटस्पॉट व संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। महसों प्रतिनिधि के अनुसार पाकर डाड़, भुवनी, हलुवा पर आदि जगहों मार्च निकाला। उप निरीक्षक भगवान सिंह, महेंद्र कुमार , रामभिलन पांडेय, विजय कुमार गौतम, चौकी प्रभारी महादेवा किरण भास्कर, चौकी प्रभारी महासीसूर्यभान यादव, चौकी प्रभारी रखौना चंद्रकांत पांडेय, चौकी प्रभारी लालगंज आशुतोष कुमार शुक्ला, चौकी प्रभारी कुदरहा दिनेश चंद्र मिश्र आदि शामिल रहे।

विक्रमजोत प्रतिनिधि के मुताबिक छावनी थाना क्षेत्र के संवेदनशील क्षेत्र खानकला, सेंवरा लाला व अमोढ़ा कस्बे में नायब तहसीलदार हर्रैया निखिलेश चौधरी के नेतृत्व में थानाध्यक्ष छावनी उमाशंकर तिवारी ने पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया। भ्रमण के दौरान थानाध्यक्ष के अलावा एसएसआई श्याम मोहन त्रिपाठी, उपनिरीक्षक दुर्ग विजय सिंह , ऋषि देव प्रसाद , नंदलाल सरोज , वीरेंद्र यादव, संतोष कुमार दुबे सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# न्यायालय में लाइसेंसी रिवाल्वर लेकर प्रवेश करते गिरफ्तार

बस्ती। जनपद न्यायालय में लाइसेंसी रिवाल्वर लेकर प्रवेश करने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि थाना कोतवाली पुलिस एवं न्यायालय सुरक्षा में लगे कर्मचारी न्यायालय में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की जांच कर रहे थे। बुधवार को शाम करीब चार बजे न्यायालय के गेट संख्या दो से प्रवेश करते हुए एक व्यक्ति की चेकिंग में उसके पास से लाइसेंसी रिवाल्वर व चार कारतूस मिला। आरोपी सुभाष चौधरी निवासी असनहरा थाना पैकोलिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके विरुद्ध शांतिभंग की आशंका में चालान कर न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी चौकी सिविल लाइन सर्वेश कुमार, प्रभारी चौकी जेल गेट चंद्र प्रकाश यादव, हेड कांस्टेबल चंद्रभूषण शाही शामिल रहे। संवाद

# बजरंग दल ने हनुमान चालीसा का किया पाठ

## एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, दंगाइयों पर एनएसए के तहत कार्रवाई करने की मांग

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** विश्व हिंदू परिषद की युवा शाखा बजरंग दल की ओर से एपीएन कॉलेज से डीएम कार्यालय तक पैदल मार्च कार्यक्रम बृहस्पतिवार को आयोजित किया गया था। लेकिन, प्रशासन ने उन्हें कॉलेज गेट से कूच नहीं करने दिया। इससे नाराज पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने कॉलेज गेट पर ही हनुमान चालीसा का पाठ करना शुरू कर दिया। इसके बाद एसडीएम सदर सूरज यादव ने कार्यक्रम स्थल पर ही कार्यकर्ताओं से ज्ञापन लिया।

विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री कुंवर नागेंद्र सिंह बताया कि देश में कट्टरपंथी ताकतें घात लगाकर हिंदुओं पर हमले कर रही हैं। संवैधानिक व्यवस्था का उनके द्वारा मजाक उड़ाया जा रहा है। शासकीय संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। ऐसे कृत्यों को अंजाम देने वालों का खुलकर विरोध करने का समय आ गया है। हर स्तर पर ऐसे लोगों का विरोध होना चाहिए। बताया कि राष्ट्रपति को भेजे गए ज्ञापन में दंगाइयों व नफरती भाषण देने वालों पर एनएसए के तहत कार्रवाई की मांग की गई है।



विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने एपीएनपीजी कॉलेज के पास जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन। संवाद

मौके पर संघ के नरेंद्र भाटिया, अभय त्रिपाठी, श्रीराम, सत्य प्रकाश सिंह, गोपेश पाल, धर्मेंद्र चौरसिया, संतोष शुक्ला, श्रद्धेय पाल, नीरज कशौधन, दीपक पांडेय, संजय अग्रहरी, रविंद्र कश्यप, परशुराम चौधरी, महेंद्र शंकर, दिनेश मिश्र, प्रदीप, प्रमोद गुप्ता, धर्मराज मिश्र आदि मौजूद रहे।

# दहेज के लिए दो महिलाओं का उत्पीड़न, एफआईआर

## मिली तहरीर के आधार पर पुलिस ने शुरू की तहकीकात

## महिला थाना और वाल्टरगंज पुलिस ने की कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** दहेज के लिए उत्पीड़न के दो मामलों में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मिली तहरीर के बाद मामले में पुलिस छानबीन करने में जुट गई है।

महिला थाना पर तहरीर देकर मुंडेरवा की आशमा खातून ने बताया है कि उनकी शादी सिद्धार्थनगर जनपद के बांसी थाने के निराला नगर निवासी मोहम्मद रियाज के साथ हुई है। उनका आरोप है कि ससुराल में दहेज में रुपये की मांग व जमीन बैनामा करने की मांग को लेकर मारपीट कर अपशब्द कहते हुए धमकी दी गई। पुलिस ने पति के अलावा ससुर मो. बसीर, सास, जेठ समेत पांच के खिलाफ मुकदमा कायम कर छानबीन शुरू कर दी है।

दूसरे मामले में वाल्टरगंज थाने पर तहरीर देकर सिद्धार्थनगर के नारायन पाठक ने बताया है कि उनकी बहन की शादी वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के जिनवा बाजार निवासी बृजेश कुमार शुक्ल के साथ हुई है। आरोप है कि ससुराल में बहन से दहेज में चार पहिया गाड़ी की मांग की गई। पूरा न करने पर उसे मारपीट कर धमकाया गया। साथ ही तरह-तरह से प्रताड़ित किया गया। पुलिस ने पति के अलावा ससुर दिनेश कुमार शुक्ल, सास समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 17-06-2022

# जिले में धारा 144 लागू

**सिद्धार्थनगर (एसएनबी)।** जिला मजिस्ट्रेट/जिलाधिकारी संजीव रंजन ने अपने शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में धारा 144 लागू कर दिया है। इस दौरान किसी भी व्यक्ति को धरना, जुलूस व प्रदर्शन की अनुमति नही है। धारा 144 के दौरान पांच अथवा पांच से अधिक व्यक्तियों के इकट्ठा होने की अनुमति नहीं है। अगर किसी भी व्यक्ति अथवा समूह द्वारा धारा 144 का उलंघन किया गया तो ऐसे लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन सतर्क

**इटवा (एसएनबी)।** पिछले दो शुक्रवार से नमाज के बाद प्रदेश के विभिन्न शहरों में हो रही हिंसा को लेकर स्थानीय प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है।इसके लिए ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही है। शांतिव्यवस्था को तोड़ने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। उक्त जानकारी उपजिलाधिकारी इटवा अभिषेक पाठक ने दी है। उन्होंने बताया कि आज शुक्रवार को जुमा की नमाज को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। तहसील क्षेत्र की पुलिस पूरी तरह से सतर्क है।जिले में धारा 144 लागू है।इसका सभी को पालन करना अनिवार्य है। शुक्रवार की नमाज को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने को लेकर मुस्लिम धर्म गुरुओं से वार्ता किया गया है।इटवा थाने पर पीस कमेटी की बैठक आयोजित करके दोनों समुदाय के लोगों से वार्ता कर आपसी सौहार्द बनाने की अपील की की गई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी रमेश चंद्र पांडेय ने बताया कि पुलिस आसामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रख रही है।कानून तोड़ने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अवश्य की जाएगी।हर स्थिति से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह से तैयार है। आज शुक्रवार को होने वाले जुमे की नमाज को सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मस्जिदों पर सुरक्षा व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए जाएंगे। मस्जिदों और आसपास के इलाकों की निगरानी ड्रोन कैमरे से की जाएगी। मुस्लिम धर्मगुरुओं से नमाज के बाद किसी भी तरह के जुलूस या धार्मिक कार्यक्रम ना करने की लिए कहा गया है। उनसे हर स्तर पर पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई है। प्रभारी निरीक्षक विन्ध्येश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि आसामाजिक गतिविधियों की सूचना जरूर दें।जन सहयोग से सभी कार्यक्रम यहां पर अच्छी तरह से सफल होते हैं।चौराहे पर तथा पहाड़ा पुर तिराहे पर ड्रोन से निगरानी किया गया है।

# किसी भी धर्म पर अवैध टिप्पणी करने वालों पर होगी कार्रवाई

**भवानीगंज (एसएनबी)।** सोशल मीडिया पर किसी भी धर्म के खिलाफ कोई भी अवैध टिप्पणी न करे जिसको लेकर थानाध्यक्ष भवानीगंज महेश सिंह के नेतृत्व में थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आने वाली जुमे की नमाज को दृष्टिगत रखते हुये क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों, ग्राम प्रधानों, बीडीसी सदस्यों तथा धर्म गुरुओं के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें थानाध्यक्ष द्वारा उच्च स्तर से प्राप्त दिशा निर्देशों को लोगों को अवगत



कराया गया की सभी अपने अपने समुदाय के लोगो विशेषकर नवयुवकों को जो सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते है को हिदायत दे कि वह किसी भी धर्म, समुदाय, वर्ग, व्यक्ति, देवी देवता के विरुद्ध कोई भी अभद्र टिप्पणी या पोस्ट न करेंगे तथा आने वाले जुमे की नमाज के मौके पर कानून व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिये। बैठक में उपनिरीक्षक के एस मौर्य, उपनिरीक्षक अवधेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक राम कारण निषाद सहित दोंनो समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

# शांति और सौहार्द के संदेश से संतुलित होता है समाज





त्रिलोकपुर थाने में पीस कमेटी की बैठक में भाग लेते लोग व शोहरतगढ़ थाना सभागार में शांति कमेटी की बैठक करते सीओ व एसओ। फोटो : एसएनबी

**डुमरियागंज/खेसरहा/ पथरा बाजार / शोहरतगढ़ (एसएनबी)।** डुमरियागंज थाना प्रांगण में शांति व्यवस्था के साथ जुमे की नमाज अदा करने व क्षेत्र में अमन कायम करने को लेकर उपजिलाधिकारी के अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आहूत हुई। इस दौरान डुमरियागंज थाना क्षेत्र के अधिकांश ग्राम प्रधान व सम्मानित व्यक्ति उपस्थित रहे। लोगों को संबोधित करते हुए नवनियुक्त एसडीएम विकास कश्यप ने कहा कि हमारी जानकारी में स्थानीय क्षेत्र में हमेशा से लोग सौहार्द एवं शांति व्यवस्था के साथ रहते रहे हैं और मैं आशा करता हूं शासन की मंशा अनुरूप सभी लोग सौहार्द एवं शांति व्यवस्था कायम करने के लिए समाज को जागरूक करें। इसी क्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार क्षेत्र में व्याप्त असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर समाज में शांति व्यवस्था कायम करना चाहती है जिसके लिए आप सभी लोग प्रशासन का सहयोग करें। जिससे समाज के असामाजिक तत्व समाज को बचाया जा सके। इस दौरान मौलाना महफूज हुज्जत,मौलाना एजाज अहमद ने आए हुए लोगों से अमन कायम करने की अपील की। इसी क्रम में ताकीब रिज्वी,कसीम रिज्वी,अजहर फारूकी, अजहर, फारूकी, असलम शाह, एडोकेट शैलेंद्र रावत ने भी शांति व्यवस्था के लिए लोगो का आह्वान किया। इस दैरान पुलिस कर्मियों मे उपनिरीक्षक दद्दन राव, बांकेलाल अवधेश यादव, सत्येंद्र कुमार व सम्मानित नागरिकों में ग्राम प्रधान बहरिया दिलीप पांडे, डा. नावेद, डा. कमाल अख्तर, इश्तियाक अहमद, खुशबू, इलियास अहमद, इमामुद्दीन आदि उपस्थित रहे।

**खेसरहा प्रतिनिधि के अनुसार** क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय थाना पर धर्मगुरुओं व क्षेत्र के संभ्रांत लोगों की बुलाई गई

## पीस कमेटी की बैठक

बैठक में थानाध्यक्ष ने लोगों को उच्चाधिकारियों के आदेश व निर्देशों की जानकारी दी तथा सहयोग की अपील किया। पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह के आदेश के क्रम में बृहस्पतिवार को थाने पर बुलाई गई बैठक में थानाध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने लोगों को शासन की गाइड लाइन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोग अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही सोशल मीडिया के भड़काऊ मैसेजों को ही शेयर करें। क्षेत्राधिकारी देवी गुलाम ने उपस्थित धर्मगुरुओं से जुम्मे की नमाज शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने कराने की बात कहते हुए माहौल खराब करने वालों से सचेत रहने की बात भी कही। उक्त दौरान, हाजी सैदाहुसेन, गनेश राय, तुफैल अहमद, शहाबुद्दीन, रमजान, बबलू पाण्डेय तथा बबलू वर्मा सहित कई अन्य संभ्रांत व्यक्ति भी मौजूद रहे।

**पथरा बाजार प्रतिनिधि के अनुसार** स्थानीय थाना क्षेत्र में मौजूद धर्मगुरुओं, मौलवियों, मदरसा शिक्षकों तथा मंदिरों के पुजारियों और संभ्रांत नागरिकों के साथ थानाध्यक्ष बलजीत राव ने बृहस्पतिवार को थाना परिसर में बैठक कर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए सभी से अपील किया। मुकामी थानाध्यक्ष ने लोगों से कहा कि आप अफवाहों पर ध्यान न दें । अफवाह फैलाने वाले लोगों की जानकारी मुझे या मेरे कर्मियों अथवा उच्चाधिकारियों को समय रहते उपलब्ध करावें जिससे उसे रोका जा सके। यदि कोई व्यक्ति शांति व्यवस्था को खराब करने की कोशिश करेगा तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान उप निरीक्षक अशोक कुमार पाल, राम अशोक यादव, शम्स खान, मुख्य आरक्षी राम विलास, राकेश यादव के अलावा कौशल पाण्डेय, सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मगुरु मौजूद रहे।

**शोहरतगढ़ प्रतिनिधि के अनुसार** थाना सभागार में सीओ हरिश्चन्द्र की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। सीओ हरिश्चन्द्र ने बैठक में मौजूद सम्भ्रांत नागरिकों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील करते हुए जुमे की नमाज को शांति पूर्ण माहौल में अदा करने को कहा। इस दौरान एसआई रविकांत मणि त्रिपाठी, अल्ताफ हुसैन, नवाब खान,समाजसेवी शान्ति नारायण त्रिपाठी उर्फ पप्पू बाबा,पिंटू आदि मौजूद रहे।

# माहौल खराब किया तो चलेगा बुलडोजर

सिद्धार्थननगर (एसएनबी)। पिछले दिनों जुमे की नमाज के बाद देश के कई शहरों में उपद्रवियों द्वारा किये गए पथराव की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस प्रशासन ने 17 जून को होने वाली जुमा की नमाज के बाद भी शांति व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए जिले भर में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े प्रबंध किए गए है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अगर किसी ने माहौल खराब करने का प्रयास किया तो ऐसे, अराजक तत्वों के घर पर भी बुलडोजर की कार्यवाही से परहेज नहीं किया जायेगा।

जुमे के एक दिन पहले पुलिस प्रशासन ने सीओ सदर व उप जिलाधिकारी सदर प्रदीप यादव की अगुवाई में शहर में स्थित मस्जिद के आस पास ड्रोन कैमरे से छतों की निगरानी किया, कहीं पत्थर व अन्य सामग्री तो इकट्ठा करके नहीं रखा गया है, इन सभी बिंदुओं की ड्रोन कैमरे से निगरानी किा। जुमे की नमाज के दिन भी जिले भर में ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी। अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि अमन, चैन व शांति व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए पुलिस पूरी तरह से दृढ़ संकल्पित है। अगर किसी भी अराजकतत्व द्वारा माहौल को खराब करने का प्रयास किया गया तो इतनी बड़ी कार्यवाही की जाएगी कि उसकी आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगी। उन्होंने बताया बताया कि जनपद के 164 धर्मगुरु -प्रभावशाली व्यक्तियों से समन्वय स्थापित किया गया है तथा समस्त स्थानों पर पीस कमेटी की बैठक की गई है। सभी ने यह कहा है कि वे धर्मस्थलों का दुरुपयोग नही होने देंगे। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टकोण से संपूर्ण जनपद को तहसीलवार 5 जोनों में बांटा गया है। प्रत्येक जोन में एक उप-जिलाधिकारी तथा एक पुलिस उपाधीक्षक की ड्यूटी लगाई गई है, इसके अतिरिक्त संपूर्ण जनपद को 21 सेक्टर में बांटा गया है, जिसमें प्रत्येक सेक्टर के प्रभारी, मजिस्ट्रेट एवं थाना प्रभारी रहेंगे। जनपद में कुल 10 कि रिएक्शन टीमें बनाई गई है, और प्रत्येक थानों पर 11-11 पुलिसकर्मियों की 1-1 स्ट्राइक टीम बनाई गई है, जिसमें एक फोटोग्राफर, एक सादा वस्त्रधारी पुलिसकर्मी, एक आंसू टियर गैस गन के साथ, एक रबर बुलेट के साथ, एवं अन्य पांच पुलिसकर्मी लाठी पार्टी, में रहेंगे तथा एक कमांडर एवं एक सब कमांडर उप-निरीक्षक पद के बनाए गए हैं। जनपद में कुल 42 हटस्पट चिन्हित करके पुलिस पिकेट लगाई गई है। अतिसंवेदनशील पिकेट को चिन्हित कर सात कलस्टर पार्टियां बनाई गई हैं। कलस्टर पार्टियों में वाहन के साथ-साथ चार-चार सशस्त्र पुलिस बल लगाई गई है एवं तहसील मुख्यालयों पर अग्निशमन दस्ता को लगाया गया है। यूपी-112 की सिद्धार्थनगर टीम के 47 वाहनों को 24 घंटे सतत, सतर्क एवं भ्रमणशील रहने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके अतिरिक्त सोशल मीडिया के समस्त प्लेटफार्म्स पर एक विशेष टीम गठित कर सतत निगरानी प्रतिदिन 24 घण्टे की जा रही है। आज समस्त थानों द्वारा ड्रोन कैमरे की मदद से घरों के ऊपर की वीडियोग्राफी कराई गई है।

> जुमे की नमाज को सकुशल संपन्न कराने की बाद शांति व्यवस्था बनी रहे ,इसके लिए किया गया है सुरक्षा व्यवस्था के कड़े प्रबंध
>
> मस्जिद के आस पास घरों के छतों की ड्रोन कैमरे से कराई गई वीडियो ग्राफी
>
> सभी मस्जिदों के आस पास भारी संख्या में पुलिस बल अलर्ट मोड पर रहेगी



ड्रोन कैमरे से छतों की वीडियो ग्राफी कराते एसडीएम व सीओ सदर प्रदीप यादव। फोटो : एसएनबी

## सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

डुमरियागंज । डुमरियागंज थाना प्रांगण में पुलिस क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता में पुलिस, कर्मचारी अधिकारियों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। जिसमें थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाये रखने के लिए उपस्थित जनों को आवश्यक निर्देश दिया। बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव ने उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह से शासन का निर्देश है कि क्षेत्र में लोगों की सुरक्षा को लेकर कड़ी व्यवस्था की जाए जिससे असामाजिक तत्व क्षेत्र के शांतिप्रिय माहौल को बिगाड़ न पाये। ऐसे में पुलिस कर्मियों द्वारा किसी भी प्रकार की लापरवाही सुरक्षा व्यवस्था को नुकसान पहुंचा सकती है। साथ ही उन्होंने मिशन शक्ति/महिला सशक्तिकरण व जागरूकता अभियान के क्रम में महिला बीट पुलिस अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक सूर्य भान सिंह सहित सभी पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।



पुलिस कर्मचारियों को संबोधित करते पुलिस क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज। फोटो : एसएनबी

## पुलिस-प्रशासन सतर्क, ड्रोन कैमरा से निगरानी

बांसी । शुक्रवार (आज) जुमे की नमाज को लेकर डीएम-एसपी के निर्देश के क्रम में बृहस्पतिवार को ऐहतियातन पुलिस-प्रशासन नेनगर स्थित मस्जिदों व उसके आसपास के स्थानों का निरीक्षण कर अपनी सतर्कता का प्रदर्शन किया। बृहस्पतिवार को कोतवाली पुलिस ने एसडीएम प्रमोद कुमार, सीओ देवी गुलाम के साथ स्थानीय नगर के संवेदनशील स्थानों यथा हाजी मार्केट, आब्दी तिराहा, टेकधर नगर, खेसरहा मोड़, रोडवेज चौराहा, माधव तिराहा, नरकटहा के निराला नगर, गांधी नगर आदि स्थानों का भ्रमण किया और ड्रोन कैमरा के माध्यम से स्थिति का निरीक्षण किया। उक्त दौरान कोतवाल संजय कुमार मिश्र, वरिष्ठ उप निरीक्षक यशवंत सिंह, उप निरीक्षक पप्पू कुमार गुप्ता, कां. श्याम सुन्दर मौर्य, गणेश कुमार सिंह, जितेंद्र यादव, अरविन्द आदि शामिल थे।

## ड्रोन से हुई मस्जिद के आसपास की निगरानी

शोहरतगढ़ । बीते जुमा की नमाज के बाद विभिन्न शहरों में हुई हिंसा को लेकर स्थानीय प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। इसके लिए ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही है। शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।



ड्रोन कैमरे से जायजा लेते एसडीएम, सीओ, कोतवाल व अन्य। फोटो : एसएनबी

सीओ हरिश्चन्द्र ने बताया कि शुक्रवार को जुमा की नमाज को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस पूरी तरह से सतर्क है। जिले में धारा 144 लागू है। इसका सभी को पालन करना अनिवार्य है। शुक्रवार की नमाज को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने को लेकर मुस्लिम धर्म गुरुओं से वार्ता भी की गई है। इस दौरान थानाध्यक्ष जय प्रकाश दुबे, एसआई रविकांत मणि त्रिपाठी आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# पीस कमेटी की बैठक

**भनवापुर (एसएनबी)।** त्रिलोकपुर थाना परिसर में पीस कमेटी बैठक बृहस्पतिवार को आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता उपजिलाधिकारी इटवा अभिषेक पाठक ने किया। इस मौके पर अभिषेक पाठक ने सभी क्षेत्र के लोगो से कहा कि आप सभी लोग जुमा नमाज पढ़ने के समूह बनाकर किसी प्रकार का कार्य ना करें अपने दैनिक कार्यो में व्यस्त रहें या घरों में जाएं। उन्होंने अनर्गल



पोस्ट, या कमेंट ना करने का हिदायत दी साथ ही यह भी कहा कि बाहर से जो लोग आते हैं और रहने के लिए किराए पर मकान लेते है तो उनका पुरुफ जरूर लें। ताकि कोई घटना घटित हो तो पता चले सके। गंगा जमुनी तहजीब कायम रखने में मदद करें। कोई अंजान व्यक्ति घूम रहा है तो उसे पूछ ताछ जरूर करें। बैठक में थाना प्रभारी विधाधर कुशवाहा ने कहा कि आप लोग जागरूप रहेंगे तो कोई किसी प्रकार का घटना घटित नहीं होने पायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि अपराध की रोकथाम व अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने को लेकर लगातार निगरानी रखी जा रही है किसी भी प्रकार के असामाजिक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने अपील किया कि किसी भी तरह की सूचना देने में पुलिस की मदद करें। इस मौके पर उप निरीक्षक शशि भूषण पांडेय, रामशुरेससिंह, अनिल कुमार ,शिव दास गौतम, क्षेत्र के गण मान्य लोगो में सुधीर कुमार तिवारी, सदा नन्द शुक्ला, आलोक कुमार तिवारी, खलील अहमद, डाक्टर जुबेर, नौशाद शाह, जंगी चौधरी, राम पाल शुक्ल आदि लोग मौजूद रहे।

# फ्राड हो ब्लैकमेल का केस तो घबराएं नहीं पुलिस से संपर्क करें

सिद्धार्थनगर (एसएनबी)। साइबर स्वच्छता और साइबर अपराध की रोकथाम के लिए आजादी के अमृत महोत्सव के तहत साइबर सेल के नोडल अधिकारी क्षेत्राधिकारी सदर प्रदीप कुमार यादव की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन पुलिस लाइन स्थित सभागार में किया गया। कार्यशाला में जनपदीय साइबर टीम द्वारा थानों पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क पर नियुक्त कर्मियों के कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया तथा साइबर जागरूकता को प्रचार प्रसार करने के लिए कहा गया।

**पुलिस लाइन स्थित सभागार में कार्यशाला का आयोजन कर साइबर अपराध से बचने के लिए दी गई जानकारी**

कार्यशाला में जनपद के समस्त थानों से एक- एक उपनिरीक्षक एक एक आरक्षियों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में साइबर सेल प्रभारी पंकज पांडेय, आरक्षी दिलीप कुमार द्विवेदी,आरक्षी अतुल चौबे, आरक्षी आशुतोष जयसवाल, आरक्षी राहुल मौर्या, आरक्षी अजय यादव, आरक्षी शिवम मौर्या साइबर सेल से अतुल चौबे और दिलीप द्विवेदी ने बताया कि आजकल हमारे समाज में साइबर अपराध की घटनाओं में तेजी से इजाफा हुआ है। हमारा और आपका यह दायित्व है कि इन बढ़ते हुए अपराधों को रोकने के लिए कुछ महत्वपूर्ण जानकारी से वाकिफ रहे और अपने समाज में भी इससे जागरूक करें। कार्यशाला में बताया गया कि अपने मेहनत से अर्जित किए हुए धन को किसी भी लाटरी सिस्टम या ऐसे ऐप में न लगाएं। कभी भी किसी फर्जी वेबसाइट और ऐसे लोगो के विश्वास में न आएं। अगर आपके साथ कोई फ्राड या कोई आपको किसी कारण से ब्लैकमेल करे तो घबराएं नहीं, पुलिस से संपर्क करें। अगर आपके साथ कोई धोखे से धन ले लिया या कोई फ्राड हो गया तो जल्दी से जल्दी भारत सरकार द्वारा संचालित टोल फ्री नम्बर 1930 एवं साइबर क्राइम डाट जीओवी इन पर अपनी समस्या अंकित कराएं। अपने मोबाइल को लाक रखें एवं ऐप को भी लक रखें जिससे आपके निजी जानकारी या चित्र या कोई डाटा चोरी न कर पाए। मोबाइल गेम्स के चक्कर में बच्चे आपके खाते से पैसे जाने अंजाने में गायब कर सकते हैं तो अभिभावक इससे सतर्क रहें। आधार कार्ड, पैन कार्ड या कोई भी निजी जानकारी व्हाट्सएप पर सांझा न करें।

# ड्रोन से उस्का, शोहरतगढ़ में किया सर्वेक्षण

सिद्धार्थनगर। जुमे की नमाज को लेकर गुरुवार शाम पुलिस ने शोहरतगढ़ कस्बा स्थित जामा मस्जिद मुहल्लों में सीओ हरिश्चंद्र की अगुआई में ड्रोन कैमरे से सर्वेक्षण कराया।

उस्का बाजार में पुलिस ने ड्रोन कैमरे से निगरानी की। सीओ शोहरतगढ़ ने कैमरे में आए चित्र को देखकर निर्माण कार्य के लिए छतों पर रखे गए ईंट को हटाने का निर्देश दिया। सीओ ने कहा कि शासन के निर्देश पर धारा 144 लागू कर दी गई है। कोई भी जुमे की नमाज के दिन मस्जिद के आस पास अनावश्यक रूप से न इकट्ठा हों।

# अफवाहों पर ध्यान न देकर सौहार्द बनाए रखें : एसडीएम

डुमरियागंज। समाज में जब आपसी भाईचारा कायम रहता है तब हर तरफ शांति व सौहार्द बना रहता है। कुछ ऐसे लोग भी इसी समाज में जीवन यापन करते हैं जो मौके की तलाश में रहते हैं कि कब किसी प्रकार की कोई कमी मिले जिसमें लोगों को उकसा कर सौहार्द को बिगाड़ा जाए। अफवाहों पर ध्यान न देकर विवेक का इस्तेमाल करते हुए सौहार्द बनाए रखें। ये बातें गुरुवार को डुमरियागंज थाना परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में एसडीएम विकास कश्यप ने कहीं।



पुलिस लाइन सभागार में गुरुवार को साइबर अपराध की रोकथाम के लिए साइबर नोडल अधिकारी सीओ सदर प्रदीप कुमार यादव की अध्यक्षता में कार्यशाला हुई।

# साइबर क्राइम से बचने के लिए लोगों को जागरूक करें

## कार्यशाला

सिद्धार्थनगर, हिन्दुस्तान संवाद। पुलिस लाइंस सभागार में गुरुवार को साइबर स्वच्छता व साइबर अपराध की रोकथाम को आज़ादी का अमृत महोत्सव मं साइबर नोडल अधिकारी सीओ सदर प्रदीप कुमार यादव की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन हुआ। जनपदीय साइबर टीम ने थानों के साइबर हेल्प डेस्क पर नियुक्त कर्मियों के कार्यों की जानकारी दी।

साइबर सेल प्रभारी पंकज पांडेय, आरक्षी दिलीप कुमार द्विवेदी, अतुल चौबे, आशुतोष जायसवाल, राहुल मौर्य, अजय यादव, शिवम मौर्य ने बताया कि आजकल हमारे समाज में साइबर अपराध की घटनाओं में तेजी से इजाफा हुआ है। हमारा और आपका दायित्व है कि इन बढ़ते हुए अपराधों को रोकने के लिए कुछ महत्वपूर्ण जानकारी से वाकिफ रहें और अपने समाज के लोगों को भी इससे जागरूक करें। बताया अपने धन को किसी भी लॉटरी सिस्टम/या ऐप में न लगाएं। कभी भी किसी फर्जी वेबसाइट के चक्कर में न पड़ें। आपके साथ कोई फ्रॉड या समस्या या कोई आपको किसी कारण से ब्लैकमेल करे तो घबराएं नहीं, पुलिस से संपर्क करें।

कहा अगर कोई धोखे से धन ले लिया या कोई फ्रॉड हो गया तो जल्दी से भारत सरकार की ओर से संचालित टोल फ्री नम्बर 1930 पर समस्यां बताएं। अपने मोबाइल व ऐप को लॉक रखें। मोबाइल गेम के चक्कर में बच्चे आपके खाते से पैसे जाने अंजाने में गायब कर सकते हैं अभिभावक सतर्क रहें। आधारकार्ड, पैन कार्ड या कोई भी निजी जानकारी वाट्सअप पर सांझा न करें कार्यशाला में जिले के सभी थानों से एक-एक एसआई व सिपाही ने प्रतिभाग किया।

# पुलिस को सतर्कता बरतने के निर्देश

डुमरियागंज। डुमरियागंज थाना परिसर में गुरुवार को सीओ अजय श्रीवास्तव ने पुलिस कर्मियों को सतर्कता बरतने का निर्देश दिया।

उन्होंने सभी से दिन रात चौकन्ना रहने को कहा। साथ ही चेतावनी दी कि अगर क्षेत्र भ्रमण के दौरान कोई भी अपनी ड्यूटी से लापरवाही करता पाया गया तो उसके विरुद्ध कार्रवाई होगी।

# शांति बनाए रखने को कसी कमर

बांसी। शुक्रवार को जुमा की नमाज को देखते हुए बांसी में तहसील प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। किसी भी तरह की गड़बड़ी से निपटने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। एसडीएम बांसी के नेतृत्व में गुरुवार को ड्रोन कैमरे से क्षेत्र के कोने कोने की फोटोग्राफी कराई गई।

एसडीएम प्रमोद कुमार, क्षेत्राधिकारी देवी गुलाम सिंह ने गुरुवार को बांसी के संवेदनशील स्थानों हाजी मार्केट, आबदी तिराहा, टेकधरनगर, खेसरहा मोड, रोडवेज चौराहा, माधव चौक, निरालानगर, गांधीनगर में ड्रोन कैमरा से निरीक्षण कर वास्तविकता का पता लगाया गया।

# कैमरे व अलार्म की जांची हकीकत

भड़रिया बाजार। भवानीगंज पुलिस ने गुरुवार को विभिन्न बैंकों की जांच की। पुलिस टीम ने सीसीटीवी कैमरे और अलार्म की हकीकत जांची। बैंकों के बाहर मौजूद संदिग्धों से पूछताछ भी की और बिना वजह बैंक के आसपास न रहने को कहा।

भवानीगंज कस्बे में स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा के अलावा बिथरिया, भड़रिया आदि स्थानों पर संचालित बैंक पर पहुंचकर मौजूद उपभोक्ताओं से पूछताछ की। थानाध्यक्ष महेश कुमार सिंह ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस गंभीर है। उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश पर समय-समय पर बैंक शाखाओं पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है।

# उपद्रवियों से सख्ती से निपटेगी पुलिस

शोहरतगढ़ । शोहरतगढ़ थाना परिसर में गुरुवार को शांति कमेटी की बैठक सीओ हरिश्चंद्र की अध्यक्षता में हुई।

सीओ ने कहा की लोकतंत्र में सभी को अपनी बात नियमानुसार रखने का हक है लेकिन नियम विरुद्ध कार्य करने पर पुलिस प्रशासन सख्ती से पेश आएगी। इसलिए किसी भी जाति-धर्म के लोग नियम विरुद्ध काम न करें। न ही ऐसा करने के लिए किसी को उकसाएं। उपद्रव करने वाले अराजक तत्वों के साथ पुलिस सख्ती से निपटेगी।

उन्होंने कहा कि जुमे की नमाज के बाद मस्जिद के आसपास अनावश्यक रूप से भीड़ इकट्ठा न करें। सभी नगरवासी अपने घर के बच्चों और स्वयं भी अनावश्यक रूप से सोशल मीडिया पर कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट न डालें। यदि ऐसा पाया जाता है तो दोषी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी।

# सौहार्दपूर्ण माहौल में अदा करें जुमे की नमाज

इटवा/सोहना। पिछले दिनों जुमे की नमाज के दौरान प्रदेश के विभिन्न जगहों पर हुए उपद्रव के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से चौकन्ना हो गया है। इसको लेकर गुरुवार को एसडीएम अभिषेक पाठक की अध्यक्षता में इटवा व त्रिलोकपुर थाने पर मुस्लिम धर्मगुरुओं व अन्य लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठक की गई। इसमें सभी से शांति व्यवस्था बनाएं रखने की अपील की गई।

एसडीएम ने कहा कि पिछले दिनों आए विवादित बयान की आड़ में कुछ लोग माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं, जो गलत है। समाज में शांति व्यवस्था बनाए रखना प्रत्येक जिम्मेदार नागरिक का दायित्व है। इसे सभी को निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने आसपास, मोहल्ले के खासकर नवयुवकों को समझाएं, वह किसी के बहकावे में आकर कोई गलत कदम न उठाएं। नफरत व द्वेश भरे ऐसे कोई पोस्ट और कमेंट सोशल मीडिया पर न करें। किसी भी अफवाह में न आएं। कोई व्यक्ति अफवाह फैलाता है या किसी प्रकार की कोई उदंडता करता है तो उस पर केस दर्ज किया जाएगा।



गुरुवार को बांसी में ड्रोन कैमरे से निगरानी कराते एसडीएम प्रमोद कुमार व सीओ ।

# जुमा से पूर्व ही सक्रिय हो गया प्रशासन, ड्रोन से की निगारानी

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। मोहम्मद साहब पर भाजपा नेत्री की ओर से की गई टिप्पणी के विरोध में पिछले जुमा को दो स्थानों पर नमाज के बाद प्रदर्शन हुआ था। इस बार शांति बनी रहे इसे मद्देनजर रखते हुए पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है।

ड्रोन के जरिए छतों की निगरानी के साथ एसएसबी के साथ प्रमुख स्थानों पर डॉग स्क्वायड के साथ संदिग्धों की जांच कर लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाया गया। पिछले जुमा की नमाज के बाद डुमरियागंज व शोहरतगढ़ में हुए प्रदर्शन से सबक लेते हुए पुलिस प्रशासन इसबार सक्रिय तो है ही सख्त भी नजर आ रहा है। गुरुवार को शहर के एसडीएम सदर प्रदीप कुमार यादव, सीओ सदर प्रदीप कुमार यादव, सदर थानाध्यक्ष तहसीलदार सिंह की मौजूदगी में सिद्धार्थ तिराहा, हाइडिल तिराहा, बदर के पास खजुरिया रोड के अलावा बांसी व डुमरियागंज में ड्रोन के जरिए छतों का जायजा लिया कि कहीं पर ईंट-पत्थर तो छिपाकर नहीं रखे गए हैं। प्रमुख स्थानों पर पुलिस व एसएसबी ने संदिग्धों की जांच की।

# पुलिस ने छतों पर ढूंढे ईंट-पत्थर

**इटवा।** इटवा पुलिस भी अलर्ट मोड में आ गई है। यहां भी जुमे की नमाज पर कोई उपद्रव न हो इसको लेकर संवेदनशील इलाकों की निगरानी तेज कर दी है। पुलिस प्रशासन ने गुरुवार को क्षेत्र के संवेदनशील जगहों पर ड्रोन उड़ा कर घरों की छतों पर ईंट-पत्थर ढूंढे।

### जिले में किसी भी स्थिति से निपटने को 10 क्विक रिएक्शन टीमें बनीं

# जुमे पर पांच जोन बना कर होगी निगहबानी

**सतर्कता**

सिद्धार्थनगर, हिन्दुस्तान टीम। शुक्रवार को जुमा की नमाज को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्कता बरत रही है। एसपी डॉ.यशवीर सिंह ने जुमे के दिन निगहबानी को पूरे जिले को तहसीलवार पांच जोन व 21 सेक्टर में बांटा है। प्रत्येक जोन की निगरानी एक एसडीएम व एक सीओ को सौंपी गई है।

सेक्टरों के प्रभारी मजिस्ट्रेट पर थाना प्रभारियों को बनाया गया है। इसके अलावा 10 क्विक रिएक्शन टीमें और प्रत्येक थानों पर 11-11 पुलिस कर्मियों की एक-एक स्ट्राइक टीम बनाई गई है। इसमें एक फोटो ग्राफर, एक सिविल ड्रेस पुलिसकर्मी, एक आंसू गैस के साथ, एक रबर बुलेट के साथ व पांच लाठी पार्टी वाले होंगे। एक कमांडर व एक सब कमांडर एसआई को बनाया गया है। एएसपी सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि जुमे की नमाज को लेकर जिले में 42 अति संवेदनशील स्थल चिन्हित किए गए हैं। यहां पर पुलिस पिकेट लगाई गई है। अतिसंवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर सात कल्स्टर पार्टियां बनाई गई हैं। कलस्टर पार्टी में वाहन के साथ चार-चार सशस्त्र जवान लगाए गए हैं।

**24 घंटे दौड़ेंगे 112 के वाहन:** एएसपी ने बताया कि जुमा को लेकर 112 को भी अलर्ट कर दिया गया है। यूपी 112 के सभी 47 वाहन 24 घंटे पेट्रोलिंग करेंगे व गतिविधियों पर भी नजर रखेंगे। सोशल मीडिया की पोस्ट पर नजर रखने के लिए टीम बनाई गई है जो 24 घंटे पोस्ट पर नजर रखेगी।

डीएम संजीव रंजन ने जुमा की नमाज को सकुशल संपन्न कराने के लिए तहसीलवार मस्ट्रिेटों की तैनाती की है। डीएम ने नौगढ़ तहसील में तहसीलदार राम ऋषि रमन, बीडीओ बर्डपुर नीरज कुमार, बीडीओ लोटन अर्जुन चौधरी, बीडीओ जोगिया मनोज कुमार, बीडीओ उस्का बाजार संजय कुमार, बीडीओ नौगढ़ संगीता यादव को मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया है।

**11** पुलिसकर्मियों की एक-एक स्ट्राइक टीम प्रत्येक थानों पर

**42** अतिसंवेदनशील स्थल जिले में चिह्नित किए गए

## बड़ी मस्जिदों पर रहेगी ज्यादा फोर्स

जुमा के दिन नमाज के बाद किसी प्रकार की अशांति न फैले इसे मद्देनजर रखते हुए बड़ी मस्जिदों के बाहर अधिक संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती की जाएगी। अन्य मस्जिदों पर सुरक्षा के इंतजाम रहेंगे।

## एलआईयू संदिग्धों का जुटा रही डेटा

एलआईयू ऐसे लोगों का डेटा इकट्ठा कर रहा है जिनसे अमन को खतरा पैदा हो सकता है। ऐसे लोगों को चिन्हित कर शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है। वह मस्जिदों के आसपास नजर बनाए हुए है।

" जुमा के दिन शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी थानों को अलर्ट पर रखा गया है। पेट्रोलिंग की जा रही है। मस्जिदों पर नमाज के समय फोर्स तैनात रहेगी। किसी को कानून हाथ में लेने नहीं दिया जाएगा। अमन में बाधा पैदा करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

**डॉ.यशवीर सिंह**, एसपी

# अराजकता फैलाने पर होगी सख्त कार्रवाई

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर: पैगंबर मोहम्मद साहब के खिलाफ हुई टिप्पणी व कानपुर व प्रयागराज में हुए बवाल के बाद शुक्रवार को होने वाले जुमे की नमाज को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने जनपद में व्यापक तैयारी की है। 43 संवेदनशील स्थल चिन्हित किये गये हैं। डीएम संजीव रंजन ने जिले में धारा 144 लागू कर दी है। एक साथ चार लोग एकत्र नहीं हो सकेंगे।

पांचों तहसीलों को जोन में बांटा गया है। इसकी निगरानी एसडीएम व सीओ करेंगे। 42 हाट स्पाट चिन्हित किया गया है। इसमें डुमरियागंज में सात, सदर थाने में 10 स्थलों पर पुलिस की पिकेट लगायी गयी है। 20 क्यूआरटी (क्विक रिजर्व टीम) बनायी गई है। 30 स्थलों पर पूरी रात वाहनों की चेकिंग होगी। विवादों से नाता रखने वालों के मकान पर बुलडोजर चलाने की तैयारी भी की जा रही है। सरकारी जमीनों पर कब्जा जमाने वालों के दस्तावेज भी खंगाले जा रहे हैं। पहले सात क्यूआरटी थी। इसकी संख्या बढ़ाकर 20 कर दी गयी है। सभी थानों में 11-11 जवानों की स्ट्राइक टीम टीम बनायी गयी है। क्षेत्र में गतिविधियों पर निगाह रखेंगे। भीड़ की वीडियोग्राफी भी करेंगे। इनके पास आंसू गैस, रबर बुलेट उपलब्ध होगी। पांच जवान लाठी के साथ रहेंगे। किसी प्रकार की समस्या होने पर फौरन मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को देंगे। शोहरतगढ़ में पांच, इटवा तीन, बढ़नी तीन, बांसी में तीन स्थानों पर अतिरिक्त पिकेट की ड्यूटी लगायी गयी है। जनपद को सात सेक्टरों में बांटा गया है। प्रत्येक सेक्टर में उपनिरीक्षक के नेतृत्व में चार-चार आरक्षियों को तैनात किया गया है।

**164 लोगों से की गयी है वातचीत:** जुमे की नमाज को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए जनपद के 164 लोगों के साथ पुलिस ने बैठक की है। सभी ने आश्वासन दिया है कि वह धार्मिक स्थलों का उपयोग सिर्फ धार्मिक कार्यों के लिए होंने देंगे।

- **लागू हुई धारा 144, एक साथ चार लोग नहीं हो सकेंगे एकत्र**
- **सभी थानों में 11- 11 टीमें रखेंगी सभी गतिविधियों पर निगाह**



जुमे की नमाज को देखते हुए जनपद में व्यापक तैयारी की गयी है। यदि किसी ने कानून हाथ में लेने की कोशिश की तो सख्ती निपटा जाएगा।

**सुरेश चंद्र रावत**

एएसपी

**यह और अन्य खबरें देखे**

https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html


# इमामों ने नमाजियों से की अमन बनाए रखने की अपील

**सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता।** इस्लाम धर्म के पैगंबर मोहम्मद साहब पर टिप्पणी के बाद उपजे विवाद को लेकर विरोध प्रदर्शन के साथ उपद्रव भी हो रहे हैं। जिले में किसी प्रकार की घटना न हो इसे लेकर प्रशासन जहां अलर्ट है वहीं मस्जिदों के इमाम नमाजियों से अपील कर रहे हैं कि जुमा की नमाज के बाद ऐसा कोई काम न करें जिससे अमन में खलल पैदा हो। यह मुल्क हम सबका है, सबको मिलकर रहना चाहिए।

जिले में पिछले जुमा को कुछ देर के लिए डुमरियागंज के हल्लौर व शोहरतगढ़ में माहौल गर्म हो गया था हालांकि मामला उपद्रव नहीं सिर्फ प्रदर्शन तक ही सीमित रहा। जुमा की नमाज के बाद नामजियों ने प्रदर्शन करते हुए मोहम्मद साहब पर टिप्पणी करने वाली भाजपा नेत्री की गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग कर रहे थे। प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति व राज्यपाल को ज्ञापन भेज कर भाजपा नेत्री पर कार्रवाई की मांग की गई। इस बार के जुमा में किसी प्रकार का प्रदर्शन न हो और न ही कोई कानून हाथ में लेने पाए इसे लेकर प्रशासन अलर्ट है तो मस्जिदों के इमामों ने लोगों से शांति के साथ नमाज अदा करने की अपील की है।

**मोहल्ले की मस्जिदों में पढ़ें नमाज ऐसी बंदिश नहीं:** इसबार जुमा की नमाज लोग मोहल्ले की मस्जिदों में ही पढ़ें ऐसी कोई बंदिश या अपील किसी ओर से नहीं की गई है। वैसे में 95 फीसदी लोग अपने मोहल्ले की ही मस्जिदों में जुमा ही नहीं हर दिन की पांच वक्त की नमाज अदा करते हैं।

पुलिस प्रशासन जुमा के दिन शांति बनी रहे इसे लेकर धर्म गुरुओं से वार्ता कर चुका है।



मोहम्मद साहब पर टिप्पणी करना ही गलत है इसके लिए ऐसा करने वालों को सजा दी जानी चाहिए जिससे दोबारा कोई किसी भी मजहब के महापुरुषों पर बेतुकी बातें कहने की हिम्मत न जुटा पाए। जुमा की नमाज को अमन के माहौल में अदा की जाए। कानून को हाथ में लेने की जरूरत नहीं है। देश की गंगा जमुनी तहजीब को मजबूत करना हम सबका फर्ज है।

**-हाफिज कारी इस्लामुद्दीन,** जामिया अशरफिया जियाउल इस्लाम बेलसड, सिद्धार्थनगर



इस्लाम मजहब भाईचारा का संदेश देता है। हम अपने किरदार से पहचाने जाते हैं इसलिए हमसब का फर्ज है कि मिलजुल कर रहें। जुमा की नमाज पढ़ने के बाद शांति के साथ घरों को वापस जाएं। किसी के बहकावे न आएं यही इस्लाम कहता है। सरकार से मांग है कि मोहम्मद साहब पर टिप्पणी करने वालों की गिरफ्तारी करे और उन्हें सख्त सजा दे।

**-मौलाना हबीब खान मिस्बाही,** इमाम जामा मस्जिद आजादनगर

# नमाज के बाद मस्जिद के पास न लगाएं अनावश्यक भीड

जासं, शोहरतगढ़ : थाना परिसर में गुरुवार को शांति कमेटी की बैठक पुलिस क्षेत्राधिकारी हरिश्चंद्र की अध्यक्षता में संपन्न हुई। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने नागरिकों से बातचीत करते हुए कहा की लोकतंत्र में सभी नागरिकों को अपनी बात नियमानुसार रखने का हक है। लेकिन नियम विरुद्ध कार्य किए जाने पर पुलिस प्रशासन उनके साथ सख्ती से पेश आएगी। इस लिए किसी भी जाति धर्म के लोग नियम विरुद्ध कार्य नही करें। जुमे की नमाज के बाद मस्जिद के आसपास अनावश्यक भीड़.इकट्ठा न करें। इंटरनेट मीडिया पर कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट न डालें। थानाध्यक्ष जयप्रकाश दुबे ने कहा कि अफवाहों पर नागरिक ध्यान न दें । इस दौरान उपनिरीक्षक रविकांत मणि त्रिपाठी, मनोज कुमार श्रीवास्तव, सूर्य प्रकाश पांडेय आदि रहे। इसी क्रम में जामा मस्जिद के आसपास के मुहल्लों में सीओ हरिश्चंद्र की अगुआई में थानाध्यक्ष जयप्रकाश दूबे ने पुलिस बल के साथ ड्रोन कैमरे से जायजा लिया।

# जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से करें संपन्न : एसडीएम

जागरण संवाददाता, डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर : जुमे की नमाज के बाद पिछले सप्ताह विभिन्न जिलों में हुए प्रदर्शन के दृष्टिगत गुरुवार को डुमरियागंज थाना परिसर में शांति कमेटी की बैठक एसडीएम विकास कश्यप की अध्यक्षता में संपन्न हुई। एसडीएम ने कहा कि डुमरियागंज आपसी एकता और सौहार्द की मिशाल के रूप में पहचान रखता है। जिसे प्रत्येक दशा में बनाये रखने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। शुक्रवार को जुमे की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करें। किसी भी प्रकार का प्रदर्शन अथवा जुलूस आदि प्रतिबंधित रहेगा। शांति भंग करने वालों पर पुलिस कठोर कार्रवाई करेगी। जुमा नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने बैठक कर धर्मगुरुओं और बुद्धिजीवियों के साथ वार्ता की। सीओ अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि मंदिर तिराहे से लेकर मस्जिद और ईदगाहों के आस पास शांति व्यवस्था के मद्देनजर फोर्स तैनात रहेगी। किसी भी प्रकार कुछ ऐसा न करें जिससे पुलिस को कार्रवाई करनी पड़े। इंटरनेट मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है। अगर किसी ने गलत अथवा सौहार्द बिगाड़ने वाला संदेश पोस्ट किया या साझा किया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मौलाना एजाज अहमद, ताक़िब रिजवी, राम प्रकाश जायसवाल, मोहम्मद इस्लाम, मौलाना महफूज हुज्जत, ज़हीर फारूकी, कसीम पाल आदि मौजूद रहे। बैठक के बाद कस्बे में पैदल मार्च करके शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपील की। कोतवाल सूर्यभान सिंह मय फोर्स मौजूद रहे।

# सौहार्द व शांति व्यवस्था बनाने में दें सहयोग

## इटवा व त्रिलोकपुर थाने पर आयोजित की गई पीस कमेटी की बैठक, कहीं भी न लगाए भीड़, लागू है धारा 144,

- जुमे की नमाज को देखते प्रशासन ने धर्म गुरुओं एवं नागरिकों से संवाद
- माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ होगी कानूनी कार्रवाई

जासं, इटवा, सिद्धार्थनगर : इटवा व त्रिलोकपुर थाने में गुरुवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जुमे की नमाज के दृष्टिगत प्रशासन के लोगों ने धर्म गुरुओं एवं गणमान्य नागरिकों से संवाद बनाया। सभी से सौहार्द पूर्वक माहौल बनाए रखने और शांति व्यवस्था में सहयोग देने की अपील की गई।

इटवा में आयोजित बैठक में उपजिलाधिकारी अभिषेक पाठक ने कहा कि पिछले दो शुक्रवार को जमे की नमाज के बाद विभिन्न शहरों में जो घटनाएं हुईं, उसको लेकर सतर्कता बरते जाने की आवश्यकता है। सभी लोग शांति व्यवस्था बनाए रखें। जिले में धारा 144 लागू है, इसलिए कहीं भी भीड़ एकत्रित न होने दें। सामान्य तरीके से जुमे की नमाज पढ़े और फिर वापस घर लौट जाएं। पुलिस क्षेत्राधिकारी रमेश चंद्र पाण्डेय ने कहा कि पुलिस अपनी ओर से सतर्क है और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, फिर भी आप सभी का सहयोग आवश्यक हैं। कहीं कोई माहौल बिगाड़ने का प्रयास करता है तो इसकी जानकारी प्रशासन को दें, ऐसे तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। आसपास नजर रखें, यदि कोई अनजान व्यक्ति घूम रहा हो तो इसकी भी सूचना दें। प्रभारी निरीक्षक बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने कहा कि पुलिस का साइबर सेल सक्रिय है, इसके बाद भी अगर कोई इंटरनेट मीडिया पर अफवाह अथवा आपत्ति जनक टिप्पणी करता है तो इसकी सूचना प्रशासन को दें, संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मौलाना मोहम्मद उस्मान अलीमी, रिजवान अहमद सिद्दीकी, डा. नादिर सलाम, सिराज अहमद, मो. उमर, इरफान अहमद, राजेंद्र प्रसाद, शहादत, ओम प्रकाश, कन्हैया प्रसाद, आफताब, मो. शरीफ, अनीस अंसारी आदि उपस्थित रहे।

त्रिलोकपुर थाने में आयोजित बैठक में एसडीएम अभिषेक पाठक, थानाध्यक्ष विद्याधर कुशवाहा, शशि भूषण, राम सुरेश, शिवदास, जितेंद्र, खलील अहमद, डा. जुबेर, नौशाद, आलोक तिवारी, सुधीर तिवारी, जंगी चौधरी, रामपाल शुक्ल आदि बैठक में शामिल रहे।

**ड्रोन कैमरे से किया गया रिहर्सल:** इटवा, जुमे की नमाज को लेकर प्रशासनिक अमला सतर्क हो गया है। गुरुवार को दोपहर में एसडीएम अभिषेक पाठक, सीओ रमेश चंद्र पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी की उपस्थिति में इटवा चौराहे व पहाड़ापुर रोड पर ड्रोन कैमरे से रिहर्सल किया गया। जुमे के दिन जगह-जगह ड्रोन कैमरे से निगरानी की व्यवस्था बनाई गई है।

## ड्रोन कैमरे से पुलिस की निगरानी सुरक्षा का दिलाया भरोसा

**जागरण टीम, सिद्धार्थनगर:** नुपुर शर्मा के विवादित बयान से मुस्लिम समुदाय में आक्रोश है। कानपुर,प्रयागराज में इसको लेकर लोगों में नाराजगी है। इसको देखते हुए प्रशासन ने शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया है। गुरुवार को विभिन्न मोहल्लों में ड्रोन कैमरा चलाकर छतों की निगरानी की। सदर थाने से सीओ प्रदीप कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों की टीम ने सिद्धार्थ तिराहा, हाइडिल तिराहा, आजाद नगर, बगियवा, बेलसड़, बांसी बस स्टैंड आदि स्थलों पर ड्रोन उड़ाया। सीओ सदर ने कहा कि किसी को भी कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं होगी। अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मस्जिदों के आसपास पुलिस के जवानों की ड्यूटी लगायी गई है। एसओ तहसीलदार सिंह, उपनिरीक्षक शशांक सिंह, चंदन कुमार आदि मौजूद रहे।



सिद्धार्थ तिराहा पर ड्रोन कैमरे से सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते एसडीएम प्रदीप यादव (मध्य में) सीओ प्रदीप कुमार यादव एवं एसओ तहसीलदार सिंह ● जागरण

बांसी में सीओ देवी गुलाम की मौजूदगी में कोतवाली पुलिस ने नगर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। ड्रोन चलाकर घरों के छत की निगरानी की। सीओ ने कहा कि सभी लोग शांति बनाए रखने में सहयोग करें। कोतवाल संजय मिश्रा ने कहा कि शरारती तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा। कहा कि धर्म गुरुओं ने मदद करने का भरोसा दिलाया है।

# अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई



खेसरहा थाने पर धर्मगुरुओं के साथ बैठक करते को सीओ देवी गुलाम ● जागरण

**जासं, खेसरहा, सिद्धार्थनगर:** क्षेत्राधिकारी देवी गुलाम सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को खेसरहा थाने पर शांति बैठक आयोजित कर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

उन्होंने कहा कि इंटरनेट मीडिया पर ऐसा किसी भी तरह का कोई भड़काऊ पोस्ट न डालें जिससे किसी भी धर्म के लोगों की भावनाएं आहत होती हैं। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी सभी लोगों की है। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न होने पाएं इसका पूरा ध्यान रखा जाए। अफवाहों पर ध्यान न दें। अगर कोई व्यक्ति अफवाह फैलाता है तो ऐसे व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सभी लोग आपसी भाईचारे का परिचय देते हुए एक दूसरे की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करें। थानाध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा, उपनिरीक्षक संजीत कुमार सिंह, हाजी सैदा हुसेन, तुफैल अहमद, बबलू वर्मा, दिनेश कुमार अग्रहरी, सहित तमाम प्रधान एवं संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।

## चार वर्षीय मासूम से नाबालिग ने किया दुष्कर्म

**जासं. बांसी :** गोल्हौरा थाना क्षेत्र के एक गांव में चार वर्षीया मासूम के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस अबोध पीड़िता की मां के तहरीर पर 13 वर्षीय एक किशोर के खिलाफ मुकदमा दर्जकर विवेचना की कार्रवाई शुरू कर दी है।

मासूम की मां ने कहा कि उसकी ससुराल महाराष्ट्र प्रान्त पूना के निगड़ी थानाक्षेत्र में है। वह यहां अपने मायके में बीते आठ माह से बच्ची को लेकर रह रही थी। बीते 14 जून की दोपहर लगभग 12 बजे उसके मायके के ही एक 13 वर्षीय लड़के ने उसकी चार वर्षीय बच्ची को बहलाकर पोखरे पर ले गया, और उसके साथ दुष्कर्म किया।

थाना प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह ने कहा कि आरोपित नाबालिग है।

# धर्मगुरुओं ने की अमन, सद्भाव की अपील

## बोले - हिंदू-मुस्लिम एकता को खंडित करने की हो रही साजिश

संवाद न्यूज एजेंसी

**डुमरियागंज/ बांसी।** जुमे की नमाज से एक दिन पहले मुस्लिम धर्मगुरुओं ने शांतिपूर्वक इबादत का पैगाम दिया। धर्मगुरुओं के अनुसार मौका परस्त और स्वार्थी लोग हिंदू-मुस्लिम एकता को खंडित करने साजिश रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था को बरकरार रखते गौतम बुद्ध की पवित्र धरती से भाईचारे का संदेश जाना चाहिए।



*इस्लाम सभी सभी धर्म का सम्मान करने की सीख देता है। इस्लाम को मानने वाले हर इंसान को इसके पैगाम को आम करना चाहिए। नफरत फैलाने वाले लोगों के बहकावे में न आकर अपने इलाके और पूरे मुल्क में हिंदू-मुस्लिम एकता और भाईचारे को बरकरार रखना चाहिए। किसी भी मसले का हल हिंसा और अराजकता नहीं हो सकती, बल्कि इसका फैसला कानून और संविधान के जरिए ही हो सकता है।*

**- मौलाना महफूज हुज्जत**
पेश इमाम शिया जामा मस्जिद, हल्लौर



*सड़क पर उतरने और हंगामा खड़ा करने से किसी भी मसले का हल नहीं निकलता है, बल्कि कोई भी विवाद और मसला कानून और संविधान के दायरे में आकर ही हल हो सकता है। हमारा मुल्क सभी धर्म के लोगों को अपने मजहब को मानने की पूरी आजादी देता है। ऐसे में हमारा भी फर्ज है कि सभी धर्म की इज्जत करें। किसी की धार्मिक भावना को ठेस न पहुंचाएं। हमारी मांग है कि सरकार ऐसा कानून बनाए जिससे कोई सिरफिरा इंसान किसी के भी मजहब और उसकी आस्था को ठेस पहुंचाने की कोशिश न कर सके।*

**- मौलाना मुफ्ती एहसाननुल्लाह कासमी,** पेश इमाम जामा मस्जिद, डुमरियागंज



*पिछले शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद प्रदेश के कई शहरों में जो घटनाएं हुई। यह बड़े ही अफसोस की बात है। कुछ मौकापरस्त और इंसानियत के दुश्मनों ने अमन शांति के माहौल को बिगड़ने का काम किया। सरकार दोषियों को सजा दें और पुलिस को हिदायत दे की बेगुनाहों को न सताया जाए। हमारी सभी लोगों से गुजारिश है कि अमन-शांति को बनाए रखें किसी भी अफवाह में आकर अपना भाईचारा न खत्म करें। जुमे की नमाज में इबादत करें और फिर अपने घरों में चले जाएं।*

**- मौलाना अब्दुल हकीम,**
नूरी मस्जिद, बांसी



*मजहब ए इस्लाम सभी लोगों से अच्छे से पेश आने की शिक्षा देता है। हम अपने पैगंबर की हदीस पर अमल करते हुए सभी धर्म मजहब के लोगों को प्यार मोहब्बत से मिले और सभी धर्मों का इज्जत सम्मान करें। कोई ऐसा कदम न उठाया जाए, जिससे हमें समाज और दुनिया में जिल्लत उठानी पड़े। मिलजुल कर रहे और किसी के बहकावे में न आए और अफवाहों से सावधान रहें। कभी भी धार्मिक भावना भड़काने वाली टिप्पणी न करें। सोशल मीडिया का दुरुपयोग भी न करें। किसी भी प्रकार की अराजकता करना नाजायज है।*

**- कारी अब्दुल ताहिर इमाम,** मन्नानियां मस्जिद अकबरनगर, बांसी

# बांसी में ड्रोन कैमरे से हुई निगरानी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बांसी।** बांसी कोतवाली परिसर में बृहस्पतिवार शाम शांति समिति की बैठक हुई। इसमें धर्मगुरुओं से शांति की अपील की गई। इसके अलावा मस्जिदों के आसपास के क्षेत्र का ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई।

सीओ देवी गुलाम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक क्षेत्र के दोनों समुदाय के संभ्रांत व्यक्तियों व धर्मगुरुओं की उपस्थिति में संपन्न हुई। सीओ लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। वहीं, एसडीएम प्रमोद कुमार व सीओ देवी गुलाम की अगुवाई में कस्बा के हाजी मार्केट, आबदी तिराहा, टेकधरनगर, खेसरहा मोड़, रोडवेज चौराहा, माधव तिराहा, नरकटहा, निरालानगर, गाधीनगर सहित सभी मस्जिदों के आसपास ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। इस दौरान कोतवाल संजय कुमार मिश्र, एसआई यशवंत सिंह, एसआई, पप्पू कुमार आदि मौजूद रहे।

## ड्रोन कैमरे से देखे संवेदनशील स्थल

**सिद्धार्थनगर।** जुमे की नमाज को देखते हुए बृहस्पतिवार को सदर पुलिस ने ड्रोन कैमरा उड़ाकर शहर के संवेदनशील स्थानों की निगरानी की। कोतवाल सदर तहसीलदार सिंह ने जुमे की नमाज के मद्देनजर सिद्धार्थ तिराहा से हनुमानगढ़ी मोहल्ले तक ड्रोन कैमरा उड़ाकर निगरानी की। संवाद

# साइबर अपराध से बचाव के लिए करें जागरूक : सीओ

## पुलिस लाइंस सभागार में आयोजित हुई बैठक

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** पुलिस लाइंस सभागार में बृहस्पतिवार को साइबर अपराध पर रोकथाम के संबंध में सीओ सदर की अध्यक्षता में पुलिसकर्मियों की बैठक हुई। इसमें लोगों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने के लिए कहा गया।

साइबर के नोडल अधिकारी सीओ सदर प्रदीप कुमार यादव ने कहा कि साइबर अपराध के प्रति लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध बहुत बड़ा अपराध बनता जा रहा है। इससे रोकने के लिए जागरुकता बेहद जरूरी है। इसके लिए सभी लोग आगे आकर अपने-अपने क्षेत्र के लोगों को जागरूक करने का कार्य करें। साइबर सेल के अतुल चौबे और दिलीप द्विवेदी ने बताया कि आजकल हमारे समाज में साइबर अपराध की घटनाओं में तेजी से इजाफा हुआ है। हमारा और आपका ये दायित्व है कि बढ़ते अपराधों को रोकने के लिए कुछ महत्वपूर्ण जानकारी से वाकिफ रहे और अपने समाज के लोगों को जागरूक करें। इस दौरान साइबर सेल प्रभारी पंकज पांडेय, आशुतोष जायसवाल, राहुल मौर्या, अजय यादव, शिवम मौर्य आदि मौजूद रहे।



पुलिस लाइंस सभागार में साइबर अपराध नियंत्रण के संबंध में बैठक हुई। विज्ञप्ति

**जागरुकता ही बचावः** अपने मेहनत से अर्जित किए हुए धन को किसी भी लॉटरी सिस्टम या ऐसे एप में न लगाए। कभी भी किसी फर्जी वेबसाइट और ऐसे लोगों के विश्वास में न आए। अगर आपके साथ कोई फ्राड या समस्या या कोई आपको किसी कारण से ब्लैकमेल करे तो घबराएं नहीं, पुलिस से संपर्क करें। अगर आपके साथ कोई धोखे से धन ले लिया या कोई फ्राड हो गया तो जल्दी से जल्दी भारत सरकार द्वारा संचालित टोल फ्री नंबर 1930 पर अपनी समस्या अंकित कराएं। अपने मोबाइल को लॉक रखे और एप को भी लॉक रखें, जिससे आपके निजी जानकारी या चित्र या कोई डाटा चोरी न कर पाए।

# जिले में धारा 144 लागू, 21 मजिस्ट्रेट तैनात

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर/इटवा।** जुमे की नमाज पर हो रहे हिंसक झड़प को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। कानून व्यवस्था कायम रहे इसके लिए मद्देनजर जिले में धारा 144 लागू कर दी गई है। साथ ही क्षेत्र के 21 मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं जो शुक्रवार को जुमे की नमाज पर क्षेत्र के सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने की कमान संभालेंगे।

इटवा प्रतिनिधि के अनुसार एसडीएम इटवा ने सीओ इटवा के साथ बृहस्पतिवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ थाना परिसर में बैठक की। शांतिपूर्वक जुमे की नमाज अदा करने की अपील की।

एसडीएम अभिषेक पाठक ने मुस्लिम समुदाय के लोगों से कहा कि यह क्षेत्र हमेशा से मिल जुलकर एक साथ रहता आया है। यहां किसी तरह का कोई विवाद नहीं हुआ है। इस परंपरा को कायम रखनी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में धारा 144 लागू है। इसका उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। सीओ रमेश चंद्र पांडेय ने कहा कि जुमे के दिन लोग नमाज पढ़े और शांतिपूर्वक ढंग से वापस घर जाएं। इस अवसर पर एसओ विन्देश्वरीमणि त्रिपाठी, मो. उस्मान, अलीमी, रिजवान अहमद सिद्दीकी, अनीस अंसारी, सरफराज मौजूद रहे।

## नियम के खिलाफ गए तो होगी कार्रवाई : सीओ

**शोहरतगढ़।** थाना सभगार में बृहस्पतिवार को शांति कमेटी की बैठक हुई। सीओ हरिश्चंद्र की अध्यक्षता में आयोजित बैठक ने शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की गई। सीओ ने कहा कि कोई भी व्यक्ति नियम के खिलाफ गया तो कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जुमे की नमाज के बाद मस्जिद के आसपास अनावश्यक रूप से भीड़ इकट्ठा न करें। इस दौरान उपनिरीक्षक रविकांत मणि त्रिपाठी, मनोज श्रीवास्तव, सूर्य प्रकाश पांडेय, अल्ताफ हुसैन, हरिश्चंद्र, महेंद्र चौहान आदि मौजूद रहे। संवाद



बढ़नी कस्बे में पुलिस ने मार्च कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। संवाद



शोहरतगढ़ थाना सभागार में मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ बैठक करते सीओ। संवाद



संवेदनशील क्षेत्र की ड्रोन कैमरे से निगरानी करते एसडीएम प्रदीप यादव, सीओ व अन्य। संवाद

# 42 हॉटस्पाट चिह्नित, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

## जुमे की नमाज को देखते हुए पुलिस महकमा सतर्क, सभी सर्किल में ड्रोन कैमरे से होगी निगरानी

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। जुमे की नमाज को देखते हुए जिले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रदेश में बीते दिनों हुए हिंसक बवाल को देखते हुए 42 हॉटस्पाट चिह्नित किए गए हैं। पुलिसकर्मी की हर गतिविधि पर नजर रखेंगे। अगर कोई गड़बड़ी करने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

शुक्रवार जुमे की नमाज को देखते पुलिस प्रशासन की ओर से शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जनपद के 164 धर्मगुरु व प्रभावशाली व्यक्तियों से समन्वय स्थापित किया गया है। जो क्षेत्र पर नजर रखेंगे और लोगों से वार्ता करते रहेंगे। सुरक्षा के मद्देनजर जनपद को तहसीलवार पांच जोन में बांटा गया है। प्रत्येक जोन में एक एसडीएम और सीओ की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा जिले को 21 सेक्टर में बांटा गया है। जिसमें प्रत्येक सेक्टर के प्रभारी, मजिस्ट्रेट एवं थाना प्रभारी रहेंगे। जनपद में कुल 10 क्विक रिएक्शन टीमें बनाई गई हैं। इस के साथ ही प्रत्येक थानों पर 11-11 पुलिसकर्मियों की 1-1 स्ट्राइक टीम बनाई गई है, जिसमें एक फोटोग्राफर एक सादा वस्त्रधारी पुलिसकर्मी, एक आंसू गैस गन के साथ, एक रबर बुलेट के साथ, एवं अन्य पांच पुलिसकर्मी लाठी के साथ रहेंगे। एक कमांडर एवं एक सब कमांडर उप निरीक्षक पद के बनाए गए हैं।



कोतवाली लोटन में पीस कमेटी की बैठक में उपस्थित लोग। संवाद

**24 घंटे सतर्क है पुलिस :** जिले में 42 हॉटस्पॉट चिह्नित करके पुलिस पिकेट लगाई गई है। अतिसंवेदनशील स्थानों को चिह्नित कर सात क्लस्टर पार्टियां बनाई गई हैं। क्लस्टर पार्टियों में वाहन के साथ-साथ चार-चार सशस्त्र पुलिस बल लगाई गई है। तहसील मुख्यालयों पर अग्निशमन दस्ता को लगाया गया है।

यूपी-112 की 47 वाहनों को 24 घंटे सतर्क एवं भ्रमणशील रहने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके अतिरिक्त सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर एक विशेष टीम गठित कर 24 घंटे निगरानी की जाएगी। इसके साथ ही ड्रोन कैमरा उड़ाकर संवेदनशील स्थानों की निगरानी की जाएगी।

### कानून व्यवस्था कायम रखने की अपील

लोटन। स्थानीय कोतवाली परिसर में बृहस्पतिवार को शांति कमेटी की बैठक में लोगों से कानून व्यवस्था कायम रखने में सहयोग की अपील की गई। प्रभारी निरीक्षक देवनंदन उपाध्याय ने कहा कि शुक्रवार को जुमे की नमाज के दृष्टिगत शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। सभी से भाईचारा अमन, चमन बनाए रखने की अपील की गई। क्षेत्र के तमाम मौलवी व ग्राम प्रधान ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किया। इस दौरान एसआई जितेंद्र शाही, महेंद्र सिंह, हकीम अंसारी, रविंद्र यादव, प्रधान चंद्रभान राजभर, महबूब, लक्ष्मी त्रिपाठी, नीरज चौहान, निसार अहमद, मौलाना इस्लाम, रिजवानुल्लाह, मो. हनीफ, मुन्ने सिंह, गुलाबचन सिंह, सेराज अहमद, मो. रफीक, जमशेद खान, जमील अहमद, कमरुद्दीन खां, दिग्विजय सिंह, प्रवीन मोदनवाल, अरविंद पांडेय, सोनू सिंह मौजूद रहे। संवाद

## बांसी में ड्रोन कैमरे से हुई निगरानी

संवाद न्यूज एजेंसी

बांसी। बांसी कोतवाली परिसर में बृहस्पतिवार शाम शांति समिति की बैठक हुई। इसमें धर्मगुरुओं से शांति की अपील की गई। इसके अलावा मस्जिदों के आसपास के क्षेत्र का ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई।

सीओ देवी गुलाम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक क्षेत्र के दोनों समुदाय के संभ्रांत व्यक्तियों व धर्मगुरुओं की उपस्थिति में संपन्न हुई। सीओ लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। वहीं, एसडीएम प्रमोद कुमार व सीओ देवी गुलाम की अगुवाई में कस्बा के हाली मार्केट, आबादी तिराहा, टेकधरनगर, खेसरहा मोड़, रोडवेज चौराहा, माधव तिराहा, नरकटहा, निशातगंज, गाधीनगर सहित सभी मस्जिदों के आसपास ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। इस दौरान कोतवाल संजय कुमार मिश्र, एसआई यशवंत सिंह, एसआई, पप्पू कुमार आदि मौजूद रहे।

### ड्रोन कैमरे से देखे संवेदनशील स्थल

सिद्धार्थनगर। जुमे की नमाज को देखते हुए बृहस्पतिवार को सदर पुलिस ने ड्रोन कैमरा उड़ाकर शहर के संवेदनशील स्थानों की निगरानी की। कोतवाल सदर तारकेश्वर सिंह ने जुमे की नमाज के मद्देनजर सिद्धार्थ तिराहा से हनुमानगढ़ी मोहल्ले तक ड्रोन कैमरा उड़ाकर निगरानी की। संवाद

बढ़िया और शक्तिशाली
मिक्सर्स और ग्राइंडर्स
KENT
Smart Chef
Appliances

# दंगा करने वालों को चिह्नित करके रासुका लगाने की मांग

## विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा



हनुमानगढ़ी मंदिर के परिसर में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के सदस्य। विज्ञप्ति

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने दंगा करने वालों को चिह्नित करके रासुका लगाने की मांग की। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी।

विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष पवन पाठक और बजरंग दल के जिलाध्यक्ष विशाल सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि पिछले कुछ दिनों से देश विरोधी ताकतें उभर रही हैं, जो शांति व्यवस्था को खतरे में डाल रही हैं। इन्हें रोकने के लिए कार्रवाई की जाए।

कई स्थानों पर हुए विवाद की जांच कराई जाए और आरोपियों को चिह्नित करके रासकु के तहत कार्रवाई की जाए, जिससे यह ताकतें देश को एकता और अखंडता को तोड़ने में कामयाब न हो सकें। विशेष वर्ग के कुछ लोग दंगा करने के लिए आगे ला रहे हैं, उन्हें भड़का रहे हैं, इनकी जांच करके इन लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। देश के खिलाफ बोलने वालों को चिह्नित करके कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अगर मांगें पूरी नहीं हुई तो आंदोलन करने को विवश होंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 17-06-2022

# पुलिस ने किया धर्मगुरूओं से संवाद

धनघटा (एसएनबी)। जुमे की नमाज से पूर्व गुरूवार को स्थानीय पुलिस प्रशासन धनघटा थाना क्षेत्र के संवेदनशील गांवों में पहुंचा और खासकर मुस्लिम धर्मगुरूओं से

**संवाद के दौरान क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन की मदद करने की किया अपील**

संवाद किया। संवाद के दौरान जुमे की नमाज के दौरान शान्ति व्यवस्था बनाए रखने की अपील सभी से किया। इतना ही नहीं संवाद में क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए धर्मगुरूओं सहित अन्य समाज के जागरूक लोगों से प्रशासन की मदद करने की अपील भी किया। सतकर्ता की स्थिति यह है कि जुमे की नमाज से पूर्व गुरूवार को एसडीएम धनघटा डा. रविन्द्र कुमार, सीओ धनघटा राम प्रकाश, तहसीलदार रत्नेश त्रिपाठी तथा प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह पुलिसबल के साथ थाना क्षेत्र के सर्वाधिक संवेदनशील कस्बा हैंसर पहुंचे जहां मस्जिद के इमाम सहित मुस्लिम समाज के अन्य जागरूक लोगों से संवाद किया। संवाद के दौरान सभी से जुमे की नमाज के दौरान शान्ति व्यवस्था बनाए रखने की अपील किया। उसके बाद पुलिस प्रशासन की टीम धनघटा, पौली, दुलहापार, रामपुर-बारहकोनी, नावन करमा, बकौली कला, बण्डा बाजार, कटार मिश्र, छपिया, नेतवापुर आदि मुस्लिम बाहुल्य गांवों में पहुंची जहां मस्जिदों के इमामों सहित मुस्लिम समुदाय के लोगों से बातचीत किया और जुमे की नमाज के दौरान शान्ति व्यवस्था बनाए रखने की अपील किया।



-मुस्लिम धमगुरूओं से संवाद करती पुलिस प्रशासन की टीम।

## शांति के साथ पर्व मनाएं

मगहर (एसएनबी)। खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के मगहर चौकी पर शान्ति समिति की बैठक उप जिलाधिकारी खलीलाबाद अजय त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जुमा की नमाज और वकरीद का पर्व सौहार्द पूर्ण मनाने की अपील की गई। एसडीएम सदर अजय त्रिपाठी ने कहा कि कबीर की धरती अमन चौन पसंद करती है। इस धरती की गरिमा को ध्यान में रखते हुए हम सभी का कर्तव्य बनता है कि किसी भी तरह के अफवाहों के पीछे मत जाएं। इसके साथ ही वाट्सप,फेस बुक तथा अन्य शोसल मिडिया पर ऐसा कुछ पोस्ट करने अथवा शेयर करने से सावधानी रखें। जिससे किसी के धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचे और उससे नगर का माहौल खराब हो जाए। बैठक में चेयरमैन श्रीमती संगीता वर्मा, पूर्व चेयरमैन नुरुज्जमा अंसारी, सपा नेता सेराज खां, नासिर अली खां, रंजीत कन्नौजिया, फैज खां फैजी, विजय प्रकाश कान्दू, अवधेश सिंह, तनवीर अहमद , राजेन्द्र गोस्वामी, संजय तिवारी, सतीश पासवान, मो. अहमद खां के अलावा चौकी प्रभारी, अजय कुमार, राम विनय यादव, सोनू पटेल, प्रमोद राय आदि लोग शामिल रहे।

# शांति बनाए रखने को लेकर पीस कमेटी की बैठक

शनिचरा/नाथनगर (एसएनबी)। धनघटा थाने पर गुरूवार को उपजिलाधिकारी धनघटा डा.रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में जुमे की नमाज पर शान्ति व्यवस्था कायम रखने को लेकर और क्षेत्र में अमन-चैन कायम रखने के उद्देश्य से क्षेत्र के संभ्रान्त लोगों विशेष कर अल्पसंख्यक समुदाय के साथ पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। लोगों ने पुलिस को क्षेत्र की जानकारी देते हुए अमन-चैन के लिए अपने सुझाव प्रस्तुत किया। बैठक को संबोधित करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी धनघटा राम प्रकाश ने कहा कि क्षेत्र में शान्तिपूर्ण माहौल कायम रखना पुलिस की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है इसके लिए आम जनमानस का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक धनघटा कृष्णदेव सिंह ने कहा कि पुलिस की जिम्मेदारी है कि क्षेत्र में शान्तिपूर्ण व्यवस्था बनी रही। इस मौके पर बीबुल्लाह,मौलाना सुजाउद्दीन, तुफेल अहमद, सदरे आलम, ईमामुद्दीन, अब्दुल गफ्फार, नसीबुल्लाह समेत कुल 29 क्षेत्रीय लोगों ने भाग लिया। इसी तरह महुली थाने पर भी पीस कमेटी की बैठक उपजिलाधिकारी धनघटा डा.रविन्द्र कुमार व पुलिस क्षेत्राधिकारी धनघटा राम प्रकाश की मौजूदगी मे संपन्न हुई। दोनों अधिकारियों ने क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ बैठक कर संवेदनशील इलाकों का जायजा लिया और लोगों के जरूरी सुझाव भी प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक महुली रविन्द्र कुमार सिंह, एसएसआई दयानाथ राम,उदयभान मिश्रा,नत्थू प्रसाद, मनोज पटेल, लालविहारी निषाद सहित थाने के तमाम पुलिसकर्मी व क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# डीएम-एसपी ने अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील

**कानून व्यवस्था के दृष्टिगत राजस्व व पुलिस अधिकारियों के साथ की बैठक**

**संतकबीरनगर(एसएनबी)।** कानून व्यवस्था के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में राजस्व व पुलिस के अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने बैठक की। उन्होंने धर्मगुरुओं से एकल वार्ता/बैठक कर लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सभी



सेक्टर मजिस्ट्रेटों व सब सेक्टर मजिस्ट्रेटों को जुमा की नमाज के दौरान भीड़ इकट्ठा न होने हेतु निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने समस्त थाना प्रभारियों को पीए सिस्टम के माध्यम से लोगों को जनपद में धारा 144 लागू होने के संबंध में अवगत कराने हेतु निर्देशित करते हुए कहा कि बिना वजह के एक जगह पर 5 व्यक्तियों से अधिक इकट्ठा न होने दें। साम्प्रदायिक भावना भड़काने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने व छोटी से छोटी बातों का संज्ञान लेने, सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के साथ-साथ डिजिटल वालेंटियर ग्रुप को अपडेट कर उनके साथ नियमित मीटिंग कर उनका सहयोग लेने का निर्देश दिया। बैठक में अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, सभी उप जिलाधिकारीगण व सभी क्षेत्राधिकारी सहित समस्त थानों के थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

# पुलिस की सक्रियता से मिला गायब युवा

**बाघनगर (एसएनबी)।** भाटापारा निवासी अब्दुल वफा पुत्र हकीकुल्लाह 15 जून को थाना दुधांरा जनपद संत कबीर नगर द्वारा चौकी बाघ नगर पर सूचना दिया गया था कि उसका 22 वर्षीय पुत्र पुत्र अब्दुल मुख्तलिब उर्फ पूसू जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है वह 13 जून को सुबह घर से कहीं चला गया है इस सूचना पर चौकी इंचार्ज बाघनगर विनोद कुमार यादव ने शोसल मीडिया एवं अन्य माध्यम से सूचना प्रसारित की गई थी तथा गायब युवक के बरामदी के लिए प्रयास कर रहे थे। चौकी इंचार्ज को पता चला कि युवक बस्ती रेलवे स्टेशन पर भटक रहा है जिसपर चौकी इंचार्ज ने पुलिस बल भेजकर सकुशल बरामदी कराया तथा पुलिस चौकी पर परिजनों को बुलाकर सुपुर्द कर दिया गया।

# चोरी के सामानों व नगदी के साथ आरोपी गिरफ्तार

**संतकबीरनगर(एसएनबी)**। जनपद में चोरी जैसी घटनाओं के सफल अनावरण हेतु प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद विजय नारायण प्रसाद के नेतृत्व में गठित टीम के प्रभारी चौकी कलेक्ट्रेट उ.नि. वीरेन्द्र सिंह यादव ने कां. अंगद यादव, कां. अभिषेक मौर्या, कां. विजय कुमार गौतम के साथ मुखबिर की सूचना पर माधोपुर चौराहे पर स्थित एक मकान में हुए चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त मुकेश पुत्र हरीराम निवासी माधवपुर थाना कोतवाली खलीलाबाद को माहनपार के पास से गिरफ्तार करके न्यायालय रवाना किया गया। आरोपी के पास से पुलिस ने 01 जोड़ी कान की बाली पीली धातु, 01 अदद कील पीली धातु, 01 जोड़ी पायल सफेद धातु, 04 अंगूठी सफेद धातु तथा 1100 ₹ नकद बरामद किया है। प्रभारी चौकी कलेक्ट्रेट उ.नि. वीरेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि पूछताछ के दौरान अभियुक्त द्वारा बताया गया कि साहब दिनांक 31.03/01.04.2022 की रात्रि में अपने साथी मोनू पुत्र महेश ग्राम बाहिलपार थाना कोतवाली खलीलाबाद व शेषनाथ राजभर पुत्र राजाराम उर्फ कोयल निवासी ग्राम माधोपुर थाना कोतवाली खलीलाबाद के साथ मिलकर माधोपुर चौराहे स्थित एक मकान में घुस कर 10 हजार ₹ व जेवरात चुराया गया था। नकदी व जेवरात को हमलोगों द्वारा आपस में बराबर बराबर बांट लिया गया। था। यह जो रुपये मेरे पास गे है यह उन्ही ₹ मे से शेष बचे हैं। हम लोगों का एक संगठित गिरोह है जिसका मुखिया सरगना मोनू पुत्र महेश निवासी बाहिलपार थाना कोतवाली खलीलाबाद संतकबीरनगर है। हम तीनों लोग मुखिया मोनू की योजना के मुताबिक घूम-फिर कर मकानों को चिह्नित करते हैं और अवसर मिलते ही चोरी करके मिले हुए नकदी व जेवरात को आपस में बराबर-बराबर बांट कर अपना जीविकोपार्जन करते है।

# घायल की मौत के बाद बाइक चालक के विरूद्ध केस

नाथनगर (एसएनबी)।-महुली थाना क्षेत्र के नाथनगर तिराहे पर बीते 9 जून की रात करीब 10 बजे दो बाइकों की हुई टक्कर में घायल एक बाइक सवार की इलाज के दौरान मौत हो जाने के बाद गुरूवार को मृतक बाइक सवार के पिता की तहरीर पर दुर्घटना में शामिल दूसरे बाइक सवार के विरूद्ध गुरूवार को महुली पुलिस ने मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

**बीते 9 जून की रात 10 बजे महुली थाना क्षेत्र के नाथनगर में हुई दो बाइकों की टक्कर में एक बाइक सवार की इलाज के दौरान हो गई मौत**

विदित हो कि महुली थाना क्षेत्र के नाथनगर तिराहे पर बीते 9 जून की रात 10 बजे दो बाइकों की हुई टक्कर में एक बाइक सवार गोरखपुर जिले के सिकरीगंज थाना अन्तर्गत पिपरी गांव निवासी 24 वर्षीय बलराम पुत्र बसंत बुरी तरह घायल हो गया था जिसे ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस द्वारा इलाज के लिए सीएचसी नाथनगर पहुंचा दिया गया था जहां गंभीर हालत देख डाक्टरों ने उसे पहले जिला अस्पताल और बाद में गोरखपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया था। गोरखपुर मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान बलराम की मौत हो गई। इस संबंध में गुरूवार को महुली थाने पहुंचे मृतक बाइक सवार के पिता बसंत पुत्र मंहगू निवासी ग्राम पिपरी थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर ने पुलिस को दुर्घटना में शामिल बाइक नम्बर यू.पी.41 ए. जेड 2667 के चालक नाम-पता अज्ञात के विरूद्ध पुलिस को लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की जिसके आधार पर पुलिस ने उक्त बाइक के चालक नाम-पता अज्ञात के विरूद्ध आईपीसी की धारा 304 ए, 279 सहित मोटर अधिनियम की धारा 184 के तहत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक महुली रविन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि जल्द ही बाइक चालक की पहचान कर उसे बाइक समेत गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# पुरानी रंजिश में मारपीट, दो घायल

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के सेमरडाड़ी गांव में पुरानी रंजिश को लेकर मनबढ़ ने एक युवक के उपर हमला कर दिया। इस दौरान बीचबचाव करने पहुंचे पडोसी को भी मनबढ़ ने नही बख्सा। नतीजा रहा कि मनबढ़ ने युवक समेत उसके पडोसी को भी मारपीट कर घायल कर दिया। घटना को लेकर घायल युवक की तहरीर पर पुलिस ने हमलावर के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर दोनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी हैंसर बाजार भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सेमरडाड़ी गांव निवासी सुनेश्वर पुत्र गया प्रसाद और महेश पुत्र गया प्रसाद सगे भाई हैं। दोनों भाईयों के बीच पुरानी रंजिश चल रही है। उसी रंजिश को लेकर बुधवार की देर रात महेश ने अपने भाई सुनेश्वर को अकारण गाली देने लगा जिसका विरोध करने पर महेश ने अचानक सुनेश्वर के उपर लाठी से हमला कर दिया। शोर सुनकर पड़ोसी विनोद पुत्र बगेदन बीचबचाव करने पहुंचा तो महेश ने उसे भी नहीं बख्सा। महेश ने अपने भाई सुनेश्वर समेत पड़ोसी विनोद को भी लाठी से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने सुनेश्वर की तहरीर पर महेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घायल सुनेश्वर और विनोद को इलाज के लिए सीएचसी हैंसर बाजार भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह ने कहा कि जल्द ही हमलावर को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच

संतकबीरनगर (एसएनबी)। सड़क सुरक्षा "अभियान के तहत देर रात्रि में एआरटीओ आंजनेय सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात राजीव कुमार यादव तथा प्रभारी यातायात बृजेश यादव ने मेंहदावल बाईपास पर ड्रिंक एण्ड ड्राइव (शराब पीकर वाहन चलाने वालों ) के खिलाफ अभियान चलाकर रोडवेज चालक, ट्रक चालक, टैम्पो चालक, आटो रिक्शा चालकों कार चलाकों व अन्य सवारी चालकों के साथ साथ दो पहिया वाहन चालकों का ब्रीथ एनालाइजर मशीन द्वारा चेक किया गया। चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले ड्राइवरों का प्रभारी यातायात द्वारा चालान किया गया।

# शांति सौहार्द बनाये रखने की अपील

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आगामी दिवसों की संवेदनशीलता के दृष्टिगत शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु भ्रमण व आमजन से संवाद स्थापित किया गया। पुलिस बल ने शहर में भ्रमण करके आम नागरिकों से अमन चैन, शांति सौहार्द एवं कानून व्यवस्था को बनाएं रखने की अपील की।

पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जिले में सुरक्षा/शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा प्रमुख चौराहों, संवेदनशील स्थानों, मिश्रित आबादी वाले स्थानों पर पैदल गश्त/भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान जनमानस से आपसी सौहार्द बनाये रखने तथा आपस में मिल जुलकर रहने तथा किसी प्रकार की भी भ्रामक सूचना पर विश्वास नहीं करने तथा किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि करने वालों व्यक्तियों के संबंध में तत्काल सूचना पुलिस व प्रशासन को देने की अपील की। भ्रमण के दौरान संभ्रांत व्यक्तियों, धर्मगुरुओं व आमजन से संवाद स्थापित किया गया। जिसमें सभी से जनपद में अमन, चौन, शांति, सौहार्द एवं कानून



व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील करते हुए लोगों से बताया गया कि बच्चों को समझाएं कि अफवाहों पर ध्यान न दें, सोशल मीडिया का सम्भलकर उपयोग करें, कोई भी गलत खबर पोस्ट/शेयर न करें एवं कानून का साथ दें । जनपद पुलिस संवाद, सुरक्षा और शक्ति के माध्यम से जनपद में अमन, चैन, शांति सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है।

# पेड़ काटने के विवाद में मारपीट, आठ पर केस

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा थाना क्षेत्र के नन्हिया नायक गांव निवासी गोरखनाथ यादव पुत्र स्व. रामबूझ यादव और जयकरन यादव पुत्र सीताराम यादव के बीच खेत में स्थित एक शीशम के पेड़ को लेकर विवाद बीते 13 जून को हुआ था। विवाद के दौरान दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गयी थी जिसमें एक पक्ष से गोरखनाथ यादव और दूसरे पक्ष से शिवांश पुत्र जयकरन यादव घायल हो गए थे। घटना की तहरीर दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ पुलिस को दी थी जिसको लेकर घायल शिवांश की तहरीर पर पुलिस ने गांव निवासी अरविन्द, राजकुमार व विजय पुत्रगण गोरखनाथ यादव तथा संतकुमार पुत्र भूमिनाथ यादव तथा दूसरे पक्ष से घायल गोरखनाथ यादव की तहरीर पर शिवांश व रमाकान्त पुत्रगण जयकरन, जयकरन पुत्र स्व. सीताराम यादव तथा दिव्यांश पुत्र सरोज के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर दोनों घायलों को चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी हैंसर बाजार भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह ने कहा कि जल्द ही नामजद हमलावरों को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# दहेज हत्यारोपी को आजीवन कारावास व 30 हजार अर्थदण्ड

**संतकबीरनगर(एसएनबी)।** पत्नी के हत्यारोपी पति को आजीवन कारावास और 30 हजार ₹ अर्थदंड की सजा अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी तृतीय काशिफ शेख ने सुनाई है। अर्थदंड अदा न करने पर छह माह के अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतने की भी सजा देने का आदेश दिया है। जिला शासकीय अधिवक्ता विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि गोरखपुर के गोपालपुर निवासी रामदयाल ने धनघटा मेंअपनी बहन ममीता की शादी वर्ष 2014 में मिश्रौलिया निवासी धर्मेन्द्र चौहान से की थी हैसियत के अनुसार कभी दान-दहेज दिया था। शादी के बाद उसके बहनोई धर्मेन्द्र चौहान अंगूठी व माला की मांग करते थे तथा न देने पर उसकी बहन को प्रताड़ित करते थे। उसकी बहन ने दहेज मांगे जाने की बात उसे बताई थी तो वह अपने बहनोई को काफी समझाया। इसी बीच उसकी बहन के पेट में आठ माह का बच्चा भी था। 21.03.17 को उसकी बहन के पति धर्मेन्द्र और सास ने मिलकर उसकी बहन की हत्या कर दी। सूचना पर बहन के ससुराल पहुंचा व थाना धनघटा में एफआईआर पंजीकृत कराया था। 8 गवाहों की गवाही कराई गई। विधि विज्ञान प्रयोगशाला की रिपोर्ट में विसरा के भागों में डाई क्लोरवास इंसेक्टिसाइड विष की पुष्टि तथ आरोपी धर्मेन्द्र चौहान के विरुद्ध अन्य साक्ष्य पाए जाने पर उसे दंडित करने का आदेश दिया गया।

# जेठ ने महिला को पीटा, मुकदमा दर्ज

**धनघटा (एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गाव निवासी दयाराम और सूरज सगे भाई है। दोनों के बीच परिवारिक विवाद चल रहा है। परिवारिक विवाद को लेकर दयाराम की पत्नी ममता को उसके जेठ सूरज अकारण गाली देने लगा जिसका विरोध करने पर सूरज ने ममता के उपर हमला कर दिया और उसे मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। घायल ममता पत्नी दयाराम की तहरीर पर पुलिस ने हमलावर जेठ सूरज के खिलाफ गुरूवार को मारपीट का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा के डी सिंह ने कहा कि जल्द ही नामजद जेठ को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# टेस्ट कॉल से एसपी ने परखी सक्रियता

संतकबीरनगर(एसएनबी)। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस की सक्रियता को परखने के लिए पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने टेस्ट कॉल करवाया। उसके बाद थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत निश्चित जगह पर पुलिस फोर्स को बुलाया गया जिस पर चौकी प्रभारी कांटे, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद मय पुलिस फोर्स घटनास्थल पर उपस्थित हुए। टेस्ट रिपोर्ट जनपद के अन्य थानों द्वारा भी करते हुए पुलिस की सक्रियता का अभ्यास किया गया। एसपी द्वारा समस्त थानों को निर्देशित किया गया कि सभी इस बात का विशेष ध्यान रखें कि इस प्रकार की सूचना पर त्वरित एक्शन लेते हुए मौके पर कम से कम समय में अतिरिक्त पुलिस फोर्स को ब्रीफ करके तत्काल घटना स्थल पर दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ पहुंचा जाय।

# पाक्सो एक्ट का वांछित गिरफ्तार

संतकबीरनगर। थाना धनघटा पुलिस ने दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गुरुवार को गिरफ्तार किया। अभियुक्त चन्दन पुत्र मदनलाल गोड़िया निवासी आगापुर उर्फ गुलरिहा को प्रसादपुर पेट्रोल पंप के पास से पुलिस ने गिरफ्तार किया। उक्त आरोपी ने वादिनी की नाबालिग पुत्री से दुष्कर्म किया था। गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया।

जिले भर में बरती जा रही विशेष सतर्कता, शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए डीएम और एसपी ने किया पैदल मार्च

# जुमे की नमाज को लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट

**चौकसी**

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जुमे की नमाज को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह से एलर्ट है। पिछले दिनों कानपुर, मुरादाबाद, प्रयागराज सहित कई जनपदों में हुए विवाद को देखते हुए इस बार विशेष सतर्कता बरती जा रही है। भारी संख्या में पुलिस फोर्स के साथ ही मजिस्ट्रेटों को लगाया गया है। जुमे की नमाज के दौरान विशेष सतर्कता रहेगी। जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए डीएम और एसपी ने स्वयं क्षेत्रों में फ्लैग मार्च करते हुए लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील किया है। इसके अलावा शांति कमेटी की बैठक करते हुए धर्मगुरुओं और सभ्रांत लोगों से अपील किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सहयोग करें।

डीएम दिव्या मित्तल ने जनपद में सेक्टर व्यवस्था लागू की है। पूरे जिले को तीन जोन और आठ सेक्टर में बांटा गया है। इसके अलावा नौ सहायक सेक्टर मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस फोर्स मुस्तैद रहेगी। मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्र में पूरी तरह से एलर्ट है। एक-एक व्यक्ति पर नजर रखी जा रही है। इसके अलावा सोशल मीडिया की भी पूरी मॉनीटरिंग की जा रही है। एक-एक गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। एडीएम मनोज कुमार सिंह ने कहा कि प्रशासन पूरी तरह से एलर्ट है। कोई भी व्यक्ति यदि अव्यवस्था फैलाने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध त्वरित और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**धर्मगुरुओं से शांति बनाए रखने की अधिकारी कर रहे अपील:** सभी क्षेत्र के धर्मगुरुओं से पुलिस और सेक्टर मजिस्ट्रेटों ने संपर्क किया। सभी से अपील किया कि जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने में पूरा सहयोग करें। युवाओं को अफवाहों से बचने की अपील करने की बात कही। सभी से अपील किया कि जुमे की नमाज अदा करने के बाद सभी लोग शांतिपूर्ण तरीके से अपने घर जाएं, कहीं भी बिना जरूरत के रुकने की जरूरत नहीं है।

**सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने किया पैदल गश्त :** क्षेत्राधिकारी, थाना, चौकी प्रभारियों ने प्रमुख चौराहों, संवेदनशील स्थानों, मिश्रित आबादी वाले स्थानों पर पैदल गश्त किया। भ्रमण के दौरान जनमानस से आपसी सौहार्द बनाए रखने तथा आपस में मिलजुल कर रहने तथा किसी प्रकार की भी भ्रामक सूचना पर विश्वास नहीं करने की अपील किया। किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि करने वालों व्यक्तियों के सम्बन्ध में तत्काल सूचना पुलिस व प्रशासन को देने को कहा गया। भ्रमण के दौरान सभ्रांत व्यक्तियों, धर्मगुरुओं व आमजन से संवाद स्थापित किया गया, इसमें सभी से जनपद में अमन, चैन, शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। लोगों से बताया कि बच्चों को समझाएं कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें।

**फ्लैग मार्च कर दिया शांति बनाए रखने का संदेश:** बेलहर। जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन को अलर्ट मोड पर है। बेलहर क्षेत्र के मुस्लिम बाहुल्य इलाकों तथा अन्य मुख्य चौराहों पर पुलिस फोर्स ने फ्लैग मार्च किया है। एसओ बेलहर संतोष कुमार मिश्र ने भारी पुलिस फोर्स के साथ गुरुवार दोपहर को क्षेत्र के बेलवा सेंगर पिपरा प्रथम, राजघाट, बभनी, बेलहर खुर्द, बेलहर कला, मंझरिया पाठन, करनजोत, साथां, गनवरिया सहित अन्य चौराहों से होते हुए मुस्लिम बहुल इलाकों में फ्लैग मार्च निकालते हुए शांति बनाए रखने की अपील की।



शुक्रवार को होने वाली जुमे की नमाज को लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गुरुवार को सीओ मेंहदावल ने पुलिसकर्मियों के साथ फ्लैग मार्च किया। • हिन्दुस्तान

> पुलिस फोर्स के साथ मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं, सभी अपने-अपने क्षेत्र की सतत निगरानी कर रहे हैं। शांति कमेटी की बैठक करते हुए सभी से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील भी की गई है। प्रशासन पूरी तरह से एलर्ट है, एक-एक गतिविधि पर नजर रखी जा रही है।
>
> दिव्या मित्तल, डीएम, संतकबीरनगर

> एक-एक व्यक्ति पर नजर रखी जा रही है। सभी थानाध्यक्षों और चौकी इन्चार्ज ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभ्रांत लोगों से मिलकर उनसे अपील भी की है। मैंने स्वयं फ्लैग मार्च करते हुए लोगों से शांति व्यवस्था बनाने की अपील किया है।
>
> सोनम कुमार, एसपी



मेंहदावल में गुरुवार को मस्जिदों के आसपास भ्रमण कर लोगों से जुमे की नमाज के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने की पुलिसकर्मियों ने अपील की। • हिन्दुस्तान

## शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदा करने की अपील की

**आह्वान**

मेंहदावल, हिन्दुस्तान संवाद जुमे की नमाज के दौरान शांति व्यवस्था बहाली को लेकर गुरुवार को मेंहदावल थाने पर एसडीएम योगेश्वर सिंह ने पीस कमेटी के साथ बैठक किया। मुस्लि धर्म गुरुओं से समाज के लोगों को नमाज अदायगी के बाद भीड़ न लगाने की अपील की। इसके बाद पुलिस ने कस्बे में फ्लैग मार्च कर सुरक्षा का एहसास कराया।


एसडीएम ने कहा कि जुमे की नमाज के दौरान शांति व्यवस्था बना रहे इसको लेकर मुस्लिम समाज के लोग प्रशासन व पुलिस का सहयोग करें। किसी अफवाह और भ्रम में कोई अप्रिय घटना न होने दें। पूरे क्षेत्र में हिन्दू मुस्लिम का जो सौहार्द बना है उसे बनाए रखें। प्रशासन हर समय आपके साथ है।

फ्लैग मार्च के दौरान ईओ प्रदीप कुमार शुक्ल, प्रभारी निरीक्षक जयवर्धन सिंह ने सभी मस्जिदों पर जाकर मुस्लिम समाज के लोगों से बात की। कहा कि सोशल मीडिया पर यदि कोई माहौल बिगाड़ने को लेकर हरकत करता है तो उसकी तुरंत जानकारी दें। ऐसे लोगों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। नमाज अदायगी के बाद एक जगह भीड़ न लगे इस पर विशेष ध्यान दें।

# चोरी के सामान के साथ एक गिरफ्तार

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने गुरुवार को एक शातिर चोर को चोरी के सामानों के साथ गिरफ्तार किया। उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया, वहां से जेल भेज दिया गया। साथ ही कोतवाली क्षेत्र के बाहिलपार में हुई चोरी की घटना का अनावरण भी किया।

# जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन सतर्क



मेंहदावल कस्बे में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते अधिशासी अधिकारी व नामित सेक्टर मजिस्ट्रेट प्रदीप कुमार शुक्ल दाएं • जागरण

**जासं, संतकबीर नगर** : जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। गुरुवार को जिला व पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों, पुलिस कर्मियों ने जगह-जगह फ्लैग मार्च कर लोगों को सुरक्षा व सख्त व्यवस्था का संदेश दिया।

मेंहदावल थाने में अधिशासी अधिकारी व नामित सेक्टर मजिस्ट्रेट प्रदीप कुमार शुक्ल की अगुवाई में प्रभारी निरीक्षक जयवर्धन सिंह ने पुलिस बल के साथ भ्रमण किया। इस दौरान कस्बे में स्थित मस्जिदों की सुरक्षा का जायजा लिया गया। लोगों को शांतिपूर्ण व सौहार्द तरीके से जुमे की नमाज अदा करने की सलाह दी गई। बेलहर थाने पर उपजिलाधिकारी योगेश्वर सिंह व थानाध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र ने बैठक कर लोगों सौहार्द के साथ जुमे की नमाज अदा करने की अपील की। धर्मसिंहवा थाने पर थानाध्यक्ष अनिल कुमार, दुधारा थाने पर थानाध्यक्ष सर्वेश कुमार राय ने पैदल गश्त कर जायजा लिया। इसी क्रम में बखिरा, धनघटा, महुली और कोतवाली थाना क्षेत्र में भी अधिकारियों के साथ पुलिसकर्मियों ने पैदल मार्च किया। शांतिपूर्वक नमाज अदा करने की अपील की। इसी के साथ यह संदेश भी दिया गया कि यदि अशांति फैलाई तो खैर नहीं होगी।

# चालक को पीटने वालों पर केस दर्ज

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने पेट्रोल पंप पर तेल भरवा रहे चालक की पिटाई के मामले में गुरुवार को पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

बखिरा थाना के कुसुम्हामाफी गांव निवासी दुर्गेश कुमार गुप्त ने तहरीर में कहा है कि वह 14 जून को सगरा गांव से बरात लेकर जा रहा था। शाम के करीब आठ बजे वह बघौली के निकट चनवापार स्थित पेट्रोल पंप पर तेल भरवा रहा था। इसी दौरान बखिरा थाना के सगरा गांव निवासी शिवम सिंह, अनुज सिंह व तीन अज्ञात समेत पांच लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। आसपास के लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। कोतवाली प्रभारी विजय नारायण प्रसाद ने बताया कि दो नामजद तीन अज्ञात समेत कुल पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।



मेंहदावल पर वाहन चालको की जांच करते पुलिसकर्मी • जागरण

# शराब पीकर वाहन चला रहे दस चालकों का चालान

- देर शाम हुई जांच में 25 वाहनों का चालान भी काटा
- पुलिस व परिवहन विभाग की जांच में पकड़े गए ये लोग

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : सड़क सुरक्षा अभियान के तहत एआरटीओ व क्षेत्राधिकारी यातायात ने संयुक्त रूप से जांच अभियान चलाया। शराब पीकर वाहन चला रहे दस चालकों का चालान किया। इसके अलावा 25 वाहनों का चालान भी काटा। क्षेत्राधिकारी यातायात राजीव कुमार यादव व एआरटीओ आन्जेय सिंह ने संयुक्त रूप से देर शाम अभियान चलाया। खलीलाबाद बाईपास पर अभियान चलाकर परिवहन निगम की बस, ट्रक, आटो रिक्शा, कार चालक, दो पहिया वाहन चालक समेत अन्य की जांच की गई। इस दौरान दस चालक शराब पीकर वाहन चलाते हुए मिले। उनके खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान यातायात प्रभारी बृजेश यादव, भोला प्रसाद,अजय पांडेय, प्रदीप जायसवाल के अलावा अन्य विभागीय कर्मी मौजूद रहे।

# मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

जासं, संतकबीर नगर : खलीलाबाद के मगहर चौकी के पास स्थित दुर्गा मंदिर के समीप 12 जून को मार्ग दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। गुरुवार को पुलिस ने घायल के भाई की तहरीर पर टेंपो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

गोरखपुर जिले के सहजनवा थाना क्षेत्र के भरपही निवासी लालजी ने बताया कि उनके भाई रामजी खलीलाबाद से वापस घर आ रहे थे। इसी दौरान टेंपो चालक छोटेलाल ने ठोकर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

# दुष्कर्म का आरोपी भेजा गया जेल


संतकबीरनगर। बृहस्पतिवार को धनघटा पुलिस ने दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार किया। एसओ केडी सिंह ने बताया कि आरोपी ने किशोरी से दुष्कर्म किया था। पीड़ित मां ने आरोपी पर केस दर्ज कराया था। सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। संवाद

# चोरी के जेवरात व नकदी संग गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

**संतकबीरनगर।** कोतवाली पुलिस ने बृहस्पतिवार को माहनपार के पास से चोरी के मामले के एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से चोरी के जेवरात व नकदी बरामद की।

चौकी प्रभारी कलेक्ट्रेट वीरेंद्र यादव ने बताया कि सूचना के आधार पर माहनपार के पास से आरोपी को पकड़ा गया। पूछताछ में उसकी पहचान मुकेश निवासी माधवपुर कोतवाली के रूप में हुई। उसके पास से एक जोड़ी बाली, एक कील, एक जोड़ी पायल, चार अंगूठी और 1100 रुपये नकदी बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी मुकेश ने बताया गया कि उसने अपने साथी मोनू निवासी बाहिलपार व शेषनाथ राजभर निवासी माधोपुर के साथ मिलकर एक अप्रेल को माधोपुर चौराहे स्थित एक मकान में घुस कर 10,000 रुपये व जेवरात चुराए थे। नकदी व जेवरात को उन लोगों ने आपस में बराबर-बराबर बांट लिया था। बरामद रुपये चोरी के हैं। उनका एक संगठित गिरोह है। इसका सरगना मोनू निवासी बाहिलपार कोतवाली है। तीनों लोग मुखिया मोनू की योजना के मुताबिक घूमघूम कर मकानों को चिह्नित करते हैं और अवसर मिलते ही चोरी करके मिली हुई नकदी व जेवरात को आपस में बांटकर जीविकोपार्जन करते हैं। इस गिरोह का सरगना बुधवार को मोबाइल चोरी के मामले में जेल भेजा गया था। पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया गया। शेष की तलाश की जा रही है।



सेमरियावां में मार्च करतीं डीएम दिव्या मित्तल, एसपी सोनम कुमार और एडीएम। संवाद

# जुमे की नमाज को लेकर पुलिस सतर्क

## संदिग्धों पर रखी जा रही है नजर, मगहर में हुई शांति समिति की बैठक

संवाद न्यूज एजेंसी

धनघटा/मगहर। पिछले हफ्ते शुक्रवार को प्रदेश के कई स्थानों पर जुमा की नमाज के उपरांत हुई हिंसा के मद्देनजर पुलिस अलर्ट के मोड में है। इस बार शुक्रवार को होने वाली जुमे की नमाज को लेकर पुलिस सतर्क है। बृहस्पतिवार को पुलिस को रिहर्सल भी कराया गया।

जुमे की नमाज को लेकर एलआईयू व स्वॉट लगातार क्षेत्र में बनी हुई है। किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए महुली थानों के शस्त्रागारों से असलहे बाहर निकाल लिए गए हैं। पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह क्षेत्र मे भारी पुलिस बल के साथ रूट मार्च कर रहे है। थानाध्यक्ष ने बताया कि संवेदनशील स्थान भी चिह्नित किए गए हैं। यहां पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है। पुलिस के अफसरों ने दोनों धर्म के जिम्मेदारों से बातचीत कर शांति बनाए रखने की अपील की है। संदिग्धों पर भी नजर रखी जा रही है। बृहस्पतिवार को अधिकारियों ने असलहों का खुद जायजा लिया और इसका रिहर्सल भी कराया।

मगहर प्रतिनिधि के अनुसार खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के मगहर पुलिस चौकी पर वृहस्पतिवार को शांति समिति की बैठक चौकी इंचार्ज बलराम पांडेय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें उप जिलाधिकारी खलीलाबाद अजय त्रिपाठी भी मौजूद रहे। बैठक में जुमा की नमाज और बकरीद पर्व को लोगों से आपसी सौहार्दपूर्वक मनाने की अपील की गई। एसडीएम सदर अजय त्रिपाठी ने कहा कि कबीर की धरती अमन चैन पसंद करती है। इस धरती की गरिमा को ध्यान में रखते हुए हम सभी का कर्तव्य बनता है कि किसी भी तरह के अफवाहों के पीछे मत जाएं। इसके साथ ही व्हाट्सएप, फेसबुक तथा अन्य सोशल मीडिया पर ऐसा कुछ पोस्ट करने अथवा शेयर करने से सावधानी रखें। ताकि किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचे और उससे नगर का माहौल खराब हो जाए। बैठक में चेयरमैन संगीता वर्मा, पूर्व चेयरमैन नुरुज्जमा अंसारी, सपा नेता सेराज खां, नासिर अली खां, अवधेश सिंह, हियुवा नेता रंजीत कन्नौजिया, फैज खां फैजी, विजय प्रकाश कांदू, तनवीर अहमद उर्फ पप्पू, राजेंद्र गोस्वामी आदि रहे।

### बेलहर थाने की पुलिस ने किया मार्च



शांति व्यवस्था के लिए बेलहर में मार्च करते एसओ। संवाद

बेलहर। एसओ बेलहर संतोष कुमार मिश्र के नेतृत्व में दंगा नियंत्रण को लेकर पुलिस ने मार्च किया। इस दौरान पुलिस ने आम जनमानस से शांति बनाए रखने की अपील की। पुलिस ने बेलवारसैंगर, पिपरा प्रथम, राजघाट, बभनी, बेलहर खुर्द, बेलहर कलां, मंझरिया पाठन, लोहरसन, करनजोत, साथां, गनवरिया, मोतीपुर, बनेथू, गोइठहा आदि जगहों पर पैदल मार्च निकालते हुए लोगों से सहयोग की अपेक्षा की। इस दौरान एसआई अमर सिंह, राम सूरत सिंह, प्रमोद कुमार नायक, विजय यादव, धर्मनाथ यादव, पुनीत पाठक, दिलीप कुमार, बहादुर सिंह, राजाराम गुप्ता, अमरदीप, राजेश कुमार चौरसिया, राम केवल, विनय कुमार आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे। संवाद

# हत्यारोपी पति को आजीवन कारावास

## अपर सत्र न्यायाधीश ने 30 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

अमर उजाला ब्यूरो

**संतकबीरनगर।** अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय काशिफ शेख ने पत्नी के हत्यारोपी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही 30,000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

जिला शासकीय अधिवक्ता विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद गोरखपुर के गोपालपुर निवासी रामदयाल ने थाना धनघटा में प्रार्थनापत्र दिया कि उसने अपनी बहन ममता की शादी वर्ष 2014 में मिश्रौलिया थाना धनघटा निवासी धर्मेंद्र चौहान से की थी। शादी में अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था। शादी के बाद उसके बहनोई धर्मेंद्र चौहान अंगूठी व माला की मांग करते थे। न देने पर उसकी बहन को प्रताड़ित करते थे । उसकी बहन ने दहेज मांगे जाने की बात उसे बताई थी तो उसने अपने बहनोई को काफी समझाया ।

इसी बीच उसकी बहन के पेट में आठ माह का बच्चा भी था । 21 मार्च 17 को पति धर्मेंद्र और सास ने मिलकर उसकी बहन की हत्या कर दी थी। सूचना पर वह अपनी बहन की ससुराल पहुंचा व थाना धनघटा में केस पंजीकृत कराया । अभियोजन की तरफ से कुल आठ गवाहों की गवाही कराई गई। विधि विज्ञान प्रयोगशाला की रिपोर्ट में विसरा के भागों में डाई क्लोरवास इंसेक्टिसाइड विष पाए जाने की पुष्टि हुई। आरोपी धर्मेंद्र चौहान के विरुद्ध अन्य साक्ष्य पाए जाने पर कोर्ट ने दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही 30,000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थदंड की रकम अदा न करने पर छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-06-2022

# वाहनों से डीजल चुराने वाले गिरफ्तार

गोण्डा, संवाददाता। नगर पुलिस व एसओजी की सयुक्त टीम ने हाईवे किनारे खड़े वाहनों से डीजल चोरी करने के गिरोह का भंडाफोड़ किया है। नगर कोतवाल पंकज सिंह और एसओजी प्रभारी सुनील सिंह ने पुलिस टीम के साथ गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उसके पास से भारी मात्रा में सामान बरामद हुआ है।

नगर कोतवाली सभागार में गुरुवार को एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि जनपद में हाईवे किनारे खड़े वाहनों से रात में तेल चोरी की घटनाएं संज्ञान में आ रही थीं। इसको गंभीरता से लेते हुए सभी थाना प्रभारियों को अलर्ट किया गया। जिसके तहत नगर कोतवाली और एसओजी टीम को सफलता मिली। पुलिस टीम ने तीन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार चोरों के पास से दो कार, चोरी का तेल, तेल चोरी के उपकरण, एक तमंचा, कारतूस, पालस्टिक के जरीकेन बरामद हुआ है।



पुलिस की गिरफ्त में आए गैंग के आरोपी। • हिन्दुस्तान

पकड़े गए चोरों में थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ठाकुर पुरवा खोराहसा निवासी राजेश तिवारी और इसी गांव के सोनू तिवारी और थाना कौडिया के दीक्षितपुरवा मगहरिया दुबहाबाजार निवासी मातादीन दीक्षित है।

**डीजल चोरी करने का तरीका:** पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि हाइवे के किनारे, ढाबो के पास खड़े वाहनों का डीजल चोरी करते है। जिसे आसपास बेच देते हैं।

# शहर में पैदल निकले डीएम-एसपी और डीआईजी

**सतर्कता**

गोण्डा, संवाददाता। डीएम और एसपी ने धर्मगुरुओं के साथ बैठक करके शांति की अपील की है। जुमे के दिन को लेकर नगर कोतवाली में धर्म गुरुओं के साथ पीस कमेटी की बैठक भी की गई। इस दौरान अधिकारियों ने शहर के जिम्मेदारों से जुमे की नमाज पर शांति बनाए रखने के लिए सहयोग मांगा। इस दौरान धर्मगुरुओं से कहा कि आपसी सद्भाव बनाए रखें।

जुमे की नमाज को लेकर एक बार फिर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। थानेदारों को निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने-अपने क्षेत्रों में हर छोटी से छोटी गतिविधि पर नजर बनाकर रखें। ताकि जनता को सुरक्षा का एहसास रहे। कानपुर हुई घटना के बाद जिला प्रशासन अलर्ट है। जिले में कही कोई अव्यवस्था न हो उसको लेकर सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ा विशेष प्लान बनाया गया है। डीएम डा उज्जवल कुमार और एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने शांति व्यवस्था बहाल रखने की पुलिस और प्रशासनिक अफसरों को जिम्मेदारी दी गई। थाना स्तर पर पुलिस मित्रों को सक्रिय किया गया है तो कुछ धर्मगुरुओ को भी शांति व्यवस्था में लगाया गया है। इसके अलावा ड्रोन से निगरानी की भी व्यवस्था बनाई गई है। ताकि किसी भी स्तर पर असामाजिक तत्व मनमानी न कर पाए।



शहर में पैदल गस्त करते डीआईजी, डीएम व एसपी। • हिन्दुस्तान

**अफवाह फैलाने वालो की खैर नहीं:** जुमे की नमाज को लेकर डीएम और एसपी ने कहा कि किसी भी अफवाह में न आएं। यदि कोई व्यक्ति अफवाह फैलाता है या किसी प्रकार की कोई उद्दंडता करता है तो उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा। एसपी ने कहा सोशल मीडिया पर किसी भी नफरत और द्वेष फैलाने वाले भ्रामक पोस्ट से बचें।

**अधिकारियों ने फोर्स के साथ पैदल गश्त किया :** जुमे की नमाज में सामाजिक सौहार्द का संदेश देते हुए अधिकारियों ने गुरुवार को शहर के मिश्रित आबादी वाले इलाकों और बाजारों में पैदल गस्त की। एसपी-डीएम के साथ डीआईजी भी पैदल गश्त किया और लोगों से शांति की अपील की।

**धानेपुर संवाद** के अनुसार जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए धानेपुर थाने में प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने धर्म गुरुओं के साथ बैठक की। वहीं मोतीगंज पुलिस ने अतिसंवेदनशील ग्राम सिसवरिया में दंगा उपकरण के साथ फ्लैग मार्च किया। थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार के साथ ही तमाम पुलिसकर्मी रहे।

# शांतिभंग में एक गिरफ्तार, चालान किया गया

रुपईडीह। शांति भंग की आशंका में गुरुवार को पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष कौड़िया मदन लाल गौतम ने बताया कि थाना क्षेत्र के बनगाई निवासी अफजाल हुसैन पुत्र अनवर अली को शांति भंग की आशंका में चौकी प्रभारी आर्यनगर मानवेंद्र सिंह व कांस्टेबल अखिलेश यादव ने गिरफ्तार किया है।

# आगजनी के दो आरोपी हुए गिरफ्तार

तरबगंज, संवाददाता। स्थानीय थाना क्षेत्र के शुक्लपुरवा डिडिसिया कला में ग्रामीण के घर में आगजनी और तोड़फोड़ करने वाले दो आरोपियों को गुरुवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा हैं। एसओ मनोज पाठक ने बताया कि डिडिसिया कला गांव के सुकुल पुरवा निवासी बलराम सिंह ने आगजनी व तोड़फोड़ की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। चौकी इंचार्ज की टीम ने गिरफ्तार किया।

# जुमे की नमाज पर प्रशासन सतर्क, शांति व्यवस्था की अपील

**जिले को पांच जोन व 32 सेक्टर में बांटा गया जिला, जिलाधिकारी व एसपी ने जनपदवासियों से की शांति की अपील**

संसू, गोंडा : शुक्रवार को जिले में होने वाली जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले को पांच जोन व 32 सेक्टर में बांटा गया है। डीएम व एसपी ने शहर में पैदल मार्च कर लोगों ने शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

कानपुर नगर व अन्य जिलों में नमाज के बाद हुई घटनाओं के दृष्टिगत निगरानी बढ़ाई है। डीएम डा. उज्ज्वल कुमार ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले को पांच जोन व 32 जोन में बांटने के साथ ही मजिस्ट्रेट की तैनाती की है।

शहर में नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, गोंडा सदर में एसडीएम वीके सिंह, तरबगंज में एसडीएम शत्रुघ्न पाठक, कर्नलगंज में एसडीएम हीरालाल व मनकापुर में एसडीएम कीर्ति प्रकाश भारती जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं।

सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार के अलावा जिला स्तरीय अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। हर जोन व सेक्टर में संवेदनशील स्थलों को चिह्नित किया गया है। जिलाधिकारी ने संबंधित अफसरों को चिह्नित स्थलों पर निगरानी करने के साथ ही किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर सूचित करने का आदेश दिया है। कहा कि सभी अपनी ड्यूटी पर सतर्क व सचेत रहें। किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्तनहीं की जाएगी।

उधर, अपर मुख्य सचिव गृह ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैयारियों की समीक्षा की। डीएम व एसपी ने शहर में पैदलमार्च करके लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

# छेड़खानी पर पुलिस ने कराई सुलह

परसपुर। सेमरी गांव की एक महिला ने मोबाइल फोन से दो लोगों पर अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किए जाने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि शोहदों के छेड़खानी मामले में पुलिस ने दबाव डालकर सुलह करा दी है।

महिला का कहना है कि मनचले प्रवृति के दो शोहदे एक ही नम्बर से उन्हें फोन करके अपशब्द कह रहे हैं, जिससे उसका जीना दुश्वार हो गया है। तीन दिनों से थाने की गणेश परिक्रमा करने के बाद महिला ने एसपी संतोष कुमार मिश्रा से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। एसपी के हस्तक्षेप के बाद पुलिस थोड़ा सक्रिय तो हुई लेकिन बुधवार को जबरन सुलह करा दिया। थाने के दरोगा मिथलेश मिश्रा ने बताया कि सुमित व राजन का शांतिभंग में चालान किया गया है।

# डीजल चोरी करने वाले गैंग का राजफाश, तीन गिरफ्तार

## सड़क के किनारे व ढाबों पर खड़े वाहनों से चोरी कर कम दाम में डीजल बेचते थे आरोपित

संसू, गोंडा : वाहनों से डीजल चोरी कर कमाई करने वाले गैंग का राजफाश करते हुए पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो चारपहिया, प्लास्टिक के छोटे ड्रम, अवैध असलहे भी बरामद किए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि आए दिन शिकायत मिल रही थी कि हाईवे व ढाबों पर खड़े बड़े वाहनों की टंकी से डीजल की चोरी की जा रही है। इसके राजफाश के लिए टीमें लगाई गई थीं। नगर कोतवाल पंकज सिंह व एसओजी प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने राजफाश कर डीजल चोरी करने वाले तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। एसपी ने कहा कि गिरफ्तार आरोपितों में देहात कोतवाली के ठाकुर पुरवा निवासी राजेश तिवारी, सोनू तिवारी व कौड़िया के दुबहा बाजार मगहरिया निवासी मातादीन दीक्षित शामिल हैं। आरोपित सड़क के किनारे व ढाबों पर खड़े बड़े वाहनों की टंकी उपकरण से खोलकर निकाल लेते थे। फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चारपहिया से चोरी का डीजल दूर ले जाकर कम मूल्य में आसानी से बेच देते थे। पकड़े जाने की दशा में निपटने के लिए आरोपित अवैध असलहा भी रखते थे। एसपी ने घटना का राजफाश कर आरोपितों की गिरफ्तारी करने वाली टीम को 25 हजार रुपये पुरस्कार देने की घोषणा की है।



नगर कोतवाली में गिरफ्तार आरोपितों के साथ एसपी संतोष कुमार मिश्र दाएं से दूसरे • जागरण

**आरोपितों की हो गिरफ्तारी:** खरगूपुर थाना के एक गांव की रहने वाली महिला ने एसपी को पत्र भेजकर आरोपितों के गिरफ्तारीी मांग की है। महिला ने कहा कि बीते 20 अप्रैल को आरोपितों पर मुकदमा किया गया था लेकिन, अभी तक गिरफ्तारी नहीं की गई।

# ...तो यहां मुकदमा कराने के बाद पैरवी भूल जाते हैं जिम्मेदार

## जिले में 713 विवेचना हैं लंबित जांच में सहयोग न करने वालों को नोटिस जारी कर होगी कार्रवाई

संसू, गोंडा: गबन, घोटाला, फर्जीवाड़ा मामला पकड़े जाने के बाद जिम्मेदार आरोपितों पर मुकदमा कराकर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर देते हैं। जांच में अपनों को फंसता देख जिम्मेदार विवेचना के लिए साक्ष्य व अभिलेख उपलब्ध कराने में आनाकानी करने लगते हैं। यही कारण है कि थानों में लंबित मुकदमों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। मौजूदा समय 200 से अधिक मुकदमों की विवेचना छह माह से अधिक अवधि से लंबित है। इनमें गबन व घोटालों की संख्या अधिक है।

मौजूदा समय जिले में 713 मुकदमों की विवेचना लंबित है। लंबित विवेचनाओं को समय से पूरा करने के लिए पुलिस अधीक्षक से लेकर अन्य अधिकारी दिशा निर्देश जारी करते रहते हैं। इन सब के बावजूद मुकदमों के निस्तारण की रफ्तार नहीं बढ़ पा रही है। पैरवी के अभाव व उपनिरीक्षकों की लापरवाही भी विवेचना समय से पूरी न होने का मुख्य कारण माना जा रहा है। पिछले वर्ष नगर पालिका परिषद में एक घोटाला सामने आया था। इसमें तत्कालीन अधिशाषी अधिकारी ने मुकदमा कराया था। जांच में अभिलेख जुटाने में विवेचकों को पसीने आ गए। इसी तरह फर्जी अभिलेख के सहारे शिक्षक की नौकरी हथियाने के मामले की विवेचना में अभिलेख एकत्र करने में जांच अधिकारियों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ा। मनरेगा व खाद्यान्न घोटाले के भी 17 मुकदमे हैं। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि विवेचना में सहयोग न करने वालों को नोटिस जारी कर कार्रवाई की जाएगी।

# प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को दिलवाएं सजा : डीएम

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। गंभीर प्रकृति के वादों में प्रभावी पैरवी कर अधिक से अधिक दोषियों को सजा दिलायी जाए, जिससे अपराधी किस्म के लोगों को यह संदेश जाए। यह निर्देश जिलाधिकारी डॉ. उज्जवल कुमार ने अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक में दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि न्यायालय में साक्ष्य के लिए आने वाले गवाहों को शत प्रतिशत परीक्षित कराया जाए तथा दोषमुक्त मामलों में नियमानुसार अपील की कार्यवाही भी की जाय। डीएम ने शासकीय अधिवक्ताओं एवं अभियोजन के अधिकारियों से न्यायालयों में साक्षियों की उपस्थिति और उनके पक्षद्रोही होने के कारणों की समीक्षा की। उन्होंने पुलिस विभाग व अभियोजन विभाग से कहा कि समन तामीली समयबद्ध होनी चाहिए। अधिकतम साक्षियों को न्यायालयों के समक्ष परीक्षित कराया जाय। अकारण साक्षियों की वापसी ना होने पाए, यह प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, संयुक्त निदेशक अभियोजन राम अचरज चतुर्वेदी, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी एसपी पांडेय, ड्रग इंस्पेक्टर राजिया बेगम, जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी बसंत शुक्ला, सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता विनोद कुमार सिंह, घनश्याम पाण्डेय, विनय कुमार सिंह, ओम प्रकाश शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# मुकदमा दर्ज कराने की अपील

**गोंडा।** कोतवाली देहात क्षेत्र के हरखापुर निवासी कृष्ण कुमार ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। कहना है कि उसके हिस्से की जमीन में तीन लोगों ने दबंगई से टीनशेड बनवा लिया है। उसका घर गिरा दिया है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा नहीं दर्ज किया गया है। मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की है। (संवाद)

# मोटर चोरों को संरक्षण देने का लगाया आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

**तरबगंज (गोंडा)।** तरबगंज थाने में लंबे अरसे से तैनात सिपाही पर ग्रामीणों ने मोटर चोरों को संरक्षण देने का आरोप लगा पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

गौहानी गांव निवासी बृज किशोर मिश्रा का आरोप है कि गांव में नशेड़ियों की तादाद बढ़ती जा रही है। लिहाजा चोरी और अन्य आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं। शिकायती पत्र में बृज किशोर ने आरोप लगाया है कि 11 जून को दरवाजे से लगा मोटर इसी गांव के निवासी दो लोग अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर चुरा ले गए। गुहार लगाई तो असलहा लहराते हुए भाग निकले। सिपाही ने आरोपियों के घर से मोटर बरामद भी किया। वीडियो भी बनाया गया है, तरबगंज थाने की पुलिस ने इस मामले में मुकदमा नहीं पंजीकृत किया। एसपी ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। थानाध्यक्ष मनोज पाठक का कहना है कि आरोप निराधार है।

## दो पक्षों में मारपीट, छह घायल

**रुपईडीह (गोंडा)।** भैंसहा गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। मामला कौड़िया थाना क्षेत्र के गांव भैंसहा के मजरा लोहारनपुरवा का है। थानाध्यक्ष मदन लाल गौतम ने बताया कि गांव के रामदेव व कृपाराम के बीच भूमि विवाद चल रहा था। गुरुवार को दोनों पक्षों में लाठी डंडे चले। दोनों पक्षों के छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर एनसीआर दर्ज कर घायल प्रीति, कलावती, रामदेव, कमला देवी, रविशंकर, कृपाराम, विशाल को पीएचसी लाकर डॉक्टरी परीक्षण कराया। थानाध्यक्ष ने बताया कि कार्रवाई की जा रही है। (संवाद)

## आगजनी मामले के दो वांछित गिरफ्तार

**तरबगंज (गोंडा)।** पुलिस ने आगजनी व तोड़फोड़ के मामले में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। तीन माह पूर्व क्षेत्र के शुक्ल पुरवा डिडसियाकला निवासी विजय सिंह व महेश सिंह के खिलाफ गांव के बलराम सिंह ने थाने में तहरीर दी थी। पीड़ित का घर जलाने व तोड़फोड़ के साथ धमकी देने का आरोप लगा था। गुरुवार दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि कोर्ट के लिए भेज दिया गया है। (संवाद)

# कड़ी सुरक्षा के बीच होगी जुमे की नमाज

संवाद न्यूज एजेंसी

## पुलिस-प्रशासन अलर्ट, माहौल खराब करने वालों की खैर नहीं

गोंडा। कानपुर व प्रयागराज में माहौल खराब होने के बाद जुमे की नमाज को लेकर पुलिस-प्रशासन ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं। नमाज के दौरान कड़े सुरक्षा के इंतजाम किए गये हैं। शहर की मस्जिदों समेत संवेदनशील स्थलों पर पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है।

जुमा की नमाज को लेकर पुलिस-प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में भी जुमा की नमाज को लेकर मस्जिदों के आसपास बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। आयुक्त एमपी अग्रवाल, डीआईजी उपेंद्र अग्रवाल, डीएम डॉ. उज्ज्वल कुमार व एसपी संतोष कुमार मिश्र की अगुवाई में गुरुवार को पुलिस बल ने शहर में भ्रमण कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

एसपी संतोष कुमार मिश्र ने लोगों से बातचीत कर धरना-प्रदर्शन व असामाजिक गतिविधियों से दूर रहने की अपील की। एसपी ने जुमे की नमाज शांतिपूर्वक अदा करने को कहा। एसपी ने बताया कि किसी को माहौल खराब करने का अधिकार नहीं है। जो भी माहौल खराब करने की कोशिश करेगा। उसे सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा।

# पिता-पुत्र सहित चार की पिटाई, केस दर्ज

परसपुर (गोंडा)। क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों पर पिता-पुत्र व दंपती समेत चार लोगों की पिटाई कर दी गई। इन मामलों में पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस का कहना है कि तफ्तीश करके दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

ग्राम विशुनपुर कला रूपीपुरवा निवासी समयदीन पासवान ने आरोप लगाते हुए बताया कि जमीन कब्जेदारी विवाद को लेकर गांव के आरोपी गुरुवार की सुबह अभद्रता कर लाठी-डंडा से पिटाई करने लगे। शोर करने पर जब बचाने उसका पुत्र चंद्रभान पासवान आया तो उसको भी मारापीटा। सम्मयदीन की तहरीर पर जसकरन पासवान, अनिल कुमार व अन्नू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है।

दूसरी घटना पूरे लाली कविराजन पुरवा का है। यहां के निवासी सुनील कुमार शर्मा ने आरोप लगाते हुए बताया कि पुश्तैनी मकान में न जाने देने के विवाद को लेकर उसके भाई ने शाम को उससे अभद्रता कर मारापीटा। उसे बचाने पत्नी राजरानी आई तो आरोपियों ने उसको भी मारापीटा। दोनों को चोटें आई हैं। सुनील की तहरीर पर प्रदीप कुमार शर्मा व अनिल कुमार शर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। परसपुर के प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि दोनों मामलों में पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। संवाद

# डीजल चोरों के गैंग का पर्दाफाश, तीन बदमाश दबोचे

संवाद न्यूज एजेंसी

## 490 लीटर डीजल के साथ दो एसयूवी, दो तमंचे व तीन कारतूस बरामद

## हाईवे के किनारे व ढाबों के आसपास खड़े वाहनों से चुराते थे डीजल

गोंडा। एसओजी व नगर कोतवाली पुलिस ने वाहनों से डीजल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 490 लीटर डीजल और फर्जी नंबर प्लेट लगी स्कार्पियो व जायलो गाड़ी के साथ ही तमंचा, कारतूस व कुछ उपकरण बरामद हुए हैं। गिरोह के बदमाश वाहनों से डीजल चोरी करके बेचते थे। पुलिस गिरोह के बदमाशों का गैंगचार्ट भी तैयार करेगी।

एसपी संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि नगर कोतवाली पुलिस व एसओजी को ढाबों के पास खड़े वाहनों से डीजल चोरी की सूचना काफी दिनों से मिली रही थी। इस पर पुलिस टीम ने गुरुवार को राजेश तिवारी निवासी ठाकुर पुरवा, खोरहंसा, कोतवाली देहात, सोनू तिवारी निवासी ठाकुरपरवा खोरहंसा कोतवाली देहात व मातादीन दीक्षित निवासी दीक्षित पुरवा मगहरिया दुवहा बाजार, थाना कौड़िया को गिरफ्तार किया है। तीनों के पास से सात कैन व एक ड्रम में भरा 490 लीटर चोरी का डीजल, दो पेंचकस, एक पाना, एक कटर, एक रिंच, प्लास्टिक के दो पाइप, तेल निकालने की एक मशीन, 12 बोर के दो तमंचे, तीन कारतूस, फर्जी नंबर प्लेट लगी एक स्कार्पियो व एक जायलो गाड़ी कार बरामद हुई है।

एसपी ने बताया कि पकड़े गये आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे हाईवे के किनारे, ढाबों के पास खड़े वाहनों से डीजल चोरी करके स्कार्पियो व जायलो गाड़ी में रखे ड्रम में भरते थे। फिर उसे दूरदराज ले जाकर कम दाम में बेचकर रकम आपस में बांट लेते थे। एसपी के मुताबिक गिरोह के बदमाश अपने पास असलहे रखते हैं और चोरी करते समय अगर कोई देख ले तो धमकाते थे। एसपी ने बताया कि आरोपी स्कार्पियो व जायलो पर फर्जी नंबर प्लेट इसलिए लगाते थे कि अगर किसी ने चोरी करते समय देखकर उनके वाहनों के नंबर नोट भी कर लिया तो भी वो पकड़े न जा सकें। तीनों के खिलाफ नगर कोतवाली में केस दर्ज किया गया है। गिरोह का गैंगचार्ट भी तैयार किया जाएगा।

# BALRAMPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-06-2022

# उपद्रवियों पर रासुका लगाने की मांग

बलरामपुर, संवाददाता। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने संयुक्त रूप से हिंसा करने वालों पर रासुका के तहत कार्रवाई की मांग की है। इसको लेकर उन्होंने एसडीएम सदर को सात सूत्रीय ज्ञापन दिया। इसमें पापुलर फ्रंट आफ इंडिया व तब्लीगी जमात जैसे कट्टरपंथी संगठनों पर अविलंब प्रतिबंध लगाने की मांग प्रमुख रूप से शामिल है।

बजरंगदल के जिला संयोजक चंदन मिश्र ने कहा कि पिछले दो बार से जुमा की नामज पढ़ने के बाद हिंसा की घटनाएं हो रही है। भीड़ को भड़काने वालों को चिन्हित कर उनपर रासुका के तहत कार्रवाई की जाए। देश भर में गलत बयानबाजी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। कहा कि जिन मस्जिदों और मदरसों से उन्मादी



सदर एसडीएम व सीओ सिटी को ज्ञापन देते बजरंगदल कार्यकर्ता।

भीड़ निकली है। उनकी एनआइए से जांच कराई जाए। धमकी मिलने वालों को सुरक्षा प्रदान करने समेत सात प्रमुख मांग की हैं। प्रदर्शनकारियों को मुहल्ला पूरबटोला में रोककर एसडीएम सदर राजेंद्र बहादुर व सीओ सिटी वरुण मिश्र ने ज्ञापन लिया। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष सुबीर श्रीवास्तव, जय प्रकाश, विक्रम शुक्ल, शनि कश्यप, अजय, रवि तिवारी, तरूण शुक्ल, विपिन उपाध्याय, अनिल रस्तोगी, हर्षित सोनी मौजूद रहे।

# धर्म की आड़ में अराजकता की कोई छूट नहीं: एसपी

## चेतावनी

बलरामपुर, संवाददाता। मौलाना तौकीर रजा ने शुक्रवार को प्रदेश में प्रदर्शन की चेतावनी दी है। जिसको लेकर पुलिस बल ने बुधवार शाम नगर क्षेत्र के प्रमुख मार्ग पर पैदल मार्च निकाला। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना व मातहत अधिकारियों तथा पुलिस कर्मियों ने बुधवार देर शाम नगर क्षेत्र में पैदल गश्त किया।

मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में ड्रोन से निगरानी कराई। मोहल्लों में घूमकर कहा कि शान्ति व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। सभी लोगों को धार्मिक अनुष्ठान की छूट है, लेकिन धर्म की आड़ में किसी को अराजकता फैलाने की छूट नहीं दी गई है। सभी ने किसी प्रकार का उन्माद फैलाने की बात से इंकार किया। कहा कि वे राष्ट्र सुरक्षा के लिए प्रयासरत रहेंगे। प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने कस्बा चौकी, बड़ी मस्जिद, ज्वालादेवी मंदिर, हनुमान गढ़ी, गोंडा मोड़, करबला होते हुए बरदही बाजार तक भ्रमण किया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पूरे क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू है। बिना अनुमति जुलूस निकालने, धरना प्रदर्शन करने, पांच से अधिक लोगों के सार्वजनिक स्थानों पर जमा होने, छतों पर विस्फोटक या ईंट पत्थर जमा करने पर कार्रवाई की जाएगी।

# जुमे को लेकर प्रशासन अलर्ट, ड्रोन से निगरानी

**जागरण टीम, बलरामपुर :** जुमे की नमाज को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। बुधवार से ही शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के मस्जिदों के आसपास पुलिस बल मुस्तैद है। कई जनपदों में गत दिनों जुमा की नमाज के बाद हुए उपद्रव को देखते हुए प्रशासन पूरी सजगता बरत रहा है। अप्रिय घटनाओं को टालने के लिए संवेदनशील स्थलों की निगरानी ड्रोन कैमरे से की जा रही है। पुलिस के जवान बराबर गश्त कर रहे हैं।

जिलाधिकारी श्रुति ने उतरौला कोतवाली परिसर में मुस्लिम धर्मगुरुओं के साथ बैठक की। कहा कि नमाज के बाद सभी नमाजी शांतिपूर्वक अपने-अपने घरों को वापस चले जाएं। किसी तरह का धरना प्रदर्शन करने के बजाय लोकतांत्रिक ढंग से अपनी बात कहें। निषेधाज्ञा का पूरी तरह पालन करें। एसपी राजेश कुमार ने कहा कि हर धर्मगुरु की यह जिम्मेदारी है कि क्षेत्र में अमन चैन बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करें। अफवाह फैलाने या लोगों के विचारों को भ्रमित करने वाले बयान देकर माहौल को खराब न होने दें। कहा कि यदि कोई व्यक्ति ज्ञापन देना चाहता है तो वह उच्च अधिकारियों को अवगत कराएं। अधिकारी जगह व समय तय करके वहां आकर ज्ञापन लेंगे। किसी भी दशा में ज्ञापन देने वालों की संख्या पांच से अधिक नहीं होगी।



उतरौला कोतवाली में मुस्लिम धर्म गुरुओं के साथ बैठक करती डीएम श्रुति व एसपी राजेश कुमार सक्सेना ● जागरण

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मुस्लिम धर्मगुरुओं को दी जिम्मेदारी, पुलिसकर्मियों ने किया बलवा नियंत्रण अभ्यास

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने ने कस्बा चौकी से दुखहरण नाथ मंदिर तक पुलिस बल के साथ भ्रमण कर लोगों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने का आश्वासन दिया। उप जिलाधिकारी संतोष ओझा, सीओ उदयराज सिंह, प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह मौजूद रहे।

**बलवा नियंत्रण का किया अभ्यास :** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस बल ने पैदल गश्त के साथ ही बलवा नियंत्रण का अभ्यास किया। सीओ सिटी वरुण मिश्र के नेतृत्व में नगर कोतवाल संजय दुबे ने पुलिसकर्मियों को दंगा नियंत्रण उपकरण रबर बुलेट गन, लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले, एंटी राइट गन, हैंड ग्रेनेड आदि शस्त्रों के बारे में जानकारी दी। साथ ही इसके उपयोग का अभ्यास कराया। पुलिस बल ने चौराहों, मार्केट एवं भीड़भाड़ वाली जगह पर मार्च कर अपनी मुस्तैदी का अभ्यास कराया।

# मिशन शक्ति अभियान चलाकर महिलाओं को दिया संबल

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** मिशन शक्ति के तहत जिले के समस्त थानों में गठित एंटीरोमियो टीम ने सार्वजनिक स्थानों पर जागरुकता अभियान चलाया। महिलाओं व छात्राओं को मिशन शक्ति की खूबियां गिनाते हुए हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।

अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में कोतवाली नगर, देहात, जरवा, रेहराबाजार की पुलिस ने मिशन शक्ति जागरुकता अभियान चलाया। एएसपी ने कहा कि महिलाएं व छात्राएं अपने साथ हो रहे किसी भी अपराध की जानकारी पुलिस को दें। उनकी पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है। इसलिए चुप्पी तोड़ते हुए विपरीत परिस्थितियों में पुलिस की सहायता लें। महिला पुलिसकर्मियों ने वूमेन पावरलाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, एंबुलेंस सेवा 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड लाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102 व थानों पर स्थापित महिला हेल्पडेस्क के बारे में जानकारी दी।



बहराइच मार्ग पर महिलाओं को जागरुक करतीं महिला पुलिस कर्मी • जागरण

# संवेदनशील स्थलों की ड्रोन कैमरे से निगरानी

**उतरौला (बलरामपुर)**। मौलाना तौकीर रजा के प्रदर्शन की चेतावनी को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। गुरुवार को पुलिस ने नगर के प्रमुख मार्गों पर पैदल मार्च कर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। प्रशासन की ओर से संवेदनशील स्थलों व मोहल्लों की ड्रोन कैमरे से जांच भी कराई गई है।

उतरौला कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने कस्बा चौकी, बड़ी मस्जिद, ज्वाला देवी मंदिर, हनुमानगढ़ी, गोंडा मोड़ व कर्बला होते हुए बरदही बाजार तक पैदल मार्च किया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मौलाना तौकीर रजा की चेतावनी को गंभीरता से लेते हुए पूरे क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू की गई है। बिना अनुमति के जुलूस निकालने, धरना प्रदर्शन करने, सार्वजनिक स्थलों पर पांच से अधिक लोगों के जमा होने व छतों पर विस्फोटक पदार्थ या ईंट-पत्थर रखने पर रोक लगाई गई है। बताया कि शुक्रवार को जुमे की नमाज को देखते हुए सभी चौराहों तथा संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। पैदल मार्च में सभी पुलिस चौकियों के प्रभारी, आरक्षी व पीएसी के जवान शामिल रहे। (संवाद)

# सड़कों से अतिक्रमण हटाने के लिए चलेगा बुलडोजर

संवाद न्यूज एजेंसी

## कारोबारियों को प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी लगवाने का निर्देश

**बलरामपुर।** सड़कों से अतिक्रमण हटाने के लिए फिर से बुलडोजर चलाया जाएगा। दोबारा बुलडोजर की कार्रवाई में अतिक्रमणकारियों से खर्चे की वसूली की जाएगी। नगर कोतवाली परिसर में बैठक कर अतिक्रमण करने वालों को कड़ी चेतावनी दी गई है। बैठक के दौरान सभी कारोबारियों को अपने प्रतिष्ठानों व घरों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए गए हैं।

कोतवाली नगर परिसर में गुरुवार को व्यापारियों की बैठक को संबोधित करते हुए सदर एसडीएम राजेंद्र बहादुर ने कहा कि घर हो या दुकान सीसीटीवी कैमरे लगे होने से चोर-उचक्कों पर नजर रहती है। सीओ सिटी वरुण मिश्र ने सभी व्यापारियों से अपील किया कि यदि किसी व्यक्ति पर संदेह हो तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। सूचना देने वालों को गोपनीय रखा जाएगा। किसी भी मदद के लिए पुलिस को सूचित करें। नगर के अंदर यदि दोबारा अतिक्रमण किया जाएगा, तो तत्काल बुलडोजर चलाया जाएगा।

बुलडोजर की कार्रवाई में आने वाले खर्च की वसूली की जाएगी। नगर कोतवाल संजय कुमार दूबे ने कहा कि अराजक तत्वों पर शिकंजा कसने के लिए महिला व पुरुष पुलिस के जवान सादी वर्दी में शहरों में घूम रहे हैं। बैठक में ईओ राकेश कुमार जायसवाल, उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष रमेश पहवा, संजय शर्मा, आरके गुप्ता, संजय मोदी, छोट्टन, गंगा शर्मा व राजन आदि मौजूद रहे।

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-06-2022

Image

# अपहरण मामले मे याचिका खारिज

बहराइच । विशेष कोर्ट न्यायाधीश, एससीएसटी एक्ट के जज इन्द्र प्रकाश ने अपहरण व दलित उत्पीड़न के मामले में जमानत याचिका खारिज कर दी है। यह मामला जनवरी के प्रथम सप्ताह का है। विशेष लोक अभियोजक राकेश कुमार कश्यप ने बताया कि नवाबगंज थाने के एक गांव निवासी व्यक्ति की 13 वर्षीय बेटी का चार जनवरी को अपहरण हो गया था। इसमें अपहरण व दलित उत्पीड़न की धाराओं में केस दर्ज किया गया था। जिसमें नवाबगंज थाने के रामनगर सेमरा के महादेवा निवासी विनोद वर्मा पुत्र ओमकार सहित कुछ लोग नामजद किए गए।

# धर्म गुरुओं ने शांतिपूर्ण नमाज का आह्वान किया

बहराइच, संवाददाता। कानपुर में जुम्मे की नमाज पर हुए बवाल को लेकर पिछले सप्ताह धर्मगुरुओं से पुलिस ने सम्पर्क साध कर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। डीएम डॉ. दिनेश चंद्र ने पिछले शुक्रवार को शांतिपूर्ण नमाज समन्न होने पर सभी का आभार जताया था। अब प्रशासन एहतियातन शांति समिति की बैठकों के जरिए धर्मगुरुओं के सम्पर्क में है। धर्मगुरुओं ने शांतिपूर्ण ढंग से नमाज पढ़ने व भीड़ न लगाने का आह्वान किया है।

शहर की जामा मस्जिद इमाम व ईदैन इमाम मौलाना वलीउल्लाह मजाहिरी ने अवाम से अपील की है कि शुक्रवार को करीबी मस्जिद में नमाज पढ़कर बाहर भीड न लगाए। किसी धरने में शामिल न होकर सीधे अपनी दुकान या घर जाएं। दरगाह स्थित अंदरूनी शाही मस्जिद के इमाम मौलाना अरशदुल कादरी ने लोगों से अमन चैन से रहने, शांति पूर्ण तरीके से नमाज पढ़ने के बाद सड़क पर भीड़ न लगाने की अपील की है। सालारगंज खसियारी मस्जिद व मदरसा दारूल उलूम पालन मसूदिया मिस्बाहिया के मौलाना मोहम्मद मोइनुद्दीन कादरी ने कहा कि शासन प्रशासन का सहयोग करें। शांति पूर्ण ढंग से नमाज पढ़ने के बाद अनावश्यक रूप से भीड़ न लगाएं।

## प्रशासन ने नमाज को लेकर तैयार किया सुरक्षा प्लान

प्रशासनिक अमला शुक्रवार को नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूर्णतया अलर्ट मूड में है। पिछले शुक्रवार को अपेक्षा इस बार सुरक्षा प्लान में कोई बदलाव नहीं किया गया है। अलबत्ता सुरक्षा कर्मियों की मुस्तैदी नमाज बाद तक नहीं पूर्ण समय रहने के आसार है। विभिन्न जिलों में सेना में भर्ती को अग्निपथ को लेकर विरोध प्रदर्शन को लेकर भी सतर्क है। शहर में दरगाह जेठ मेला अंतिम दौर में है जिसका समापन सोमवार को होना है। जनपद पुलिस के अलावा गोरखपुर जोन से बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद है।

# सख्ती के साथ सीज किए गए नौ डग्गामार वाहन

**अभियान**

**44 वाहनों का यातायात पुलिस ने किया चालान**

- शहर में अतिक्रमण न करने की चेतावनी
- रात में चलने वाले वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगे

बहराइच, संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सुरक्षित यातायात के फरमान पर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान डग्गामार वाहनों पर सख्ती से शिकंजा कसा जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी के निर्देश पर गुरुवार सुबह से यातायात पुलिस ने वाहन चेकिंग की शुरुआत की।

एएसपी सिटी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के मार्गदर्शन व सीओ यातायात विनय कुमार द्विवेदी के पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात आनेंद्र यादव की टीम की ओर से शहर क्षेत्र के विभिन्न चौराहों - तिराहों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट, बिना हेलमेट के वाहन संचालन करते समय मोबाइल फोन या हेडफोन का इस्तेमाल करने वाले वाहनों का चालान किया गया ' बुधवार को सम्पूर्ण दिन चले अभियान में 44 वाहनों से 1.20 लाख रुपए का ऑनलाइन चालान किया गया। नौ अवैध डग्गामार बस, टैम्पो, मैक्स को सीज किया गया।

प्रचार वाहन के माध्यम से आम जनमानस को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट व किसी भी वाहन का संचालन करते समय मोबाइल फोन व हेड फोन का प्रयोग न करने को बताया गया। ई-रिक्शा चालकों को सूर्यास्त होने के पश्चात हेड लाइट का प्रयोग करने व रात में चलने वाले वाहन अपनी गाड़ी में रिफ्लेक्टिव टेप लगाकर चलें। यातायात नियमों का पालन करने को जागरूक किया गया '

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, दहेज हत्या का आरोप

**संसू, रिसिया (बहराइच):** महरथा मौलवी गांव निवासी गुलाम सरवर खां ने बहन की दहेज हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मटेरा थाना क्षेत्र के मौलवी गांव निवासी गुलाम सरवर खां ने तहरीर में उल्लेख किया है कि उसने बहन रहमत जहां की शादी पांच वर्ष पूर्व थाना रिसिया के ग्राम भैसहा शेखापुर निवासी महफूज खां के साथ की थी, लेकिन पति महफूज व सास संतुला व ननद शेरबानो एवं सोनी अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर बहन को प्रताड़ित करते थे। 16 जून को सुबह लगभग 11 बजे उसे सूचना मिली कि बहन ने फांसी लगा ली है। आनन-फानन वह बहन की ससुराल गया तो देखा कि शव चारपाई पर पड़ा है और उसके गले पर काला निशान पड़ा है।

उसने आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि उसकी बहन ने फांसी नहीं लगाई है, बल्कि उसकी हत्या कर दी गई है। मामले में थाना प्रभारी इंद्रजीत यादव ने बताया कि जांच की जा रही है।

# जुमा की नमाज आज, सुरक्षा व्यवस्था चुस्त

## ड्रोन से रखी जाएगी **हर हलचल पर नजर** अफसरों ने लिया धार्मिक स्थलों का जायजा

**जागरण संवाददाता, बहराइच :** पूर्व भाजपा नेता के बयान के बाद विभिन्न जिलों में हुए उग्र प्रदर्शन के मद्देनजर प्रशासनिक अमला शुक्रवार को नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बेहद गंभीर है। जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र व एसपी केशव कुमार चौधरी ने गुरुवार की देर शाम जिला मुख्यालय के धार्मिक स्थलों का भ्रमण कर हालात का जायजा लिया।

शहर को ड्रोन के माध्यम से खंगाला गया। एसपी के आदेश पर सभी थानों में शांति समितियों की बैठकों व धर्म गुरुओं से लगातार संपर्क करने अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ऐसे तत्वों पर कड़ी निगाह रख रही है, जो गड़बड़ी फैला सकते हैं।

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संभ्रांत व्यक्तियों, धर्मगुरुओं, मस्जिदों के इमाम व मौलाना से वार्ता की गई। आपस में प्रेम, सौहार्द बनाए रखने व अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई। इस दौरान सीओ कैसरगंज कमलेश कुमार सिंह व सर्किल के अन्य पुलिस बल मौजूद रहा। शहर में सीओ विनय द्विवेदी व नगर कोतवाल शैलेश कुमार ने ड्रोन के माध्यम से शहर में होने वाली हलचल पर नजर रखते हुए कहा कि पुलिस पूरी तरह सतर्क है। एसपी ने कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।




कैसरगंज थाना में पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते एसपी केशव कुमार चौधरी व मौजूद डीएम डा. दिनेश चंद्र व अन्य अधिकारी ● जागरण

## धर्मगुरुओं से शांति व्यवस्था बनाए रखने में मांगा सहयोग

**संसू, कैसरगंज/बौंडी/खैराबाजार( बहराइच)** : थाना, ग्राम सचिवालय व कालेज परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई कर शांतिपूर्ण ढंग से जुमे की नमाज व त्योहार निपटाने पर जोर दिया गया।

कैसरगंज में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र व विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी रहे। दोनों अधिकारियों ने धर्म गुरुओं से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपेक्षा की। डीएम ने कहा कि पिछले शुक्रवार को जिले में शांतिपूर्ण वातावरण में जुमे की नमाज अदा की गई। इसी प्रकार आगे भी जिला प्रशासन को सहयोग करें।

एसपी ने कहा कि शरारती तत्वों को चिह्नित कर पुलिस का सहयोग करें। पुलिस इंटरनेट मीडिया व अन्य माध्यम से माहौल बिगाड़ने वालों पर नजर रख रही है। बौंडी के खैराबाजार ग्राम सचिवालय व पं. सत्यदेव मणि इंटर कालेज जैतापुर में शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार व संचालन सीओ महसी जेपी त्रिपाठी ने किया।

एएसपी ने कहा कि बकरीद को भाईचारे के साथ मनाएं। सीओ ने कहा कि मोबाइल फोन, संवाद व ज्ञान का यंत्र है। सामाजिक समरसता के संदेश एक-दूसरे को भेजें। यदि किसी ने इंटरनेट मीडिया के जरिए अफवाह फैलाने की कोशिश की तो कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। थानाध्यक्ष गणनाथ प्रसाद ने कहा कि किसी तरह की समस्या होने पर उन्हें सूचना दें।

# प्रत्येक थाने में बनेगा अतिरिक्त शौचालय

**जासं, बहराइच :** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के क्रियान्वयन के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वच्छता समिति की बैठक जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने की।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के तहत ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य कराने के लिए चयनित 54 राजस्व ग्रामों की कार्ययोजना पर चर्चा हुई। 130 ग्रामों को ओडीएफ प्लस माडल ग्राम बनाने, पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के खाते में अवशेष धनराशि को स्टेट नोडल खाते (एसएनए) में भेजते हुए जिले के खाते को बंद करने का निर्णय लिया गया। व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की प्रगति, प्रत्येक थाने में एक अतिरिक्त महिला शौचालय का निर्माण कराए जाने सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा के बाद अनुमोदन प्रदान किया।

# नही चुकाया 22 लाख कर्ज, कुर्क की भूमि

**संसू, बहराइच :** आलादादपुर में 22 लाख रुपये कर्ज की वसूली के लिए नायब तहसीलदार विजय कुमार ने बैंक आफ बड़ौदा शाखा छावनी बाजार के पक्ष में जमीन कुर्क की और गेट पर ताला लगा दिया। संपत्ति मालिक व गारंटर के ऋण की रकम न लौटाने पर भूमि कुर्क करने का आदेश अपर जिला मजिस्ट्रेट मनोज ने पारित किया था।

मोहल्ला नाजीरपुरा पश्चिमी निवासी इरशाद खान और सरोज खान ने बैंक आफ बड़ौदा से अपनी संपत्ति, भूमि और मकान को बंधक रखकर उसे बनवाने के लिए बैंक से ऋण लिया था। थाना फखरपुर के



फखरपुर के मरौचा आलादादपुर में प्लाट सील करते नायब तहसील विजय कुमार व पुलिस प्रसासन ● जागरण

ग्राम आलादादपुर मरौचा के नजदीक ये भूमि लगभग एक बीघा है। गत दो जून को एडीएम ने कब्जा दिलाने का आदेश कैसरगंज तहसील प्रशासन को दिया। इस पर आज नायब तहसीलदार फखरपुर थानाध्यक्ष के साथ कैसरगंज व जरवल रोड पुलिस के साथ पहुंचे और कुर्की की कार्रवाई की।

# प्रधान पति पर ईंटें निकाल कर नाली पाटने का आरोप

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बहराइच।** विकास खंड नवाबगंज की ग्राम पंचायत दुविधापुर के ग्रामीणों ने क्षेत्र के ग्राम प्रधानपति पर नाली की ईंटें निकालकर पाटने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता, सरयू खंड, प्रथम को पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

पत्र में ग्रामीणों ने कहा है कि दुविधापुर स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास बने चकमार्ग के किनारे पक्की नाली का निर्माण कराया गया था। नहर से जुड़ी इस नाली से किसान खेतों की सिंचाई करते आ रहे हैं। इसके अलावा बरसात के समय दुविधापुर का पानी इसी नाली से होकर नहर में गिरता है। ग्रामीणों का आरोप है कि 15 दिन पूर्व क्षेत्र के ग्राम प्रधान के पति सुरेश कुमार ने मनरेगा मजदूरों को लगाकर करीब चार सौ मीटर नाली की ईंटें निकलवाकर निजी प्रयोग में ले लीं।

ग्रामीणों ने विरोध किया तो प्रधान पति मारपीट पर आमादा हो गये। ग्रामीणों का कहना है कि मामले में बीडीओ को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की गई थी, लेकिन कुछ नहीं हुआ। इसके बाद अधिशासी अभियंता, सरयू खंड, प्रथम से जांच कराकर कार्रवाई की मांग की गई है। पत्र सौंपने वालों में रामछबीले, गयाप्रसाद, भग्गूलाल, विंद्रेश कश्यप, राजेश प्रताप सिंह आदि शामिल रहे।

# परिवार की चुप्पी से उलझी दोहरे हत्याकांड की गुत्थी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** बहादुरपुर गांव में हुए दोहरे हत्याकांड के तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ कोई अहम सुराग नहीं लग सका है। जांच के दौरान परिवारीजनों की चुप्पी पूरे मामले को उलझा रही है। परिवारीजनों के चुप्पी के बावजूद भी पुलिस अपने आधुनिक सिस्टम के जरिए खुलासा करने में लगी हुई है।

**तीन दिन बाद भी पुलिस को नहीं मिला सुराग**

माना जा रहा है कि अगर परिवारीजन अपनी चुप्पी तोड़कर कुछ बातें बता दे तो पुलिस हत्यारों तक बहुत जल्द पहुंच सकती है। फिलहाल, पुलिस का दावा है कि जल्द ही दोहरे हत्याकांड का खुलासा किया जाएगा। देहात कोतवाली क्षेत्र के बहादुर गांव में मंगलवार की सुबह अब्दुल गनी (65) व पत्नी चुनमुनिया (62) की अज्ञात हत्यारों ने धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। हत्या इतनी बेरहमी से की गई कि पंजे को काटकर सिर के पास रख दिया गया। एसपी ने घटना स्थल का निरीक्षण कर परिवारीजनों से वार्ता की, लेकिन परिवारीजनों ने कोई भी रंजिश या विवाद होने की बात से इंकार कर दिया। परिवारीजनों की चुप्पी के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं।

चौक-चौराहों पर लोग यह भी चर्चा कर रहे हैं कि जिस तरह से बेरहमी से हत्या की गई है। इससे प्रतीत हो रहा कि कोई पुरानी रंजिश या किसी बात से क्रोधित होकर वारदात को अंजाम दिया गया है। चर्चा के दौरान तो कुछ लोग परिवार के लोगों की चुप्पी को भी कोश रहे हैं कि मां-बाप के हत्यारों को पकड़वाने में परिवार के लोग चुप क्यों बैठे हैं? ऐसे कई सवाल उठ रहे हैं जिनका पुलिस भी अपनी छानबीन में पड़ताल कर रही है। देहात कोतवाल सत्येंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि परिवार के लोग रंजिश व विवाद न होने की बात कह रहे हैं। जांच की जा रही है। जल्द खुलासा किया जाएगा।

# जुमे को लेकर अलर्ट तैनात रहेंगे जवान




कैसरगंज कोतवाली में शांति समिति की बैठक में मौजूद डीएम व एसपी। -संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** कानपुर व प्रयागराज समेत अन्य जिलों में जुमे की नमाज के बाद हुए बवाल को देखते हुए जिला व पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। नमाज को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए धर्मगुरुओं के साथ कई बार बैठक कर शांति की अपील की जा चुकी है।

साथ ही सुरक्षा के मद्देनजर शुक्रवार को पूरा जिला छावनी में तब्दील रहेगा। अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में पीएसी जवानों के साथ भारी संख्या में फोर्स भी तैनात रहेगी। डीएम डॉ. दिनेश चंद्र व एसपी केशव चौधरी ने धर्मगुरुओं के साथ बैठक में अपील की है कि शांतिपूर्ण ढंग से जुमे की नमाज अदा कर लोग अपने घर चले जाएं। किसी के बहकावे में

## धर्मगुरुओं संग बैठक कर की जा चुकी शांति की अपील

बिल्कुल न आएं। एसपी ने कहा कि शरारती तत्वों पर नजर रखें। उन्हें चिन्हित कर पुलिस को सूचना दें। उन्होंने यह भी बताया कि सोशल मीडिया के जरिए माहौल खराब करने वालों पर निगाह रखी जा रही है।

एसपी ने बताया कि जुमे की नमाज के मौके पर शुक्रवार को दो कंपनी पीएसी के जवान सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालेंगे। एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार ने भी नानपारा, हरदी, बौंडी व नवाबगंज समेत अन्य जगहों पर शांति समिति की बैठक की। अपील की कि शांतिपूर्ण ढंग से नमाज अदाकर भाईचारे की मिसाल पेश करें।

# 149 लीटर कच्ची शराब बरामद, दो गिरफ्तार



**गायघाट (बहराइच)।** राजापुर कतर्निया गांव स्थित एक घर में कच्ची शराब बनने की सूचना पर पुलिस ने छापा मारा। इस दौरान कच्ची शराब बनाते दो लोगों को पुलिस ने दबोच लिया। 149 लीटर कच्ची शराब व उपकरण भी बरामद हुए। पकड़े गये दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।

मोतीपुर थानाध्यक्ष मुकेश सिंह ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर राजापुर कतर्निया गांव में आबादी के बीच स्थित एक घर पर छापा मारा। इस दौरान दो लोगों को कच्ची शराब बनाते हुए पकड़ा गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मौके से भट्ठी, शराब बनाने के उपकरण, एक ड्रम, पतीला, नलकी व चार पोटली, एक किलो यूरिया, एक किलो नौसादर, प्लास्टिक की दो बोतलों में अपमिश्रित शराब, 149 लीटर कच्ची शराब व पांच लीटर लहन बरामद हुई। थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद लहन मौके पर ही नष्ट कर दी गई। पकड़े गए लोगों की पहचान राजापुर कतर्निया गांव निवासी रंगीलाल व जनार्दन के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है। संवाद

# नेपाल में महंगा हुआ तेल तो रुपईडीहा में लगी लाइन



रुपईडीहा स्थित पेट्रोल पंप पर लगीं वाहनों की कतारें। -संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

## रुपईडीहा के पेट्रोल पंपों पर इन दिनों खूब आ रहे नेपाल के लोग

**रुपईडीहा (बहराइच)।** पड़ोसी देश नेपाल में इन दिनों पेट्रोल की कीमतें आसमान छू रही हैं। नेपाल में भारतीय मुद्रा के हिसाब से 112 रुपये प्रति लीटर पर पेट्रोल मिल रहा है।

इसके चलते भारत-नेपाल बॉर्डर पर स्थित रुपईडीहा के पेट्रोल पंपों पर नेपाली वाहनों का जमावड़ा देखने को मिल रहा है। नतीजा यह है कि रुपईडीहा कस्बा के स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है। उन्हें पेट्रोल के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। इस समय रुपईडीहा में पेट्रोल करीब 97 रुपये प्रति लीटर की दर से बिक रहा है। वहीं, नेपाल में कीमत नेपाली मुद्रा में 178 रुपये प्रति लीटर (112 भारतीय रुपये) हो गई है। इस वजह से नेपाल के सीमावर्ती जिला बांके व अन्य जगहों के नेपाली नागरिक पेट्रोल के लिए रुपईडीहा का रुख कर रहे हैं।

नेपाली मोटरसाइकिलों की भीड़ अधिक होने के कारण स्थानीय उपभोक्ताओं को घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है। उनका कहना है कि रुपईडीहा के बंद पड़े पेट्रोल पंपों का संचालन भी शुरू करवाया जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# कोर्ट की जमीन पर हो रहा अवैध निर्माण रोका

## न्यायालय भवन की जमीन पर बिल्डरों का कारनामा सामने आने के बाद प्रशासन सख्त, नक्शा पास कराना तो दूर एनओसी तक नहीं ली

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** लखनऊ-बहराइच हाईवे पर जिला न्यायालय भवन के निर्माण के लिए निर्धारित जमीन पर हो रही प्लॉटिंग को जिला प्रशासन ने अवैध माना है। अमर उजाला में खबर प्रकाशित होने के बाद [illegible] को डीएम ने सख्त तेवर दिखाए। उनके आदेश पर महसी के तहसीलदार ने मौके पर जाकर निर्माण कार्य रुकवा दिया।

साथ ही इस भूमि से जुड़े दोनों थानों के एसएचओ को निगरानी रखने का आदेश भी दिया है ताकि निर्माण फिर शुरू न होने पाए। अफसरों ने बताया कि नक्शा तो दूर बिल्डरों ने किसी भी विभाग से एनओसी तक नहीं ली थी। इसी वजह से सदर व महसी के तहसीलदार को इस संबंध में भी कार्रवाई के निर्देश दिए गये हैं। बता दें कि यह जमीन दोनों तहसील क्षेत्रों में पड़ती है।

अफसरों ने बताया कि अवैध निर्माण ध्वस्त करने की तैयारी भी की जा रही है। लखनऊ-बहराइच हाईवे पर स्थित इस जमीन के एक हिस्से पर जिला न्यायालय का भवन बनाया जाना प्रस्तावित है। अभी अधिग्रहण की प्रक्रिया चल ही रही थी कि बिल्डरों पर इसी जमीन पर प्लॉटिंग और निर्माण करने में लग गये। अमर उजाला में खबर प्रकाशित होने के बाद सिटी मजिस्ट्रेट ने कड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने रामगांव और देहात कोतवाली के एसएचओ को निर्देश दिया है कि तत्काल निर्माण कार्य पर रोक लगाई जाए। यही निर्देश दोनों तहसीलों के तहसीलदारों को भी दिया गया है। सिटी मजिस्ट्रेट ज्योति राय ने बताया कि आरबीओ की ओर से कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है। इसके बाद ध्वस्तीकरण की भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जब फाइलों का अवलोकन किया गया तो विनियमित क्षेत्र से नक्शा भी पास नहीं पाया गया। यही नहीं तहसील से भी किसी प्रकार की एनओसी नहीं ली गई है। बिना तहसील की एनओसी के नक्शा पास नहीं हो सकता। रेरा से अनुमोदित होने का मतलब यह नहीं है कि बिना नक्शा पास कराए प्लॉटिंग या निर्माण शुरू कर दिया जाए। बताते चलें कि इस जमीन का क्षेत्रफल 35 हेक्टेयर है। शासन के निर्देश पर 14.493 हेक्टेयर जमीन जिला न्यायालय बनाने के लिए अधिग्रहीत की जानी थी। प्रक्रिया संपन्न हो चुकी थी। कुछ औपचारिकताएं ही बची थीं। इसी बीच बिल्डरों ने प्लॉटिंग व निर्माण शुरू करा दिया। महसी के तहसीलदार विपुल सिंह ने डीएम को प्रकरण से अवगत कराया जिसके बाद कार्रवाई शुरू हुई।





बिल्डरों का कारनामा सामने आने के बाद लखनऊ-बहराइच मार्ग स्थित साइट पर रोका गया निर्माण कार्य। कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाने के लिए डाला गया हैवी पिलर का ढांचा (दाएं)। -संवाद



अमर उजाला में प्रकाशित खबर। -संवाद

■ ***अवैध प्लॉटिंग करने वालों में हड़कंप :*** अमर उजाला में खबर प्रकाशित होने के बाद जिला प्रशासन की ओर से शुरू की कार्रवाई के बाद शहर में अवैध प्लॉटिंग करने वालों में हड़कंप मच है। जिला प्रशासन ने अवैध प्लॉटिंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। यही नहीं सिटी मजिस्ट्रेट ने शहरभर में हो रही अवैध प्लॉटिंग की जांच की तैयारी भी शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि जल्द ही अवैध प्लॉटिंग पर कार्रवाई को लेकर अभियान चलाया जाएगा।

■ ***लटकी कार्रवाई की तलवार तो जेई पहुंचे साहब के दरबार :*** पूरे प्रकरण में जेई की लापरवाही सामने आने के बाद जिलाधिकारी ने कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। चर्चा है कि कार्रवाई की तलवार लटकती देख जेई राजधानी में एक बड़े साहब के दरबार में पहुंच चुके हैं। माना जा रहा है कि तथ्यात्मक लापरवाही की पुष्टि होने पर कार्रवाई तय है।

■ ***जांच में सामने आया कारनामा :*** सिटी मजिस्ट्रेट की जांच और मौके की गई तस्वीरों को देखकर लगता है कि यहां पर बड़े-बड़े कॉम्प्लेक्स बनने जा रहे थे। इसके अलावा कई भवनों का निर्माण भी शुरू हो गया था। प्रशासन ने सभी तरह के निर्माण कार्यों पर रोक लगाते हुए ध्वस्तीकरण की तैयारी शुरू कर दी है।

# SHRAWASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-06-2022

# ठग गिरोह का खुलासा दिल्ली के दो आरोपी बंदी

- फिंगर प्रिंट का क्लोन बनाकर दूसरों के खाते से रुपए निकालते थे
- ग्राहक सेवा केन्द्र की फर्जी आईडी बनाकर करते थे अपराध

श्रावस्ती, संवाददाता। श्रावस्ती पुलिस को गुरुवार को एक बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने खाता धारकों के फिंगर प्रिंट का क्लोन बनाकर फर्जी तरीके से रुपए निकालने वाले गिरोह का खुलासा किया। साथ ही गिरोह के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। दोनो आरोपी दिल्ली के रहने वाले हैं।

कोतवाली भिनगा के अकबरपुर निवासी जिलेदार पुत्र पाटेश्वरी व गजोबरी निवासी फूलमता पत्नी कुंबर बहादुर ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर शिकायत की थी कि उनके खाते से एक लाख आठ हजार व एक लाख 10 हजार रुपए फर्जी निकाल लिया गया है। प्रकरण को संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने कोतवाली भिनगा में मामला दर्ज कराकर साइबर टीम, सर्विलांस टीम व एसओजी की संयुक्त टीम बनाकर मामले का अनावरण करने का निर्देश दिया। टीम ने मामले का अनावरण करते हुए गुरुवार को मोहनलाल पुत्र सतीशचन्द्र निवासी ए-49 राजीव नगर एक्सटेन्शन बेगमपुर रोहिणी दिल्ली व आशीष उर्फ आशू यादव पुत्र दिनेश यादव निवासी मकान नंबर 132, गांव बेगमपुर थाना बेगमपुर रोहिणी दिल्ली को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। मामले का खुलासा करते हुए एसपी अरविन्द कुमार मौर्य ने बताया कि आरोपी फर्जी दस्तावेजों का उपयोग कर ग्राहक सेवा केन्द्र की फर्जी आईडी बनाते थे। इसके बाद लोगों के फिगंरप्रिंट का क्लोन बनाकर जालसाजी कर पैसों की निकासी करते थे। गिरोह की ओर से लगभग 40 लाख रुपये की ठगी की गयी है। गिरोह के सदस्यों के खाते को डेबिट फ्रिज की कार्रवाई की गई है।

# 30 तक जिले में लागू हुई धारा 144

श्रावस्ती। अपर जिलाधिकारी कमलेश चंद्र ने बताया कि आगामी त्योहारों को देखते हुए जिले में 30 जुलाई तक धारा 144 लागू की गई है। इस दौरान चार से अधिक लोग इकट्ठे नहीं हो सकेंगे और न ही किसी प्रकार के हथियार को लेकर आ जा सकेंगे। जनपद श्रावस्ती की सीमा में रहने वाले तथा प्रवेश करने वाले व्यक्तियों पर यह आदेश 16 जून से 30 जुलाई तक प्रभावी रहेगा।

# मारपीट में जमानत याचिका खारिज

बहराइच। विशेष कोर्ट न्यायाधीश, एससीएसटी एक्ट के जज इन्द्र प्रकाश ने बलवा, घर में घुसकर मारपीट, धोखाधड़ी व दलित उत्पीड़न के मामले में जमानत याचिका खारिज कर दी है। यह मामला जनवरी 2021 का है।

विशेष लोक अभियोजक राकेश कुमार कश्यप ने बताया कि विशेश्वरगंज थाने के कंछर गांव निवासी कमला प्रसाद के साथ 16 जनवरी 2021 को मारपीट की वारदात हुई थी। पीड़ित के मुताबिक वह अपना घर बना रहा था। हमलावर कंछर निवासी श्याम नारायण उर्फ रामू ने उसे मारा पीटा। उसकी भूमि को अपनी भूमि बता रहा था।

# ठगों के गिरोह का पर्दाफाश, दो धरे

## फिंगर प्रिंट का क्लोन बनाकर खाते से निकाल लिया था पैसा

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** गजोबरी रमखड़वा व सेमरा अकबरपुर निवासी खाताधारक के खाते से रुपये निकाल लिए गए थे। जिसकी शिकायत के बाद एसपी द्वारा कोतवाली पुलिस को साइबर सेल, सर्विलांस सेल व एसओजी के साथ मिलकर घटना का खुलासा करने का निर्देश दिया गया था। मामले में संयुक्त टीम द्वारा दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जबकि सरगना पहले से ही एक अन्य मामले में जेल में निरुद्ध है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से तीन मोबाइल, तीन हार्ड डिस्क, दो सीपीयू, दो फिंगर प्रिंट स्कैनर मशीन, दो पेन ड्राइव, एक वेबकैम, एक वाईफाई राउटर बरामद हुआ है।

घटनाक्रम के मुताबिक भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सेमरा अकबरपुर निवासी जिलेदार व गजोबरी रमखड़वा निवासिनी फूलमता ने एसपी अरविंद कुमार मौर्य से मिल कर एक शिकायती पत्र सौंपा था। जिसमें जलिदार ने अपने खाते से 1,08,000 हजार रुपये तथा फूलमता के खाते से 1,10,000 रुपये फर्जी तरीके से निकालने का आरोप लगाया गया था।

### इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद सरगना पहले से ही जेल में बंद



ठग गिरोह का पर्दाफाश करते एसपी व पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गये ठग। -संवाद

इस बारे में भिनगा कोतवाली में अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर एसपी ने साइबर सेल, सर्विलांस व एसओजी के साथ भिनगा कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम को लगाया था। टीम द्वारा ठगी करने वाले गैंग के दो शातिरों को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। जबकि सरगना प्रशांत उर्फ रोहित शर्मा निवासी 1596 वी जैन नगर करवल थाना बेगमपुर रोहिणी दिल्ली को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। जो मौजूदा समय डासना जेल गाजियाबाद मे निरुद्ध है। जबकि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दिल्ली के ए-49 राजीव नगर एक्सटेंशन बेगमपुर रोहिणी निवासी मोहनलाल व मकान नंबर 132 गांव व थाना बेगमपुर रोहिणी दिल्ली निवासी आशीष उर्फ आशू यादव के रूप में हुई।

इस बारे में एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों द्वारा फर्जी दस्तावेजों का उपयोग कर ग्राहक सेवा केंद्र की फर्जी आईडी बनाकर एवं लोगों के फिगंर प्रिंट का क्लोन बनाकर जालसाजी कर पैसों की निकासी की जाती है। इस पैसों को गैंग के सभी सदस्य आपस में बांट कर अपने अपने व्यक्तिगत शौक को पूरा करने में खर्च करते हैं। इस गिरोह द्वारा करीब 40 लाख रुपये की ठगी की गई है। जिनके कब्जे से आवश्यक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर जेल भेजा गया है।